CMYK

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 22°C

# शाह टाइम्स

www.shahtimesnews.com

मुजफ्फरनगर, सोमवार 8 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 140 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 | 21 जिलहिज्जा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने राम मंदिर में चढ़ावे की रकम को लेकर उठाए गंभीर सवाल पेज 2



मुल्लांपुर टेस्ट: भारत ने कसा अफगानिस्तान पर शिकंजा खेल टाइम्स



गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर सम्पादकीय



उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती, परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे पेज 12

## रसोई गैस ने दिया एक और महंगाई का झटका

# LPG सिलेंडर ₹29 महंगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिल्ली में अब 942 रुपये में मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर
- तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई
- तीन महीने में कुल 89 रुपये बढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर 29 रुपये महंगा हो गया है। नई दरें रविवार रात 12 बजे से लागू हो गई हैं। दिल्ली में अब 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर 913 से बढ़कर 942 रुपये का हो गया है। तीन महीने में दूसरी बार एलपीजी की कीमत बढ़ाई गई है। इससे पहले 7 मार्च को एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 बढ़ाए गए थे। इस तरह 3 महीने के अंदर घरेलू सिलेंडर 89 रुपये महंगा हो गया है।

सूत्रों के अनुसार, तेल कंपनियों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ी ऊर्जा लागत और घरेलू बिक्री पर नुकसान के कारण कीमतें बढ़ानी पड़ी हैं। इस बीच सरकार का कहना है कि दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत पड़ोसी देशों और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसी एडवांस इकोनॉमी के मुकाबले काफी कम है। वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है और इसे आम उपभोक्ताओं पर पास-ऑन नहीं होने दिया गया है। भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई हैं। इसके बावजूद सरकार घरेलू एलपीजी की कीमतों को नियंत्रित रखती है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को हर साल रिफिलिंग पर प्रति सिलेंडर 300 रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी सीधे बैंक खाते में मिलती है। यह छूट साल के पहले 4 सिलेंडरों पर लागू होती है, जिससे उन्हें एक सिलेंडर प्रभावी रूप से 642 रुपये का पड़ता है। भारत में 10.58 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला कनेक्शन हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद भारत में एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई लागत (कास्ट टू सप्लाई) 1,600 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। इसका मतलब है कि सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर-रिकवरी (नुकसान) हो रही है। इस अंडर-रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की ऑयल मार्केटिंग कंपनियां झेल रही हैं, जिसकी आंशिक भरपाई सरकार द्वारा की जाती है। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक घरेलू एलपीजी पर कुल अंडर-रिकवरी बढ़कर 60,000 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 41,338 करोड़ रुपये थी।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के तीन विमानों से भिड़े ग्राउंड सपोर्ट उपकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को तीन विमानों के क्षतिग्रस्त होने से हड़कंप मच गया। दरअसल, हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर खड़े एयर इंडिया के तीन विमानों को ग्राउंट सपोर्ट उपकरणों ने टक्कर मार दी।

यह घटना तेज हवा और बारिश के चलते हुई। यह जानकारी हवाईअड्डे के संचालक ने दी। संचालक के अनुसार, टक्कर के बाद तीनों विमानों को परिचालन से बाहर कर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि अचानक खराब मौसम के कारण एयर इंडिया इंजीनियरिंग और इंडिगो के ग्राउंड सपोर्ट उपकरण अपनी जगह से खिसक गए और टर्मिनल-2 पर खड़े विमानों से टकरा गए। संचालक ने यह भी कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने मौसम में बदलाव को लेकर हवाईअड्डा संचालक या एयरलाइंस को कोई चेतावनी जारी नहीं की थी। वहीं, इस घटना पर एयर इंडिया ने कोई टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। हालांकि, एयरलाइन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि एयर इंडिया के तीन विमानों के अलावा अन्य एयरलाइंस के कुछ विमान भी खराब मौसम की वजह से प्रभावित हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रभावित तीन विमानों में से दो जल्द ही दोबारा परिचालन में लौट आएंगे, जबकि तीसरे विमान की मरम्मत में थोड़ा ज्यादा समय लगेगा। राजधानी दिल्ली में रविवार को अचानक से मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिन भर की कड़ी धूप के बाद अचानक से शाम को बारिश देखने को मिली। बारिश खासतौर पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के इलाकों में हुई। इन इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया। सिंगापुर से विजयवाड़ा आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते समय एक पक्षी से टकरा गई। इसकी वजह से लगभग एक घंटे की देरी की बात सामने आई है। विजयवाड़ा अंतर्राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी श्रीहरि ने बताया कि घटना के बाद इंजीनियरिंग टीम द्वारा विमान का विस्तृत तकनीकी निरीक्षण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का निधन



**कोच्चि।** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का शनिवार देर रात यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 56 वर्ष के थे। अमृता हॉस्पिटल के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सलीम कुमार को शनिवार को बुखार और सांस लेने में तकलीफ एवं अन्य स्वास्थ्य जटिलताओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका गहन इलाज के बावजूद दिल का दौरा पड़ने से देर रात 10:43 बजे निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुनीता और दो बेटे, चंदू और आरोमल हैं। उनके पार्थिव शरीर को रविवार सुबह से अंतिम संस्कार से पहले लोगों के श्रद्धांजलि देने के लिए पारवूर टाउन हॉल में रखा जाएगा।

### बागपत में तैनात घूसखोर डीएसओ व एआरओ निलंबित

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में तैनात रहे जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अनूप तिवारी और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी (एआरओ) जोगेंद्र सिंह को आठ दिन पूर्व हुए रिश्वत प्रकरण मामले में शासन ने दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। दरअसल, पिलाना ब्लॉक के ग्राम बुढ़सैनी निवासी राशन डीलर नरेंद्र सिंह से खाद्यान्न वितरण के कमीशन के नाम पर 29 मई को जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी ने 40 हजार और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने 10 हजार रुपये लिए थे। उसी समय विजिलेंस की टीम ने छापामारी कर डीएसओ को कार्यालय से ही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया था, जबकि एआरओ टीम हापुड़ जनपद के ग्राम निजामपुर स्थित एक ढाबे से गिरफ्तार कर लिया था।

### इंडिया गठबंधन की बैठक आज, शामिल होंगे 23 दल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की सोमवार (आज) को यहां होने वाली बैठक में 23 दलों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यहां कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित इस बैठक में इंडिया गठबंधन के 23 दल शामिल हो रहे हैं।

## सरकार ने ट्रेलर देखा कॉकरोच क्या कर सकते हैं, लेकिन बात खत्म नहीं हुई: अभिजीत

छत्रपति संभाजीनगर, वार्ता




- आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते

**कॉकरोच जनता पार्टी** (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर उनका आंदोलन तब तक नहीं रुकेगा, जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते।'

दीपके ने कहा कि शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काफी सफल रहा। 7,000 लोगों ने हिस्सा लिया। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन ने सरकार को एक ट्रेलर दिखाया है। बात अभी खत्म नहीं हुई है। अब यह आंदोलन पूरे देश में किया जाएगा। सीजेपी फाउंडर रविवार सुबह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के वालुज इलाके में अपने घर पहुंचे, जहां उनके परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। अभिजीत ने घर पहुंचने के बाद अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि वे इंस्टाग्राम लाइव पर फालोअर्स को संबोधित करेंगे। संबोधन कब होगा, यह नहीं बताया है। जब तक हम आवाज नहीं उठाएंगे तब तक परिवर्तन नहीं हो सकता। धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी पीढ़ी के साथ अन्याय किया है। वे अगर इस्तीफा नहीं देते, तो 13 जून को फिर प्रदर्शन होगा।

## टीएमसी नेता का सिर मुंडवाया, जूते की माला पहनाकर परेड निकाली



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने के बाद टीएमसी नेताओं के खिलाफ लोगों का गुस्सा सामने आ रहा है। कोलकाता में रविवार को गिरफ्तार टीएमसी पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को कोर्ट ले जाते समय लोगों ने उनकी गाड़ी पर अंडे फेंके। वहीं, सोशल मीडिया पर दो और वीडियो वायरल हैं। भाजपा ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें पुलिस से बचने के लिए एक नेता साड़ियों के नीचे छिपा मिला। दूसरा वीडियो हावड़ा का है। इसमें कट मनी वसूल करने वाले एक नेता का लोगों ने पहले सिर मुंडवाया। फिर जूते-चप्पल की माला पहनाकर उसकी परेड निकाली। ये वीडियो भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भी एक्स पर शेयर किए हैं। हावड़ा के अमरदाहा गांव में ग्रामीणों ने टीएमसी नेता सन्यासी मन्ना का सिर मुंडवाकर उन्हें जूतों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। ग्रामीणों का आरोप है कि वह सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे वसूलता था।

### मानसून महाराष्ट्र समेत 12 राज्यों में पहुंचा

**नई दिल्ली।** मानसून रविवार को चार और राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश में पहुंच गया। महाराष्ट्र में मानसून केवल दक्षिण कोंकण तक बढ़ा। इसके चलते 9 जून तक सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी में भारी बारिश हो सकती है। हालांकि अगले हफ्ते तक राज्य में बारिश का पैटर्न कमजोर रहने का अनुमान है। मानसून के कारण केरलम, कर्नाटक, गोवा और तमिलनाडु में कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। हालांकि चेन्नई में लगातार 5वें दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस का आंकड़ा पार कर गया। देश में गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में प्री-मानसून बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश समेत नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में शनिवार को तेज बारिश हुई।

## बांग्लादेश लौटने के लिए खुद सामने आ रहे अवैध प्रवासी

- बंगाल में रोज 200-300 लोगों का वेरिफिकेशन
- बॉर्डर पर दोनों देशों में एक जैसा तनाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की हकीमपुर चेकपोस्ट पर इन दिनों अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की भीड़ जुट रही है।

ये लोग खुद अपनी पहचान बताकर बांग्लादेश लौटने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) उन्हें सीधे सीमा पार भेजने के बजाय बायोमीट्रिक और अन्य पहचान पत्र लेकर बंगाल में बनाए गए होल्डिंग सेंटरों में भेज रही है। हकीमपुर बॉर्डर पर वेरिफिकेशन सेंटर पर रोजाना करीब 200 से 300 लोग वेरिफिकेशन के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से कई लोग सालों पहले अवैध रूप से भारत आए थे और अब बदलते हालात के बीच अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। कई लोगों के पास भारतीय दस्तावेज हैं, लेकिन बांग्लादेशी पहचान संबंधी कागजात नहीं हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहली बार ऐसी स्थिति बनी है जब अवैध प्रवासियों को तलाशने की जरूरत नहीं पड़ रही। लोग खुद वेरिफिकेशन कराने और अपनी पहचान दर्ज कराने के लिए चेकपोस्ट पर पहुंच रहे हैं। सुबह से शाम तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और वेरिफिकेशन में काफी समय लग रहा है।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे पहले टेलीग्राम पर शेयर हुआ क्यूआर कोड

**लखनऊ।** यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2026 शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अभ्यर्थियों को ठगने की बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम पर फर्जी चैनल बनाकर कुछ शातिर लोग परीक्षा का कथित असली प्रश्नपत्र बेचने का दावा कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करते हुए लखनऊ के हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार टेलीग्राम पर यूपीपी एग्जाम पेपर नाम से संचालित एक फर्जी चैनल पर अभ्यर्थियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की जा रही थी कि पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो चुका है।

### सरकार जनता को राहत देने में नाकाम: टीएमसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भी सिलेंडर के दामों में वृद्धि के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि वैश्विक संकटों का पूरा बोझ आम लोगों पर डाला जा रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार भविष्य की चुनौतियों के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाती और हर बार कीमतों का भार सीधे जनता पर डाल देती है। टीएमसी ने कहा कि अमीरों के लिए यह मामूली बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन करोड़ों परिवारों के लिए यह घरेलू बजट पर बड़ा झटका है। विशेषज्ञों के मुताबिक ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी की प्रमुख वजह मिडिल ईस्ट में जारी तनाव है। फरवरी के अंत में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा आज से, चलेंगी अतिरिक्त बसें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रदेशभर में कराई जा रही है। इसमें 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होने की उम्मीद है। ऐसे में अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की है।

परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने सुरक्षित आवागमन व सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रोडवेज के प्रबंध निदेशक पीएन सिंह को क्षेत्रीय प्रबंधकों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को विशेष निर्देश जारी करने को कहा है। मंडल व जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। जो जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। प्रमुख बस स्टेशनों पर परीक्षा सहायता डेस्क स्थापित किए जाएंगे।



■ 28 लाख अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना

यहां अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन व आवश्यक जानकारी मिलेगी। परीक्षा केंद्रों तक पहुंच के लिए बसों का अस्थायी रूट डायवर्जन व अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन राज्यमंत्री ने निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में बसें, चालक और परिचालक उपलब्ध कराए जाएं। चालकों और परिचालकों को परीक्षार्थियों के प्रति संवेदनशील व सहयोगात्मक व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं। बसों की उपलब्धता और संचालन की निगरानी वीएलटीडी और जीपीएस प्रणाली से वास्तविक समय में होगी। सभी बस स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली सक्रिय रहेगी। साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन और अन्य यात्री सुविधाएं चौबीसों घंटे उपलब्ध होंगी। सभी बसें तकनीकी रूप से सुचारु और सुरक्षित अवस्था में संचालित होंगी। प्रत्येक बस में अग्निशमन यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, अतिरिक्त पहिया व आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मार्गों पर प्रवर्तन दल लगातार सक्रिय रहेंगे। सभी डीजल पंप चौबीसों घंटे संचालित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। परिवहन राज्यमंत्री ने अभ्यर्थियों से यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

### नवीं-दसवीं में तीसरी भाषा शामिल करने का फैसला वापस हो: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** शिक्षा संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नवीं-दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में तीसरी भाषा को शामिल करने के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने इस फैसले को 'मनमाना और अनियोजित' बताया है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। रमेश ने बताया कि सिंह ने प्रधानमंत्री से इस कदम के खिलाफ दखल देने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले को स्थापित शैक्षणिक योजना के मानकों का उल्लंघन कर और सीबीएसई की प्रबंधकीय निकाय के पहले ही लिए जा चुके निर्णयों के विपरीत लागू किया गया है।

# रसोई गैस दर बढ़ाकर जनता को लूट रही है सरकार: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाने को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा है कि वह अब रसोई गैस के बहाने जनता को लूट रही है और 12 साल में उसने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 530 रुपये की वृद्धि की है। खड़गे ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मोदी सरकार ने पिछले चार महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दामों में 89 रुपये की बढ़ोतरी की है। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर 41 देशों से ईंधन विविधीकरण (फ्यूल डाइवर्सिफिकेशन) की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी एलपीजी की किल्लत बनी हुई है। उन्होंने सवाल किया कि 2025-26 में उज्ज्वला योजना के 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक बार या एक भी बार रिफिल नहीं कराया। इनमें से 3.30 करोड़ परिवारों ने तो

■ मोदी सरकार ने चार महीनों में घरेलू सिलेंडरों के दामो में 89 रुपये बढ़ाए



एक भी सिलेंडर रिफिल नहीं लिया। उन्होंने पूछा कि क्या यह स्थिति सरकार की नीतियों और बढ़ती कीमतों का परिणाम नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेता और मोदी पहले महंगाई के मुद्दे पर यूपीए सरकार को घेरते थे, लेकिन अब घरेलू एलपीजी की कीमतों में लगातार वृद्धि के बावजूद भाजपा के नेता चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो नेता पहले महंगाई के विरोध में सिलेंडर लेकर सड़कों पर बैठते थे, वे अब विरोध क्यों नहीं कर रहे हैं। खड़गे ने कहा कि बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की ऊंची कीमतों का सबसे अधिक असर गरीब तथा मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है और सरकार को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए।

# दिल्ली-एनसीआर में रहेगा फिलहाल गर्मी का सितम

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली- एनसीआर के लोगों को अभी कुछ दिन और गर्मी और तपिश झेलना पड़ेगा। मौसम विभाग की तरफ से संभावना जताई गई है कि 25 से 30 जून के बीच मानसून दिल्ली पहुंच सकता है। रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

हाल ही में बारिश के चलते दिल्ली-एनसीआर में लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन एक बार फिर झुलसा देने वाली गर्मी जीना दुश्वार कर सकती है। वहीं 8 जून को मौसम के और भी गर्म होने की संभावना जताई गई है। इस दिन दिल्ली में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जा सकता है। इसके बाद 9, 10 और 11 जून को दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री

■ मौसम विभाग ने 25 से 30 जून तक मानसून पहुंचने की जताई उम्मीद

सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 152 अंक दर्ज किया गया। दिल्ली के इलाकों की बात करें, तो आनंद विहार में 276, आया नगर में 138, बवाना में 146, चांदनी चौक में 131, डीटीयू में 126, इहबास दिलशाद गार्डन में 150, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम क्षेत्र में 156, एनएसआईटी द्वारका में 161, डीयू नॉर्थ कैंपस में 152, पटपड़गंज में 174, आरके पुरम में 153, सिरीफोर्ट में 163 और वजीरपुर में एक्यूआई 208 दर्ज किया गया।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने की कोर्ट से जांच की मांग

# राम मंदिर के चढ़ावे पर उठाए गंभीर सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब होने का सनसनीखेज बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए।

उन्होंने सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पाई गई है।



■ चढ़ावे की रकम में करोड़ों रुपये गायब पाए गए, जो भगवान राम के उपासकों के लिए बेहद संवेदनशील है

ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफ़ाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है, क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। उनके इस बयान से लोग हैरान हैं और सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं अभी तक ट्रस्ट की तरफ से कुछ भी नहीं कहा गया है।

### महंगाई से टूटी जनता की कमर: आप

आम आदमी पार्टी (आप) ने भी गैस सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। पार्टी ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता पर यह एक और बड़ा बोझ है। आप के मुताबिक तीन महीने के भीतर दूसरी बार सिलेंडर महंगा किया गया है, जिससे घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ेगा और आम परिवारों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर 942 रुपये का हो गया है। महंगाई ने पहले ही जनता की कमर तोड़ दी है।

### रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ: सपा गैस सिलेंडर 29 रुपये हुआ महंगा

**लखनऊ।** देशभर में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 29 रुपए तक की वृद्धि पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शायराना अंदाज में सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि रोटी के महंगे होने से थाली गई रूठ, बीजेपी से अब तो हर आस गई टूट। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से पोस्ट किया कि महंगाई मैन मोदी का चाबुक फिर चला है। अब घरेलू गैस सिलेंडर 29 रुपए महंगा कर दिया गया। पीएम मोदी का फंडा साफ है- जनता से वसूली करो, अमीर दोस्त की तिजोरी भरो। बता दें कि सरकारी तेल कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमत में 29 रुपए की वृद्धि की है। इसके साथ ही दिल्ली में सिलेंडर की कीमत 913 रुपए से बढ़कर 942 रुपए हो गई है।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



# शेयर बाजार पर दिखेगा जीडीपी के आंकड़ों का असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर दिखेगा। जीडीपी के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे, इसलिए इनका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। वित्त वर्ष 2026.27 में जीडीपी की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जबकि चौथी तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके अलावा निवेशकों की नजर मानसून की प्रगति पर भी रहेगी। तीन दिन की देरी से मानस. ून 4 जून को केरल पहुंचा था। गत



सप्ताह एक बार फिर शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का सेंसेक्स 532.40 अंक (0.71 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 74243.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 181.05 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,366.70 अंक पर बंद हुआ। वृहत बाजार पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1. 67 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.21 प्रतिशत फिसल गया। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। एनटीपीसी ने सबसे अधिक 6.49 प्रतिशत का नुकसान उठाया। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 4.70 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व का 4.57, एलएंडटी का 3.01, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 2.52, टीसीएस का 2.47, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.22 और आईटीसी का 2.18 प्रतिशत गिर गया। कोटक महिंद्रा बैंक में 1.87 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस में 1.72, भारती एयरटेल में 1.68, ट्रेंट में 1. 67, पावरग्रिड में 1.52, हिंदुस्तान यूनीलिवर में 1.17, एक्सिस बैंक में 1.15 और टाटा स्टील में 1.01 प्रतिशत की गिरावट रही। सन फार्मा, बीईएल और मारुति सुजुकी के शेयर भी नीचे बंद हुए। टाइटन में सबसे अधिक 4.55 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त रही। इंफोसिस का शेयर 3.21 प्रतिशत, इटरनल का 2.21, इंडिगो का 1. 65, भारतीय स्टेट बैंक का 1.43 और अडानी पोर्ट्स का 1.02 प्रतिशत चढ़ा।

# चावल, चीनी में साप्ताहिक बढ़त, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि गेहूं के भाव लगभग अपरिवर्तित रहे। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,794 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे का भाव चार रुपये बढ़कर 3,282 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल नौ रुपये और तुअर दाल आठ



रुपये महंगी हुई। उड़द दाल नौ रुपये की नरमी रही। मूंग दाल के दाम में कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं देखा गया। बीते सप्ताह सरसों तेल की कीमत 109 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 94 रुपये और सोया तेल 39 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति भी 29 रुपये मजबूत हुआ।

वहीं मूंगफली तेल में 83 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी पांच रुपये महंगी हुई। अजीत, जांगिड़ सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7730.43 रुपये, मसूर काली 8109.24 रुपये, मूंग दाल 10192.53 रुपये, उड़द दाल 10847.65 रुपये, तुअर दाल 11264.38 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2793.86 रुपये और चावल 3851.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3281.74 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़: चीनी एस 4351.65 रुपये और गुड़ 5088 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अखिलेश यादव पर बरसे ओपी राजभर

## राजभर समाज की 6 हत्याएं गिनाकर सपा चीफ को दी खुली चनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सवाल उठाया कि पीडीए की राजनीति करने वाली समाजवादी पार्टी राजभर समाज के लोगों के साथ हुई इन घटनाओं पर खुलकर आवाज क्यों नहीं उठाती। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट लिखकर आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की राजनीति का दावा करती है, लेकिन राजभर समाज के लोगों के साथ हुई हिंसक घटनाओं और हत्याओं पर चुप्पी साध लेती है।

कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने पोस्ट की शुरुआत सीधे अखिलेश यादव को संबोधित करते हुए की। उन्होंने लिखा कि



■ सपा राजभर समाज के लोगों के साथ हुई आपराधिक घटनाओं पर आवाज क्यों नहीं उठाती

पीडीए की माला जपने वाले नेता राजभर समाज के मुद्दों पर मौन क्यों हैं? उन्होंने दावा किया कि पिछले एक वर्ष में राजभर समाज से जुड़े जिन हत्या के मामलों की चर्चा हुई, उनमें समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका सामने आई। उन्होंने गिनवाया कि 26 जनवरी 2025, को श्रावस्ती के पूरेमंशाराम गांव में संजय राजभर की हत्या का मामला आया था। राजभर का दावा है कि इसमें एक सपाई का नाम सामने आया। 16 जनवरी 2026 को जौनपुर के खेतासराय क्षेत्र में सुनील राजभर की हत्या के मामले में जीशान के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।14 फरवरी 2026 को महराजगंज के श्यामदेउरवा में 15 वर्षीय अंकुश राजभर की हत्या का जिक्र किया, जिसमें रामनरेश यादव का नाम आया था। 28 मार्च 2026 को बाराबंकी के टिकैतनगर में आइसक्रीम विक्रेता बबलू राजभर की हत्या का मामला सामने आया था, जिसमें शंकर यादव पर आरा. ेप लगा था। 20 अप्रैल 2026 को देवरिया के भटनी क्षेत्र में सूरज राजभर की हत्या का जिक्र हुआ था, जिसमें अशोक यादव का नाम आया था। 29 मई 2026 को मऊ के हलधरपुर में राजजन्म राजभर की हत्या का मामला, जिसमें रामबदन यादव का नाम आया था।

# दिल्ली में एसआईआर पर पैनी नजर रखेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सटीक, पारदर्शी और सुगम बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो चुकी है। वहीं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एसआईआर को लेकर पैनी नजर रखे हुए है। एसआईआर के दौरान किसी भी बूथ पर ऐसे मतदाता का वोट न कटे, जो बीजेपी को वोट न देता हो। बूथों पर वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखने के लिए बीएलए-1 और बीएलए-2 बनाए गए हैं। साथ ही उनको ट्रेनिंग देकर के तैयार किया जा रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन अनुज अत्रेय ने बताया कि दिल्ली कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली में संभावित एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के मद्देनजर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली कांग्रेस के बूथ मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के चेयरमैन राजेश गर्ग द्वारा बीएलए-1 के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उदेश्य एसआईआर के नाम पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा वैध मतदाताओं के नाम काटे जाने और संभावित वोट चोरी की आशंकाओं को रोकना है। अनुज अत्रेय ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में बीएलए-1 साथियों को ट्रेनिंग दी गई है।

हर बूथ पर बीएलए-1 और बीएलए-2 को ट्रेनिंग देकर किया जा रहा तैयार

# इंडिया गठबंधन के पास कोई विजन नहीं, सिर्फ डिविजन है: बीजेपी

नई दिल्ली, वार्ता

इंडिया अलायंस की 8 जून की बैठक से पहले बीजेपी ने विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी नेताओं ने दावा किया है कि इस गठबंधन में आंतरिक कलह और समन्वय की कमी है, जो इसे केवल कागजी बना रही है। उन्होंने झारखंड, बंगाल और तमिलनाडु में सहयोगियों के बीच मतभेदों का भी हवाला दिया। यह बैठक दिल्ली में होनी है।

इस बैठक पर बीजेपी के नेता निशिकांत दुबे, शहजाद पूनावाल सहित बीजेपी के कई नेताओं का बयान सामने आया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि अब इंडिया गठबंधन में कौन है? सीपीएम कह रही है कि हम साथ नहीं हैं, मैं रांची से आ रहा हूं, जहां जेएमएम कह रही है कि हम दूसरा उम्मीदवार उतारेंगे, डीएमके अलग सीट पर जाकर बैठ गई है और तृणमूल



■ बैठक से पहले गरमाई सियासत, इंडिया गठबंधन की बैठक पर बोला बड़ा हमला

कांग्रेस का तो कोई अता-पता ही नहीं है। इस गठबंधन का कोई अस्तित्व ही नहीं है। पूनावाल ने कहा कि इस इंडिया गठबंधन का कोई मकसद नहीं है, इसमें केवल डिविजन है। राज्यसभा सीट को लेकर जेएमएम और कांग्रेस के बीच झगड़ा चल रहा है। उन्होंने बताया कि एनसीपी(एसपी) शायद बैठक में शामिल नहीं हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ये गठबंधन सिर्फ कागजों पर है, लेकिन वास्तविकता में कहीं पर भी नहीं है। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में भगदड़ मची हुई है, इनमें आपस में समन्वय नहीं है और एनडीए एकजुट है। इंडिया गठबंधन की आगामी बैठक पर बीजेपी नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि ये जो इंडिया गठबंधन है, वो रुष्ट राजनी. तिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा है। यदि कोई गठबंधन रुष्ट राजनीतिक रंगबाजों का रंगमंच बनता जा रहा हो, तो आपको इसी तरह के हालात और नजारे दिखाई देंगे। वे भी अच्छे से जानते हैं कि उनका 'जुगाड़ का जमघट', 'जनादेश के पनघट' से कोसों दूर है, लेकिन फिर भी वे जुगाड़ का जमघट करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी शुभकामनाएं हैं, ये लोग प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने की बात करते हैं, लेकिन आपस में भिड़ने में इनका ज्यादा समय जाता है।

# रोहाना में वृद्ध का शव फांसी पर लटका मिला

## छपार क्षेत्र के गांव रामपुर में महिला की रहस्मय मौत, मयके वालों ने लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग अलग दो थाना क्षेत्रों में घरेलू विवाद के चलते मानसिक तनाव व अवसाद के कारण दो विवाहिताओं ने अपनी जान दे दी है। एक मामला छपार क्षेत्र के गांव रामपुर का है तो दूसरा मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव रोहाना कलां का है। यहां पर पत्नी की मौत के गम के चलते एक अधेड़ ने भी पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। इन दोनो घटनाओं से परिवार में कोहराम मच गया और पुलिस ने दोनो शवों का पोस्टमार्टम करा दिया है।



नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहाना कलां में रविवार की सवेरे 50 वर्षीय वृद्ध ने पेड़ पर लटकर अपनी जान दे दी। जब ग्रामीण सवेरे उठे तो उन्होने वृद्ध को पेड पर लटका हुआ देखा। कुछ ही देर में यहां ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और सूचना के कुछ देर बाद ही पुलसि भी मौके पर पहुंच चुकी थी। मृतक की पहचान 50 वर्षीय धनीराम के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने इस घटना को पांच बजे के बाद देखी है इस समय ग्रामीण खेत पर काम करने के लिए जा रहे थे जहां आम के पेड पर रस्सी से शव लटक रहा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए शव को पेड से नीचे उतारा। ग्रामीणों का कहना है कि धनीराम की पत्नी का भी कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था। और वह अपनी पत्नी के गम में रहता था। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि मानसिक तनाव और अवसाद के चलते वृद्ध ने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

वहीं एक ओर घटना छपार क्षेत्र के गांव रामपुर में हुई है। बताया जाता है कि छपार पुलिस को सूचना मिली कि रामपुर में तीस वर्ष की एक महिला ने अपनी जान दे दी है। सूचना के बाद थाना इंचार्ज रूपेश कुमार और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस का कहना है कि मृतका का नाम रचना है और रचना की शादी करीब दस वर्ष पूर्व हुई थी। इस मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने ससुराल के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए है। पुलिस ने इस मामले की तहरीर लेकर लगाए गए आरोपों की जांच पडताल शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

## ससुराल से घर लौटते समय हुआ दर्दनाक हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के बुढ़ाना वाया खतौली मार्ग पर रविवार को दिन निकलते से पहले ही अर्धरात्रि में किसी समय हुए एक सड़क हादसे में रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव बडसू सिकंदरपुर निवासी अभिनव सैनी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ससुराल पक्ष और मायके दोनों जगह मातम पसरा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग वर्षीय अभिनव सैनी उर्फ वीशू बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना में अपने ससुर दीपक सैनी के यहां पर बीती शनिवार के दिन आया हुआ था। बीती शनिवार की रात किसी बात को लेकर ससुराल वालों से उसका विवाद हो गया। तब गुस्से में अभिनव अर्धरात्रि में ही अपनी बाइक से वापस अपने गांव बडसू सिकंदरपुर जा रहा था। इसी दौरान पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिनव की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे की सूचना मिलते ही बुढ़ाना कोतवाली पुलिस, परिजन और ससुराल के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी। अभिनव सैनी का विवाह करीब सात साल पहले अलीपुर अटेरना निवासी दीपक सैनी की बेटी साक्षी से हुआ था। हादसे में अभिनव अपनी पत्नी साक्षी और दो छोटे छोटे बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया। अभिनव की मौत की खबर सुनते ही बडसू सिकंदरपुर और अलीपुर अटेरना दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### मोरना क्षेत्र में पकड़ा किसानों का खाद्य

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकाी उमेश मिश्रा के निर्देशन में कृषि विभाग उर्वरक एवं पेस्टीसाइड की हो रही कालाबाजारी रोकने के लिए कार्यवाही में जुटा है। कृषि विभाग के साथ प्रशासन के प्रयास भी जारी है और किसानों के हिस्से की सब्सिडी के उर्वरकों की काले बाजारी करने वाले को लगातार जेल भेजा रहा है। रविवार को भी कृषि विभाग की टीम ने उत्तराखंड बॉर्डर पर मोरना क्षेत्र में भोकरहेडी के निकट सीतापूरी गांव में छापा मारा। इस दौरान टीम ने भारी मात्रा में एक गोदाम में रखा गया यूरिया बरामद किया। इस दौरान पकडे गए आरोपी के तार रोहन एण्ड सौरभ से जुडे हुए है।

मौके पर सोमपाल पुत्र चंदन निवासी सीतापुरी को गिरफ्तार किया। यह गिरोह उत्तराखंड से 40-50 बैग किसानों के नाम पर ट्रॉली से भेजा जाता था।



मुजफ्फरनगर: सभा में आए लोगों को संबोधित करते चन्द्रमोहन महाराज।

# एसएसपी ने अधीनस्थों के साथ की अपराध गोष्ठी

**■ कानून व्यवस्था की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस लाइन के सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी की और कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक, एसपी क्राइम इंदू सिद्धार्थ, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे, सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के. मिश्रा समस्त क्षेत्राधिकारीगण, खुफिया विभाग और अन्य शाखा के प्रभारी मौजूद रहे। इस दौरान एसएसपी ने टॉप-टेन, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर नजर रखने के लिए कहा और ग्राम प्रधान और संभ्रांत व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रहरियों व पुलिस मित्रों के साथ आपसी समनवय स्थापित करने के लिए भी कहा है।



मुजफ्फरनगर: पुलिस लाइन में अधीनस्थों के साथ गोष्ठी करते एसएसपी।

# 35 तोले सोने व एक किलो चांदी के जेवर चोरी

## गांव अलीपुरकला की घटना, पीड़ित ने कराया बाल अपचारी सहित तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/तितावी।** तितावी क्षेत्र के गांव अलीपुरकला में एक कारोबारी के घर से लोकर में रखा 35 तोले सोना और एक किलो चांदी चोरी कर लिया गया। अब इसमें एक बड़ा सवाल है कि चोरी कब हुई यह तो पूरे परिवार को नहीं पता, लेकिन घर के मालिक ने कुछ लोगों पर घर में रखा जेवर मंगाने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसका पौत्र नाबालिग है और उसके साथियों ने काफी समय पूर्व उसके पौत्र से घर में रखा सामान मंगाने की बात कही थी यह बात उसको काफी समय बाद पता लगी। फिलहाल पीड़ित की ओर से इस मामले में एक तहरीर दी गई है जहां पुलिस ने एक बाल अपच. ारी सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यानि के शिकायतकर्ता के पौत्र को भी मुकदमें में शामिल किया गया है।

ग्राम अलीपुरकलां निवासी राजेन्द्र पुत्र पूरण सिंह ने तितावी पुलिस को एक तहरीर देकर अवगत कराया कि वह शादी विवाह और किसी बड़े कार्यक्रम में अपने घर के सोने चांदी का सामान बडे कार्यक्रम में प्रयोग में लाते है। उन्होने बताया कि इक्कीस फरवरी 2025 को उनकी धेवती का जन्मदिन था उस समय उन्होने अपने घर का सामान निकालकर प्रयोग किया था। उसके साथ वह जेवर अलमारी में रख दिया था।

पीड़ित का कहना है कि वह अलमारी में सोने चांदी के अलावा कोई सामान नहीं रखते इसलिए उन्हे कभी अलमारी खोलने की जरूरत नहीं पड़ती। चार-पांच दिन पूर्व उन्होने अपनी सैफ खोल. कर देखी तो उसका लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखी हुई सोने-चांदी के जेवर नहीं थे। पीड़ित का कहना है कि उनकी पत्नी व तीन पुत्रवधुओं के सोने-चांदी के जेवर भी अलमारी में रखे हुए थे। उन्होने बताया कि उनका पौत्र ने बताया कि उसको पिछले वर्ष जून माह में मेरे गांव के युवक विजय पुत्र कुवाड़ी व आदेश पुत्र अशोक ने घर में रखे जेवर मंगाने की बात कही थी।

उन्होने आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने ही मेरे पौत्र को बहला फुसलाकर सैफ का लॉकर तोडकर 35 तोले सोने, एक किलो चांदी के जेवर साफ कर दिए है। फिलाहल पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है अब जांच में क्या आता है, क्या पुलिस आरोपियों से जेवर बरामद करती है यह आने वाला समय बताएगा।

**आरोपियों से जेवर बरामद**

पुलिस ने इस मामले में आदेश, विजय, नवीन वर्मा और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार करते हुए सोने चांदी के जेवर बरामद कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मुकदमे के बाद मुकदमे के विवेचक और टीम इस मामले में लग गई थी। और सूचना के आधार पर आरोपियों को अमीन नगर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में घर का किशोर भी पुलिस के शिकंजे में आया है।

# फलों के गोदाम में आग से लाखों का नुकसान

## फल जलकर हुए नष्ट, कारें भी हुई राख, ट्रैकसूट भी जले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरांपुर।** कस्बे के भुम्मा रोड स्थित एक फलों के गोदाम में शनिवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गोदाम में रखा भारी मात्रा में फल जलकर नष्ट हो गया और दो कारे जलकर राख हो गई। इस घटना में ट्रेक सूट भी जले है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए।

भुम्मा रोड निवासी सावेज पुत्र नईम फल विक्रेता हैं और अपनी मारुति कार में फल रखकर बिक्री का कार्य करते हैं।

बताया गया कि दिनभर फल बेचने के बाद वह शाम के समय अपनी कार को गोदाम में खड़ा कर गए थे। कार एलपीजी गैस से संचालित थी। इसी दौरान किसी कारणवश कार में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कार में लगे एलपीजी सिलेंडर को भी अपनी चपेट में ले लिया और आग तेजी से फैल गई।

सिलेंडर से आग भड़कने के कारण पूरा गोदाम आग की लपटों में घिर गया। गोदाम में रखे फल, प्लास्टिक क्रेट तथा अन्य सामान जलकर राख हो गए। आग की लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। हालांकि तब तक गोदाम में रखा अधिकांश सामान नष्ट हो चुका था।

घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन आग से भारी आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एसएसपी की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** आगामी उत्तर प्रदेश आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर लगाए गए पुलिसकर्मियों को ब्रिफ किया। बता दे कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती जनपद में आठ जून 2026 व 09 तथा दस जून को दो पालियों में आयोजित होनी है। परीक्षा को सकुशल व निष्पक्ष कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल, सेक्टर और जोनल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए है जहां रविवार को एसएसपी ने एक बैठक ली।

### राणा चौक पर स्क्रैप गोदाम में लगी भयंकर आग

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को राणा चौक के निकट एक स्क्रैप के गोदाम में अचानक ही आग लग गई।

कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर चुकी आग काफी दूर तक धुएं के गुबार तक फैल चुकी थी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि देखते देखते ही आग स्क्रैप के गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया था लोगों का यह भी कहना है कि गोदाम मे भारी मात्रा में ज्वलनशील सामाग्री होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण किया था कुछ ही देर में यहा दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी देर तक दमकल विभाग आग से लडते रहे।

# जाति व नशे के जहर से नस्लों को बचाना है: चन्द्रमोहन

**■ हिन्द मजदूर किसान समिति ने किया महासभा का आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में हिन्द मजदूर किसान समिति ने फसल से पहले नस्ल बचाने के लिए जागरूक करते हुए मजदूर किसानों की एक माह सभा का आयोजन किया। इस आयोजन में आसपास क्षेत्र से हिन्द मजदूर किसान समिति के काफी संख्या में लोग शामिल हुए। मजदूर और किसान सभा को संबोधित करते हुए हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिगुरू चन्द्रमोहन महाराज ने कहा कि फसल से ज्यादा कीमती नसल है क्योकि अच्छी फसल और उसकी कीमत को तो हम फिर ले सकते है लेकिन अगर एक बार नसल बरबाद हो गई तो उसे ठीक करना बहुत मुस्किल होगा। हमारी नस्लों को खतरा नशे के जहर और जाति के कहर से है क्योकि नशे का जहर हमारा नाश करता है और जाति का जहर सत्यनाश करता है। इस तरह कई परिवार बर्बाद हो चुके है।



मीरांपुर: फल के गोदाम में लगी आग में जली कारे व आग बुझाती भीड़।

# अतिक्रमण अभियान में 191 वाहनों के किए चालान

**■ यातायात पुलिस ने सामान हटवाकर दी चेतावनी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर में यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान यातायात पुलिस ने सड़क पर रखा सामान हटावाया और कुछ सामान को ट्रॉली में भरा। यातायात पुलिस ने काफी दूर तक नो पार्किंग में खडे वाहनों पर भी कार्यवाही की। और समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

एसपी यातायात अतुल कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने नगर में अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया।

इस दौरान मालवीय चौक से अंसारी रोड तक और घासमंडी से नावल्टी चौक तक और शिव चौक से भगत सिंह रोड पर सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। इस दौरान यातायात पुलिस ने नो पार्किंग क्षेत्र में खडे करीब 191 वाहनों के चालान किए। अतिक्रमण हटाव अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का पालन के लिए अपील की।



मुजफ्फरनगर: ग्रीन एप्पल में एक मामले की जानकारी देते भाकियू भानू के पदाधिकारी।

# परिवहन विभाग उतरा हाईवे पर, 3.65 लाख का जुर्माना

**■ अनाधिकृत और ओवर लोड वाहनों पर कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के बाद परिवहन विभाग ने जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। प्रवर्तन अधिकारी राजेन्द्र श्रीवास्त के नेतृत्व में विभिन्न मार्गो पर अभियान के दौरान कई वाहनों पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान परिवहन विभाग को नो अनाधिकृत यात्री वाहन मिले। और तीन वाहन ओवरलोड भी पाए गए। परिवहन विभाग ने इन वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उनका चालान किया और बंद की कार्यवाही भी की गई। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर संबंधित वाहन चालकों पर करीब तीन लाख 65 हजार रूपये का जुर्माना भी किया गया। परिवहन विभाग ने हाईवे पर घुमकर काफी देर तक अनाधिकृत वाहनों और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान परिवहन विभाग ने वाहन संचालकों को चेतावनी भी दी है।

बता दे कि पिछले काफी समय से हाईवे व हाईवे के कटों पर सड़क दुर्घटनाए हो रही जिसमें बेकसुरों की जाने जा रही है इसके बाद ही विभाग जागा है।



तेज धूप से बचने के लिए छाता लगाकर जाती महिला।

# फिट इंडिया , संडेज़ ऑन साइकिल के तहत मुजफ्फरनगर में साइकिल रैली

**शाह टाइम्स संवादीदाता**

**मुजफ्फरनगर।**वर्ल्ड साइकिल डे के उपलक्ष्य में खेल अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय द्वारा शनिवार सुबह चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम से षफिट इंडियारू संडेज़ ऑन साइकिलष साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं, खिलाड़ियों और स्वयंसेवकों ने हिस्सा लेकर फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। **डीएम-सीडीओ के निर्देशन में हुआ आयोजन**

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में प्रातः 6:00 बजे रैली का शुभारंभ हुआ। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव और डॉ. राजीव कुमार ने साइकिल चलाकर रैली को हरी झंडी दिखाई। **यह रहा रैली का रूट** साइकिल रैली स्पोर्ट्स स्टेडियम के मुख्य द्वार से शुरू होकर मुजफ्फरनगर-मेरठ रोड स्थित सुजडू चुंगी तक गई और वहां से वापस स्टेडियम परिसर में संपन्न हुई। पूरे रूट पर प्रतिभागियों ने फिट इंडिया के नारे लगाए। **साइकिल चलाना स्वस्थ जीवनशैली का प्रतीकः भूपेंद्र यादव** प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा, साइकिल चलाना केवल व्यायाम या शौक नहीं है। यह एक स्वस्थ और सशक्त जीवनशैली का प्रतीक है। हमें इसे दैनिक आदत बनाना चाहिए क्योंकि यह फिट रखता है।**पर्यावरण रक्षा में अहम भूमिका डॉ. राजीव कुमार** डॉ. राजीव कुमार ने कहा, साइकिल चलाने से पर्यावरण की रक्षा होती है और प्रदूषण कम होता है। फिट, स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।ष उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व साइकिल दिवस 3 जून को ष्हरित भविष्य के लिए साइकिल चलानाष थीम पर मनाया गया, जो कार्बन उत्सर्जन घटाने और टिकाऊ गतिशीलता को बढ़ावा देता है।अभियान का उद्देश्य

शफिट इंडियारू संडेज़ ऑन साइकिलश युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार का राष्ट्रव्यापी अभियान है। इसका मुख्य उद्देश्य साइकिल चलाने को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना, फिटनेस को बढ़ावा देना और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का संदेश देना है।



**ये रहे मौजूद**

रैली में कुश्ती प्रशिक्षक प्रदीप कुमार, कबढी प्रशिक्षक संजीव कुमार, वुशु प्रशिक्षक मनीष कुमार, अप्रेंटिस हॉकी प्रशिक्षक अंकुर कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी दिनेश, भावना, अनिल समेत कई खिलाड़ी शामिल हुए। यातायात पुलिस से उपनिरीक्षक हेम सिंह व आरक्षी अनुज कुमार ने व्यवस्था संभाली। समापन पर सभी प्रतिभागियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया।

# राजा परीक्षित की कथा सुनाकर बताया जीवन का सार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** त्रिवेणी चीनी मिल परिसर स्थित श्री वैष्णो मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास परमपूज्य श्री गंगोत्रि तिवारी मृदुल जी महाराज ने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित की कथा मनुष्य को मृत्यु के भय से मुक्ति तथा ईश्वर की शरण में जाने का मार्ग दिखाती है।

कथा व्यास ने बताया कि जब राजा परीक्षित को अपने जीवन के अंतिम समय का आभास हुआ तो उन्होंने सांसारिक मोह-माया का त्याग कर भगवान के स्मरण और सत्संग का मार्ग अपनाया।

इसी के फलस्वरूप उन्हें आत्मिक शांति और मोक्ष का मार्ग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह प्रसंग प्रत्येक व्यक्ति को जीवन की वास्तविकता समझने और समय रहते ईश्वर से जुड़ने की प्रेरणा देता है।



मृदुल जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक लक्ष्य केवल भौतिक सुख-सुविधाएं प्राप्त करना नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए भी परमात्मा का निरंतर स्मरण बनाए रखना है। भगवान का नाम, सत्संग और भक्ति ही जीवन को सार्थक बनाते हैं। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा के दौरान भजनों और संगीतमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी के जयकारों के साथ कथा का रसपान किया।

# भाकियू तोमर 16 जून को चार स्टेशनों पर करेगी पंचायत

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने रामपुर तिराहा स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर 16 जून को लेकर अहम कार्यकर्ताओं और पदाधिका. रियों के साथ अहम मिटिग कि और सभी को दिशा-निर्देश दिये गये चौधरी संजीव तोमर ने ये मिटिग कर संगठन के लोगों जताया है कि सभी किसान भाई अपने अपने गांव में किसान जागरूक अभियान भी चलाया जाए और 16 जून कि तैयारी करने की कड़ी हिदायत दी। चौधरी संजीव तोमर ने कहा किसानों कि समस्याओं का समाधान के लिए 16 जून को जनपद में चार जगह बड़े रेलवे स्टेशनों जैसे खतौली मन्सूरपूर मुजफ्फरनगर रोहाना पंचायत करेगा और उन्होंने साथ साथ ये भी ऐलान किया अगर 16 जून में किसानों कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 4 जुलाई को संगठन प्रदेश भर में रेल रो. को आंदोलन करेगा। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने संगठन के अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर को अवगत कराया है कि जनपद में बड़े स्तर पर विजिलेंस किसानों का शौषण कर रही है किसानों ने बताया है विजिलेंस द्वारा किसानों झूठे मुकदमे में फंसाने का डर दिखाकर 15 हजार और 20 हजार एक किसान के घर से लिए जाते हैं चौधरी संजीव तोमर ने कहा कि किसान धरती का सीना चीर के पूरे देश का पेट पालने का काम करता है लेकिन उसके बाद भी किसानों का शौषण किया जा रहा है



उन्होंने ये भी कहा कि फिलहाल प्रजंड गर्मी पड़ रही है लेकिन उसके बाद भी संगठन किसान हित में धरना प्रदर्शन करने से पीछे नहीं हट रहा है और संगठन लगातार प्रदर्शन करता रहैगा तब तक किसानों कि समस्याओं का समाधान ना हो। रपवन त्यागी, सोनू चौधरी, दीपक तोमर, अजय त्यागी, शानू पहलवान, हसीर चौधरी, हीरा बालियान, परवेज खालीद मुस्तफा रिहान आदि मौजूद रहै ।

## दुकान में सफाई के दौरान युवक को सांप ने डसा

मीरापुर। कस्बे के खतौली रोड स्थित एक कन्फैक्शनरी की दुकान पर सफाई करते समय युवक को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्धसीएचसीत्रः जानसठ में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खतौली रोड निवासी सुलेमान की कन्फैक्शनरी की दुकान है। रविवार सुबह वह अपनी दुकान खोलकर साफ-सफाई कर रहा था। इसी दौरान दुकान के अंदर रखी एक कुर्सी पर छिपे बैठे सांप ने अचानक उसे डस लिया। सांप के काटते ही सुलेमान की तबीयत खराब होने लगी और उसे चक्कर आने लगे। आसपास के लोगों ने उसकी स्थिति देखकर तुरंत मदद की। प्राथमिक उपचार के तौर पर उसके हाथ पर बांध लगाया गया और उसे तुरंत सीएचसी जानसठ ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने के कारण मरीज की हालत में सुधार है और वह चिकित्सकीय निगरानी में है। घटना के बाद आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित परवेज हुआ गिरफ्तार

**बुढ़ाना।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में वांछित अपरा. धियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुढ़ाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त परवेज को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन, बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्रधिकारी के पर्यवेक्षण और प्रभारी निरीक्षक बुढ़ाना के नेतृत्व में थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खतौली तिराहे से परवेज पुत्र मतलूब निवासी मौहल्ला पीर शाह विलायत बुढ़ाना को दबोच लिया।

# कुतुबपुर एवं भूम्मा में खेत बचाओ अभियान का आयोजन

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर एवं भूम्मा में किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ह्खेत बचाओ अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र चित्तौड़ा, मुजफ्फरनगर, कृषि विभाग एवं भूमि संरक्षण विभाग के अधिका. रियों ने भाग लिया और किसानों को वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी।कृषि विज्ञान केंद्र की फसल उत्पादन वैज्ञानिक डॉ. रीना ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिटी की उर्वरता बनाए रखने के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खाद, फसल चक्र, कम जुताई तथा मृदा परीक्षण आधारित खेती को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने गोबर खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट और हरी खाद के उपयोग से मिटी की गुणवत्ता और जल धारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. रीना ने बताया कि कम जुताई और जीरो जुताई तकनीक अपनाने से मृदा अपरदन कम होता है तथा मिटी में नमी और लाभकारी सूक्ष्मजीव सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने फसल चक्र में दलहनी फसलों को शामिल करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं और अनुदान संबंधी जानकारी प्रदान की। अंत में किसानों ने मृदा संरक्षण एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान पुत्र साजिद अली, डा. रवि शर्मा, कपिल कुमार सहित क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे।

## फास्टेग लगाने वालों में कहासुनी

**छपार।** हाइवे के छपार टोल पर फास्टेग लगाने वालों में कहासुनी हो गई वहां पर कुछ फास्टेग लगाने वालों ने अपने गांव में सूचना दी जिसपर दो दर्जन से अधिक हमलावर पहुंचे ओर दो युवकों की जमकर पिटाई की ओर फरार हो गये। रविवार को दो युवक टोल प्लाजा पर पहुंचे ओर फास्टेग लगाने की बात कही जिसपर वहां मौजूद युवकों ने टोल मेनेजर से अनुमति लेने को कहा तो वे जबरन ही फास्टेग लगाने की को. शिश करने लगे विरोध करने पर उन्होंने गाली गलौज की ओर फ़ोन करके दो दर्जन से अधिक युवकों को बुला कर गांव कुतुबपुर निवासी अंकित ओर शुभम की जमकर पिटाई ओर फरार हो गए। पीड़ितों ने गांव कुरालसी थाना देवबंद निवासी शिवम व सचिन को नामजद व 20-25 अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

## गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के नए प्रभारी बने नीरज

**बुढाना।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और भी चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मामूली सा ही फेरबदल किया है। गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप कुमार को बागोवाली पुलिस चौकी भेजा गया है वहीं गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी की कमान अब उप निरीक्षक नीरज भाटी संभालेंगे। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का कहना है कि यह बदलाव क्षेत्रीय आवश्यकताओं और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के मद्देनजर किया गया है। नए प्रभारी नीरज भाटी के आने से गढ़ी सखाव. तपुर और आसपास के गांवों में पुलिसिंग और अधिक सक्रिय होने की उम्मीद है।यहां पर काफी सालों से तैनात उप निरीक्षक संदीप कुमार गढ़ी सखावतपुर के साथ साथ बुढ़ाना और उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी भी रह चुके हैं।

# एआईएमआईएम का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

**बुढाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और भी मजबूत करने को रविवार को बुढ़ाना में विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के अध्यक्ष सैय्यद बाबर के आवास पर कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं शामिल हुए। सम्मेलन में पदाधिकारियों ने पार्टी की नीतियों, आगामी चुनाव की तैयारियों व जनता के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि एआईएमआईएम समाज के कमजा. र और वंचित वर्गों की आवाज को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां पर दर्जनों लोगों को एआईएमआईएम की सदस्यता दिलाई गयी और सभी को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गये। यहां पर बुढ़ाना नगर अध्यक्ष आजम फारूखी, विधानसभा अध्यक्ष सैय्यद बाबर,



अब्दुल कादिर सिद्दीकी, जहांगीर मसूदी, अब्दुल गफ्फार, शाहिद अहमद, इस्लाम, कल्लू, राशिद, ऊरोज राणा, मनीष, अब्दुल गफ्फार, साना, सद्दाम सैफी, नौशाद, खुर्शीद, नईम, महराज राणा, शहजाद राणा, शमशेर, मौ. शौकीन, जरीफ, नफीस, काजिम, हामिद, सालिम, राशिद मलिक, कारी गफ्फार, उम्मेद, माजिद राणा, साजिद, मुस्तुफा, शाहिद, प्रवेज, गुलफाम, अब्दुर्रहमान, विनोद कुमार, डा. मुबारिक, सईद, नसीम सिद्दीकी, उस्मान फौजी, असलम, आयान और मुनव्वर आदि मौजूद थे।

# खैर-ए-उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन ने की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**मुजफ्फरनगर।** खैर-ए-उम्मत इस्लामिक फाउंडेशन तावली के तत्वावधान में आज चौधरी फार्म हाउस, साँझक में मदरसा एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षिक जागरूकता, प्रतिस्पर्धात्मक भावना तथा ज्ञान-वर्धन को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की निज़ामत कारी जाबिर फरहत ने अत्यंत सुंदर अंदाज़ में की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तबस्सुम पुत्री सलाहुद्दीन , कसेरवा , दूसरा स्थान अरमिस पिता मोहम्मद मुकर्रम दर्जा अरबी सोम मदरसा जामिया इस्लामिया दारुल हुदा लील बनात मोदी नगर ज़िला गाजियाबाद ,तीसरी पोजीशन हफ़िज़ा बुशरा पिता मोहम्मद अकरम साकिन सुहाना मोदी नगर ज़िला गाजियाबाद, ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सावेज चौधरी कसेरवा रहे। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की, जिनमें सावेज प्रधान जी कसेरवा, मोहम्मद शोयब विधायक जी, आशु चौधरी (अध्यक्ष), साहिन प्रधान, अरशद प्रधान, आशिफ सहरावत, इमरान चौधरी, फुरकान चौधरी, इरफान चौधरी, तहसीन अली असारवी, एडवोकेट मन्नान बालियान, सोबान बालियान, एडवोकेट साबिर बालियान, रऊफ बालियान एवं साजिद चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अमन चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की तरक्की और विकास की बुनियाद है। हमें अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक एवं धार्मिक शिक्षा से भी जोड़ना होगा,तहसीन अली असारवी ने कहा कि ज्ञान ही वह शक्ति है जो व्यक्ति और समाज दोनों की दिशा बदल सकती है। संगठन के अध्यक्ष अमन चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता जीनत बालियान, उस्मान पटवारी साहब एवं संगठन के समस्त सदस्यों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नोटिस प्रकाशन सूचना

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर**

निगरानी संख्या 254/2025

धारा 207 उ0प्र0रा0 संहिता 2006 ग्राम गोकलपुर छप्पार परगना भुम्मा सम्बलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

सुरेन्द्र सिंह **बनाम** राजली

**नोटिस बनाम**

1- सुरेन्द्र सिंह पुत्र आशा सिंह निवासी ग्राम अहमद वाला परगना भुम्मा सम्बलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। **...अपीलार्थी**

प्रस्तुत अपील सुरेन्द्र सिंह पुत्र आशा सिंह निवासी ग्राम अहमद वाला परगना भुम्मा सम्बलहेडा तहसील जानसठ जला मुजफ्फरनगर। की ओर से 1-राजली पत्नी रमेश चन्द, 2-मंजूदेवी पत्नी भूपाल सिंह 3-भूपाल सिंह पुत्र समय सिंह, 4-अनुज कुमार पुत्र भूपाल सिंह, 5-शक्ति सिंह पुत्र भूपाल सिंह, 6-सुनीता पत्नी कुलवन्त, 7-भिवानी सिंह पुत्र कुलवन्त, 8-अक्षय कुमार पुत्र कुलवन्त, 9-संजीव कुमार, 10-राजीव कुमार, 11-विक्रम सिंह पुत्रगण कर्मसिंह निवासीगण सराय औरंगाबाद छ्छरौली जिला पटियाला पंजाब, 12-पूजा गुप्ता निवासी 48/784 सिविल लाईन्स मुजफ्फरनगर, 13-श्रीमती राजरानी पत्नी जितेन्द्र कुमार निवासी रूडकली, 14-सन्तोष बाला पत्नी महावीर निवासी धानियावाला देहरादून उत्तराखण्ड, 16-देवेन्द्र कुमार पुत्र मुरली निवासी बुढाना जिला मुजफफरनगर, 17-अनिता रानी पत्नी रविन्द्र सिंह, 18-रविन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह, 19-प्रदीप सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह, 20-बाला देवी पत्नी सुखवीर सिंह, 21-सुखवीर सिंह पुत्र शमशेर सिंह, 22-अतीश कुमार पुत्र सुखवीर सिंह, 23-अंकुश कुमार ना0बा0 सुखवीर सिंह संरक्षिका बाला देवी माता, 24-मदन सिंह पुत्र समय सिंह, 25-देवेन्द्र सिंह पुत्र मदन सिंह, 26-अमेन्द्र सिंह पुत्र मदन सिंह 27-श्रीमती शर्मिला पत्नी सुनील निवासीगण छ्छरौली पटियाला पंजाब, 28-बसन्ती पत्नी अजीज सिंह निवासी सनोटा दिल्ली, 29-भागो पत्नी रामकिशन निवासी सराय औरंगाबाद, 30-सुमित्र पत्नही सज्जन सिंह, निवासी 1214 सेक्टर 6 बहादरुढ पंजाब, 31-रतन कौर पत्नी रामप्रसाद दहिया निवासी बढखालपुरा सोनीपत पंजाब, 32-शान्ति देवी पत्नी प्रभुदयाल, 33-बिजेन्द्र पुत्र प्रभुदयाल, 34-पूरण सिंह पुत्र रणजीत सिंह, 35-बिजेन्द्र पुत्र रामकिशन निवासीगण सराय औरंगाबाद, 38-सुरेश नागर पुत्र उमहक चन्द, 37-अनगपाल नागर पुत्र महकचन्द, 38-सन्जू नागर पुत्र सुरेश नागर 39-राहूल नागर पुत्र रामपाल निवासी एन0एच0 119 बिजनौर बाईपास रोड मुझेडा सादात 40-प्रियाशु सैनी ना0 बा0 पुत्र विरेन्द्र सिंह संरक्षिका माता शशी रानी, 41-शशी रानी पत्ने विरेन्द्र सिंह निवासीगण भानियावाला देहरादून, 42-ग्राम पंचायत हंसवाला द्वारा माध्यम प्रधान हंसवाला परगना भुम्मा सम्बलहेडा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर, 43-उ0प्र0 सरकार द्वारा उचति माध्यम कलक्टर साहब जिला मुजफ्फरनगर को पक्षकार बनाते हुए ए0एस0डी0ओ0 सदर (न्यायिक) मुजफ्फरनगर द्वारा वाद संख्या 1247/2019 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या डी 201909550201247 सुरेन्द्र सिंह बनाम राजकली आदि, अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006, में पारित आदेश दिनांक 24.12.2024 के विअपील योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस अपील में गजट प्रकाशन की प्रति दाखिल करने हेतु दिनांक 29-06-2026 नियत है। अतः इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 29-06-2026 को प्रातः 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे। दिनांक 05/6/2026

**आज्ञा से**

**अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

# मिशन 2027: सपा की चर्चाओं के केंद्र में डॉक्टर सत्येन्द्र पाल

**बुढाना।** आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर विधानसभा बुढाना क्षेत्र की सियासी हलचल तेज हो गई है। गांव की चौपाल से लेकर शहर की गली मोहल्लों तक विकास, शिक्षा, रोजगार और मजबूत नेतृत्व ही सबसे बड़े मुद्दे बनकर उभर रहे हैं।

इसी राजनीतिक सरगर्मी के बीच समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर एक नाम लगातार मजबूती से सामने आ रहा है डॉक्टर सत्येन्द्र पाल। समाजवादी विचार धारा से गहरे जुड़ाव, संगठन के प्रति निष्ठा और क्षेत्र की जनता के बीच लगातार सक्रियता के चलते डॉक्टर सत्येन्द्र पाल को बुढ़ाना विधानसभा से सपा का संभावित चेहरा माना जा रहा है।



कार्यकर्ताओं का कहना है कि डॉक्टर सत्येन्द्र पाल का वर्षो का जमीनी अनुभव और संगठन के लिए समर्पण उन्हें अन्य दावेदारों से अलग बनाता है। उनका मानना है कि यदि टिकट डॉक्टर सत्येन्द्र पाल को मिलता है तो पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और जनता का भरोसा भी बढ़ेगा। बुढ़ाना का युवा वर्ग आज रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संसाधन और बेहतर खेल सुविधाओं की मांग कर रहा है। युवाओं का कहना है कि उनकी परेशानियों को समझने और मंच देने वाला नेतृत्व ही क्षेत्र को नई दिशा दे सकता है। यही वजह है कि युवा मंचों और सोशल मीडिया पर डॉक्टर सत्येन्द्र पाल को टिकट दिए जाने की मांग तेजी से उठ रही है। गन्ना भुगतान में देरी, सिंचाई व्यवस्था, ग्रामीण सड़कों की स्थिति और गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार आज भी प्रमुख चुनावी मुद्दे हैं। किसानों और ग्रामीण मतदाताओं का मानना है कि इन समस्याओं को मजबूती से उठाने के लिए अनुभवी और जनता के बीच लोकप्रिय नेता की जरूरत है। डॉक्टर सत्येन्द्र पाल का शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र का लंबा अनुभव उन्हें इस कसौटी पर खरा उतारता है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि डॉक्टर सत्येन्द्र पाल को प्रजा. पति, पाल, जोगी, सैनी, कुरैशी, पठान और नाई समाज सहित सर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही जनसभाएं और कार्यकर्ताओं की सक्रियता इस बात का संकेत दे रही है कि डॉक्टर सत्येंद्र पाल के पक्ष में माहौल बन रहा है। बुढ़ाना विधानसभा के युवा, किसान, व्यापारी, शिक्षक और सपा कार्यकर्ताओं की साझा अपेक्षा है कि आने वाले चुनाव में ऐसा नेतृत्व सामने आए जो विकास, शिक्षा और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। भाजपा को कड़ी टक्कर देने के लिए पार्टी को ऐसे उम्मीदवार की जरूरत है जो जमीनी जुड़ाव और संगठनात्मक ताकत दोनों रखता हो। फिलहाल बुढ़ाना में मिशन 2027 की तैयारियों के बीच डॉक्टर सत्येन्द्र पाल का नाम सबसे ज्यादा गूंज रहा है। टिकट को लेकर अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान का होगा लेकिन जमीनी चर्चाएं साफ इशारा कर रही हैं कि डॉक्टर सत्येन्द्र पाल रेस में सबसे आगे चल रहे हैं।?

**समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब** (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, खतौली, मुजफ्फरनगर** वाद संख्या T202509550604270 सन-2025 1. विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री ब्रहमानंन्द आयु वर्ष निवासी ग्राम नावला परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर ... **वादी बनाम** 1. सुभाष पुत्र श्री श्यामलाल 2. सुरेश पुत्र श्री श्यामलाल 3. अनिल पुत्र श्री महीपाल 4. प्रवीण कुमार पुत्र श्री महीपाल 5. श्रीमति कृष्णा पत्नी श्री महीपाल 6. कविन्द्र पुत्र श्री समय सिंह 7. रविन्द्र पुत्र श्री समय सिंह 8. श्रीमति श्यामा देवी पत्नी श्री समय सिंह 9. राजपाल पुत्र श्री ब्रहमदत्त 10. सतपाल पुत्र श्री ब्रहमदत्त 11. नरेन्द्र पुत्र ब्रहमदत्त 12. कान्हा त्यागी पुत्र श्री हरिओम 13. श्रीमति अलका पत्नी श्री हरिओम 14. राकेश कुमार पुत्र श्री घसीटा निवासीगण ग्राम नावला परगना व तहसील खतौली जिला-मु0नगर उत्तर प्रदेश 15. शशांक त्यागी पुत्र श्री पवन त्यागी 16. हर्षित त्यागी पुत्र श्री सचिन त्यागी 17. लव त्यागी ना.बा. आयु 12 वर्ष पुत्र श्री कृष्ण त्यागी संरक्षक सगा ताऊ 18. मंगतदीप त्यागी ना.बा. आयु 8 वर्ष पुत्र श्री कृष्ण त्यागी संरक्षक सगा ताऊ निवासीगण ग्राम मकनपुर तहसील व जिला-गाजियाबाद उ.प्र.19. ग्राम पंचायत नावला ग्राम प्रधान नावला परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर .... **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा. स. 2006 ग्राम नावला परगना व तहसील खतौली मुजफ्फरनगर उ.प्र. हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुकम होता है आप बतारिख 11/06/2026 बवक्त 10 बजे दिने के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ओर सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके। हाजिर ओर जवाब देही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज बतारिख 29/05/26 जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी तहसील खतौली जिला मु.नगर**

# खतरनाक रसल वाइपर सांप को पकड़कर किया रेस्क्यू

**मोरना।** गाँव खुजेड़ा में बस स्टैंड के पास खतरनाक रसल वाइपर को आपदा मित्र ने पड़कर वन विभाग की टीम को सौंप दिया जहां वन विभाग की टीम में रसल वाइपर सांप को सुरक्षित स्थान पर छोड़ा है रसल वाइपर निकलने से गांव में सनसनी फैल गई है

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खुजेडा का है जहां निवासी आपदा मित्र जियाल हक ने बताया कि खुजे़डा बस स्टेण्ड के पास स्थित आटा चक्की के बराबर ही प्राथमिक विद्यालय है. सुबह के समय चक्की संचालक ने विद्यालय की दीवार के पास एक सांप को रेंगते हुए देख शोर मचाया।पास ही मौजूद ज़ियाउल हक आवाज सुनकर तुरंत चक्की पर पहुंचा और सांप को देखकर पुलिस सहायता डायल 112 को कॉल किया।

आपदा मित्र जियाउल हक ने सांप को पकड. लिया।मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दी गई। वन विभाग के वन रक्षक लताफ़त अली ने बताया कि पकड़ा गया सांप रसल वाइपर था जिसका जहर बहुत खतरनाक माना जाता है।जिसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। इस दौरान आका हसन, इकरार, शाकिर कुरेशी, सईद अहमद, गुलजार सिद्दीकी, साबिर, मौजूद रहे।



# चंद्रमोहन महाराज ने छात्रा वसुंधरा मलिक को योग में गोल्ड मेडल लाने पर किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में भोपा रोड स्थित पंजाबी बारात घर में हिंद मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आध्यात्मिक गुरु चंद्र मोहन जी महाराज के द्वारा सैकड़ो लोगों को अनुष्ठान के साथ जनेऊ धारण कराया गया जिसमें दलित पिछले अन्य सभी जातियों के लोग शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान पिछले दिनों केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा मथुरा में आयोजित केंद्रीय विद्यालय की संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में योगासन में गोल्ड मेडल लाकर मुजफ्फरनगर का नाम रोशन करने वाली छात्र वसुंधरा मलिक को 21 हजार रुपए का चौक और 5 किलो ड्राई फूट देकर सम्मानित किया गया।



# एमएलसी वंदना वर्मा ने किया गंगा स्नान घाट का निरीक्षण

**मोरना।** शुकतीर्थ में पहुंची विधान परिषद सदस्य वन्दना वर्मा ने गंगा स्नान घाट पर जाकर विकास कार्यों का जायज़ा लिया उन्होंने गंगा के घटते जलस्तर पर भी चिंता जाहिर की जहां साधु सन्तो द्वारा निर्माणधीन आरती स्थल को पीछे हटाने की मांग की गयी।

शुकतीर्थ में गंगा के घटते जल स्तर को लेकर साधु संतों में रोष व्याप्त है जहां साधु सन्त व श्रद्धालु गंगा में अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की मांग लगातार कर रहे हैं वह गंगा घाट सहित तीर्थ नगरी में पूर्ण स्वच्छता की मांग भी की जा रही है वहीं गंगा घाट के मध्य निर्माणधीन आरती स्थल को वहां से हटाने की मांग भी शुरू हो गयी है इसी बीच रविवार को गंगा घाट पर पहुंची एमएलसी वंदना वर्मा को महामंडलेश्वर स्वामी गोपाल दास ने बताया कि तीर्थ नगरी में विकास कार्यों पर बड़ा खर्च किया जा रहा है।किंतु निहित विकास कार्यों को कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।हाल ही में गंगा के दूसरे तट पर बने भवन जीर्णशीर्ण होने लगे हैं। करोड़ों रुपए के धन की बर्बादी की गई है। जिन कार्यो को अतिशीघ्र होना चाहिये वह नही होते। स्थानीय साधु संतों के सुझाव के बिना ही इधर-उधर पैसा लगाया जा रहा है।तीर्थ नगरी सहित गंगा घाट पर पूर्ण स्वच्छता नहीं है तथा गंगा का जलस्तर लगातार घट रहा है। जिससे श्रद्धालु व साधु संतों को स्नान करने में भारी परेशानी का सामना है गंगा में मोटरबोट का संचालन बंद हो गया है।जिससे अनेक लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। गंगा में पर्याप्त जल न होने से अनेक श्रद्धालु स्नान



किये बिना ही वापस लौट जा रहे हैं।गंगा में शीघ्र अतिरिक्त जल की व्यवस्था की जाए तथा साफ सफाई उचित रूप से की जाए व निर्माणधीन आरती स्थल को भी पीछे हटाया जाए। आरती स्थल के बनने से घाट संकुचित होगा तथा वहां बने गहरे गड्ढे से घाट पर कीचड़ फैल रही है। साधु संतों ने तीर्थ नगरी सहित गंगा घाट पर सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने की मांग की है व मांग पूरी न होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी है।

# अति पिछड़ा वर्ग संसद का गठन, सुमित प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** अति पिछड़े समाज की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक सम्मान, संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं नेतृत्व निर्माण को लेकर रविवार को सुमित प्रजापति कैंप कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता रणवीर सैनी ने की, जबकि संचालन सुमित प्रजापति ने किया। बैठक में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एवं फेडरेशन एससीईडब्ल्यूएएसटीएएमबी के महासचिव आर.आर. बाग तथा भारतीय अति पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान अति पिछड़े समाज के राजनीतिक, सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकारों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाज के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से ष्अति पिछड़ा वर्ग संसदष के गठन का निर्णय लिया। साथ ही सर्वसम्मति से सुमित प्रजापति को संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि आर.आर. बाग ने कहा कि देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अति पिछड़े समाज की प्रभावी राजनीतिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने संविधान प्रदत्त अधिकारों, सामाजिक न्याय, शिक्षा और संगठन को समाज की उन्नति का आधार बताते हुए युवाओं से नेतृत्व की भूमिका निभाने का आ]वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को अपने अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक मजबूती से लड़नी होगी। साथ ही हुकुम सिंह आयोग की रिपोर्ट को लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे अति पिछड़े वर्ग को न्याय मिल सकेगा। मोहन प्रजापति ने कहा कि अति पिछड़े समाज को अपने सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक अधिकारों के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने मिशन-2027 को समाज के सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता से घर-घर संपर्क अभियान चलाने का आह्वान किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि अति पिछड़े समाज की राजनीतिक भागीदारी, सामाजिक सम्मान, शैक्षणिक उन्नति एवं नेतृत्व निर्माण के लिए संगठित होकर कार्य करेंगे तथा मिशन-2027 को सफल बनाने के लिए गांव-गांव, वार्ड-वार्ड और बूथ-स्तर तक जनजागरण अभियान चलाएंगे। इस अवसर पर राकेश प्रजापति, मोदी लाल प्रधान, मनोज प्रधान, देवेंद्र प्रजापति, गज प्रजापति, महेंद्र सिंह कश्यप, धनवीर कश्यप, विनोद सैनी, रविंद्र कुमार, संतराम, रमेश, रामपाल, राजेंद्र टिटौड़ा, सतीश कुमार, अशोक पाल, सुभाष, मनीष, पंकज कुमार, रवि कुमार, दिनेश पाल, सुनील प्रजापति, सौरभ प्रजापति, ईश्वर, प्रवेश कुमार, ओम प्रकाश, प्रवीण कुमार प्रजापति, सुशील कुमार सैनी, नरेश प्रजापति, पवन प्रजापति, सत्य कुमार, मोहन प्रजापति और सोनू प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। बैठक का समापन समाज की एकता, सम्मान, संगठन और राजनीतिक सशक्तिकरण को और अधिक मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप

**मुजफ्फरनगर।** देहरादून निवासी अंशिका मित्तल ने मुज़फ्फरनगर में अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना तथा घर से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए सात दिन में कार्रवाई न होने पर ससुराल और मुख्यमंत्री आवास पर धरने की चेतावनी दी है। रुड़की रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित पत्रकार वार्ता में अंशिका मित्तल ने बताया कि उनका विवाह 22 जनवरी 2022 को मुज़फ्फरनगर के लक्ष्मण विहार निवासी अधिवक्ता अर्चित अग्रवाल से हुआ था। उनके अनुसार, विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। अंशिका ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा अपमानित किया गया।पत्रकार वार्ता के दौरान अंशिका ने यह भी बताया कि 26 जनवरी 2025 को उनके सास-ससुर ने एक शपथपत्र प्रकाशित कर उन्हें और उनके पति को संपत्ति से बेदखल करने की घोषणा की थी। हालांकि, अंशिका का कहना है कि उनके पति आज भी उसी घर में परिवार के साथ रह रहे हैं, जबकि उन्हें वैवाहिक घर से अलग कर दिया गया है।उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पति को घर में रहने का अधिकार है, तो पत्नी को उसके वैवाहिक अधिकारों से क्यों वंचित किया जा रहा है। अंशिका ने प्रशासन और पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी प्रकार की सहायता नहीं, बल्कि अपने वैधानिक और वैवाहिक अधिकार चाहती हैं।इस मामले में भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष विशाल मित्तल ने भी पीड़िता का समर्थन किया। उन्होंने प्रशासन को सात दिन का समय देते हुए चेतावनी दी कि यदि अंशिका को न्याय नहीं मिला, तो संगठन पहले उसके ससुराल के बाहर और आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री आवास के बाहर भी धरना देगा। पत्रकार वार्ता के दौरान अंशिका मित्तल के साथ सार्थक मित्तल, ममता मित्तल तथा कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंत्री कपिल को भाजपाई हिमांशु संगल ने बर्थ डे पर दी बधाई

**बुढाना।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के जन्म दिन पर उनको शुभकामनाए देने वालों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में कस्बा बुढ़ाना के प्रतिष्ठित व्यापारी और भाजपा नेता हिमांशु संगल राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के मुजफ्फरनगर शहर में स्थित आवास पर पहुंचे और उन्हें जन्म दिन की हार्दिक बधाई दी। हिमांशु संगल ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उन्हें फूलों का गुलदस्ता और एक विशेष स्मृति फेम भी भेंट किया। इस फेम में मंत्री कपिल देव के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बिताए गए यादगार पलों को सहेजा गया है। जन्म दिन के अवसर पर मंत्री आवास पर उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। कपिल देव अग्रवाल ने हिमांशु संगल और उपस्थित समर्थकों व स्थानीय लोगों के स्नेह और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य लोग भी मंत्री जी को बधाई देने पहुंचे। व्यापारी नेता हिमांशु संगल ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद के विकास और युवाओं के कौशल उन्नयन में मंत्री कपिल देव अग्रवाल का योगदान सराहनीय है। इस दौरान यहां पर शाहपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

### पुट्ठी बाईपास से बसें निकाल रहे चालक

**मीरापुर।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के चालकों द्वारा निर्धारित मार्ग की बजाय पुट्ठी निर्माणाधीन बाईपास से बसों का संचालन किए जाने से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही परिवहन निगम को भी राजस्व की हानि होने की आशंका जताई जा रही है। दैनिक यात्रियों ने परिवहन निगम के अधिकारियों से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर संचालित होने वाली सभी बसों को निर्धारित मार्ग से ही चलाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों और यात्रियों का आरोप है कि पिछले काफी समय से मेरठ, दिल्ली और बिजनौर रूट पर चलने वाली कई रोडवेज बसों के चालक अपनी सुविधा के अनुसार बसों को मीरापुर कस्बे के भीतर से ले जाने के बजाय पुठी के निर्माणाधीन बाईपास से निकाल रहे हैं। बाईपास का निर्माण कार्य अभी पूरी तरह से पूरा नहीं हुआ है, जिससे वहां आवागमन जोखिम भरा बना हुआ है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। यात्रियों का कहना है कि कई बार बस चालक मीरापुर जाने की बात कहकर यात्रियों को बस में बैठा लेते हैं, लेकिन बाद में उन्हें पुठी बाईपास पर ही उतार दिया जाता है। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# वाहन की टक्कर से रेहड़ा चालक की अस्पताल में मौत

**पुरकाजी।** गांव सुवाहेडी में रेहडा चालक को वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर तुरंत ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुरकाजी क्षेत्र के गांव सुवाहेडी में दोपहर के समय कस्बे के मुहल्ला नूरनगरीयान निवासी शहजाद हरिनगर से रेहडा लेकर वापस पुरकाजी लौट रहा था। जब रेहडा चालक सुवाहेड़ी पुलिया के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में रेहडा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। भाकियू नेता अफसर अली ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी, बहुत ही कम समय में एंबुलेंस संख्या यूपी 32 एफ जी 2497 के पायलट नितिन कुमार, ईएमटी गोविंद कुमार मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में पड़े युवक को उठाकर तुरंत ही पुरकाजी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। भाकियू नेता अफसर ने बताया 108 एंबुलेंस सूचना पर बहुत ही कम समय में मौके पर पहुंच गई थी जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिस कारण रेहडा चालक के जान बचाने के प्रयास शुरू हुए। देर शाम उपचार के दौरान रेहड़ा चालक की मौत हो गई।

# फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्याऊ सेवा का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा मेरठ रोड स्थित इंडस्ट्रियल एस्टेट के मुख्य द्वार के सामने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनसेवा के उद्देश्य से प्याऊ सेवा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप एवं पूर्व अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष इस सेवा शिविर का संचालन किया जाता है। शिविर में आने-जाने वाले लोगों को शीतल जल एवं मीठा शरबत नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। फेडरेशन के अध्यक्ष नीलकमलपुरी जी ने कहा कि सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए फेडरेशन निरंतर जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।

विशेष सहयोग टिकोला शुगर मिल के स्वामी अमित स्वरूप जी द्वारा चीनी का सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जबकि टेंट की व्यवस्था गांधी टेंट हाउस द्वारा की गई है। यह सेवा शिविर पूरे माह संचालित रहेगा। फेडरेशन के कोषाध्यक्ष आशीष बंसल ने बताया कि प्याऊ का संचालन फेडरेशन के सभी सदस्यों एवं सहयोगकर्ताओं के सहयोग से किया जा रहा है तथा सभी सदस्य उत्साहपूर्वक इसमें योगदान दे रहे हैं। फेडरेशन के सचिव अभिषेक अग्रवाल ने



सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक पुण्य एवं जनहितकारी कार्य है, जिसे फेडरेशन प्रत्येक वर्ष निरंतर संचालित करता रहेगा। इस अवसर पर सह सचिव आशीष गर्ग, उपाध्यक्ष अश्वनी मित्तल एवं राकेश जैन, पंकज मित्तल, पूर्व अध्यक्ष अंकित संगल, अशोक अग्रवाल, जीशान अहमद, सत्य प्रकाश, रिशु, सरदार अहमद, अमित गर्ग, शशांक मित्तल, शारिक सुल्तान, आकाश गुप्ता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।?

# पांच दिवसीय मोटापा निवारण शिविर का हुआ समापन

## साधकों ने बताया लाभकारी, नियमित योग को बनाया जीवन का हिस्सा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भारतीय योग संस्थान, खतौली के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय मोटापा निवारण योग शिविर का रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में समापन हो गया। पांच दिनों तक चले इस विशेष शिविर में प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार का अनुभव किया, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी लाभ प्राप्त किया।

समापन समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान निर्मल कुमार जैन ने की। इस अवसर पर जिला प्रधान बाबूराम वर्मा, महिला जिला प्रधान शशि गुप्ता, जिला मंत्री तेजेंद्र भाटिया तथा संगठन मंत्री जगमोहन जैन का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुण धारीवाल ने किया।

शिविर की संयोजिका सीमा गुप्ता ने मोटापा नियंत्रण के लिए उपयोगी सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास कराया। वहीं प्रशिक्षकों नरेश अग्रवाल, गीता जैन, राकेश गुप्ता, सरिता जैन, कुमकुम जैन, अंजली सिंह, सत्येंद्र काकरान, रोशनी सिंह, साध्वी ललिता, अरुण जैन और अनीता मेहता ने साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का प्रशिक्षण दिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों



को सूर्य नमस्कार, कमरचक्र आसन, वज्रासन, सिंह गर्जना, मधुर हास्य, शिथिल आसन, सर्प आसन, नितंब रोलिंग, पादचक्र आसन, शवासन तथा विविध प्राणायाम और ध्यान अभ्यास कराए गए। आसनों का प्रदर्शन प्रवित कुमार, अंजू ब्विकर्मा और अनुपा अग्रवाल ने किया। समापन सत्र में साधकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नियमित योग अभ्यास से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सकारात्मक परिणाम महसूस हुए हैं। अंजू ब्विकर्मा ने निष्काम कर्म और योग साधना को मोटापा नियंत्रण का प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी को निरंतर अभ्यास करने का संदेश दिया।शिविर संयोजक राकेश गुप्ता ने संस्थान द्वारा संचालित योग गतिविधियों, साहित्य और ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही योग कक्षाओं की जानकारी दी। संगठन मंत्री जगमोहन जैन ने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर बल दिया।

प्रांतीय प्रधान निर्मल कुमार जैन एवं जिला प्रधान बाबूराम वर्मा ने शिविर की सफलता के लिए सभी प्रशिक्षकों, पदाधिकारियों और साधकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और आनंदमय जीवन जीने की कला है।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को उनकी जमा धरोहर राशि लौटाई गई। शिविर की व्यवस्थाओं में प्रवीन अग्रवाल, डॉ. ब्रह्म सिंह एवं प्रवीन गुप्ता का विशेष योगदान रहा। वहीं मदन छाबड़ा, अंजू खुराना, सुधांशु जैन, पदमा तोमर, अनुपम जैन, रीता गुप्ता, सीमा जैन, किशोर गोयल, पुष्पलता, नीतू जैन, राजकुमारी शर्मा और नीलम उपाध्याय सहित अनेक लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# रेलवे ट्रैक पर पहुंचे युवक की पुलिस ने बचाई जान, सतर्कता से टला बड़ा हादसा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** घरेलू विवादों और पारिवारिक तनाव से परेशान एक युवक द्वारा उठाए जाने वाले आत्मघाती कदम को पुलिस की मुस्तैदी ने विफल कर दिया। समय रहते मिली सूचना पर सक्रिय हुई पीआरवी टीम ने रेलवे ट्रैक पर पहुंचे युवक को सुरक्षित बचाकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव शेखपुरा निवासी लवकुश पुत्र महेश चंद पिछले कुछ समय से घरेलू समस्याओं के कारण मानसिक तनाव में था। रविवार को वह निराश होकर रेलवे ट्रैक की ओर चला गया। किसी जागरूक नागरिक ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी, जिसके बाद पीआरवी-6547 पर तैनात कांस्टेबल शिव प्रसाद और होमगार्ड सुंदर बिना विलंब मौके के लिए रवाना हो गए। रेलवे ट्रैक पर पहुंचने के बाद पुलिसकर्मियों ने युवक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह आगे बढ़ता रहा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों पुलिसकर्मियों ने उसका पीछा किया। करीब डेढ़ किलोमीटर तक लगातार दौड़ने के बाद उन्होंने युवक को सुरक्षित पकड़ लिया और रेलवे लाइन से दूर ले गए। उनकी तत्परता के कारण एक संभावित दुर्घटना टल गई।युवक को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर पुलिसकर्मियों ने उससे बातचीत की और उसकी मानसिक स्थिति को समझने का प्रयास किया। उन्होंने धैर्यपूर्वक उसे समझाया तथा जीवन के प्रति सकारात्मक ख्रष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। काफी समझाइश के बाद युवक सामान्य हुआ। बाद में उसके परिजनों को बुलाकर उसे सकुशल उनके हवाले कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम की संवेदनशीलता और कर्तव्यपरायणता की सराहना की। लोगों का कहना है कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने न केवल एक युवक की जान बचाई, बल्कि उसके परिवार को भी गहरे दुख से बचा लिया। पुलिस अधिकारियों ने भी पीआरवी टीम के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव जीवन की रक्षा करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### नकली दवाईयां जब्त करने वाले कोतवाल हुए सम्मानित

**बुढ़ाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड की बुढ़ाना ईकाई के कुछेक पदाधिकारियों ने कोतवाली में पहुंचकर कोतवाली बुढ़ाना के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री का गले में पटका पहनाकर स्वागत किया। व्यापारी नेताओं ने पुलिस द्वारा दो दिन पहले ही नकली दवाइयों के डीलर को गिरफ्तार करने की बड़ी कार्रवाई की जमकर सराहना की और बुढ़ाना पुलिस टीम को बधाई भी दी। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल का कहना था कि नकली दवाओं के खिलाफ पुलिस की यह कार्रवाई आम जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इससे अपितु बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों पर पूर्ण रुप से अंकुश ही नही लगेगा बल्कि ऐसा घिनौना काम करने वाले सौ बार सोचेंगे। सभी व्यापारियों ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के इस कार्य की खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर यहां मुख्य रुप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बुढ़ाना ईकाई के पदाधिकारियों में अरविंद गोयल, अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, प्रमुख समाजसेवी राजीव गर्ग, नसीम भटियार, आसिफ अहमद, आयुष गर्ग, शिवम कंसल, रोमी जैन, नसीम अहमद और आशीष संगल अन्य व्यापारियों की भी उपस्थिति रही।

# विदाई समारोह में दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** मोरना -भोपा मार्ग पर युसुफपुर स्थित हरबीरी देवी भोपाल सिंह डिग्री कॉलेज के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बी ए एवं बी कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच विदाई दी गयी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कॉलेज के सचिव सौरभ सिंह व कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार शर्मा,विभागीय प्रमुख आशीष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया।कार्यक्रम में बॉलीवुड और लोक गीतों पर आधारित नृत्य, सुरीले गीतों की प्रस्तुति और कॉलेज के खटे-मीठे अनुभवों को दर्शाने वाले एक नाटक यादें ने उपस्थितजनो को भावुक कर दिया। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष टैलेंट हंट का भी आयोजन किया गया।

मिस्टर फेयरवेल छात्र वंश,मिस फेयरवेल मधु रानी को चुना गया । प्राचार्य डॉ विजय कुमार शर्मा ने कहाकी विदाई केवल एक पड़ाव है, अंत नहीं। हमारे छात्र देश-दुनिया में जहाँ भी जाएँ, कॉलेज का नाम रोशन करें। हमें पूरा विश्वास है कि यहाँ से मिले संस्कार और शिक्षा उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर सत्येंद्र कुमार, रोहतास कुमार ,अंकित कुमार , परविंदर राठी, कोमल, नेहा, अमित कुमार, शिवानी, सोफिया आदि मौजूद रहे।



मोरना। विदाई समारोह में भाग लेती छात्राएं।

# छेड़छाड़ के आरोपी वृद्ध को मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** थाना क्षेत्र की गांव निवासी एक महिला ने गांव के ही अधेड़ व्यक्ति पर छेड़छाड़ व ज़बरदस्ती का प्रयास करनेसहित अभद्र व्यवहार और जातिसूचक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने मुकदमा दर्ज करा बताया कि उसका पति बाहर रहकर रोजगार करता है। वह बच्चों संग घर पर रहती है।गांव का ही व्यक्ति अकबर उसपर बुरी नजर रखता है। और अक्सर छेड़छाड़ करता रहता है।और विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो जाता है । महिला का आरोप है कि शनिवार की सुबह जब वह घर पर अकेली थी और बाहर नाली की स्फाई कर रही थी, तभी आरोपी वहां।आया और उसके साथ बदनियति से छेड़छाड़ करते हुए उसके शरीर पर हाथ फेरने लगा। और बहका फुसलाकर कर बराबर की गली में ले गया।जहां उसने अनैतिक कार्य का प्रयास किया। वह घबराकर अपने घर चली गयी। पीड़िता ने अरोपी के परिवार के सदस्य से इस सम्बंध में शिकायत की तभी अकबर भी वहां पहुंच गया और फिर से सरेआम सार्वजनिक स्थान पर छेड़छाड़ कर दबंगता का प्रदर्शन करते हुए जातिसूचक अभद्र टिप्पणी भी की। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।जहां से उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।मामला भिन्न सम्प्रदाय से जुड़ा होने के कारण तनाव की आशंका उतपन्न हो गयी।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धर्मांतरण प्रकरण को लेकर हिंदू संगठन का रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने रविवार को शामली रेलवे स्टेशन पर कथित धर्मांतरण प्रकरण को लेकर प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की। संगठन के कार्यकर्ताओं ने मेडिकल व्यवसायी के पुत्र के धर्म परिवर्तन के मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ललित शर्मा ने अर्द्धनग्न होकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि शहर के भारत मेडिकल स्टोर संचालक देवराज मलिक के पुत्र आयुष के कथित धर्मांतरण के मामले की गंभीरता से जांच की जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में कुछ लोगों की भूमिका संदिग्ध है और पूरे प्रकरण का खुलासा होना चाहिए। हिंदू रक्षा दल के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह उर्फ दीपक ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह मामला संवेदनशील है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि यह भी पता लगाया जाए कि युवक पर किसी प्रकार का दबाव या प्रभाव तो नहीं डाला गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक निजी चिकित्सक तथा कैराना सांसद के खिलाफ भी नारेबाजी की। हालांकि किसी आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। संगठन ने सरकार से मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। हंगामे की आशंका को देखते हुए रेलवे स्टेशन परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सीओ जितेंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा और थाना आदर्शमंडी प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद संगठन के पदाधिकारी चेतावनी देकर शांतिपूर्वक लौट गए।

## धर्मांतरण मामले में पिता-पुत्री गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**शामली।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजीवाड़ा में युवक के कथित धर्मांतरण के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पिता-पुत्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने बताया कि गत 4 जून को विभिन्न माध्यमों से सूचना मिली थी कि मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी कुछ लोगों ने दयानंद नगर निवासी आयुष मलिक को अपने प्रभाव में लेकर उसका धर्म परिवर्तन कराया है। आरोप है कि आरोपियों ने चार वर्ष पुराना कथित निकाहनामा दिखाकर युवक और उसके परिवार पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया। विरोध करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस संबंध में 6 जून को आयुष मलिक के पिता देवराज मलिक की तहरीर पर कोतवाली शामली में नौ नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराएं भी शामिल की गई हैं। एसपी ने बताया कि रविवार को कोतवाली पुलिस ने मामले की मुख्य आरोपी तथा उसके पिता इस्लाम कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी मोहल्ला काजीवाड़ा के निवासी हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। वहीं, मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गई हैं और उनकी तलाश जारी है।

## कैराना पुलिस की बड़ी सफलता: दो चोरी की वारदातों का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए हरियाणा निवासी दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की नकदी, आधार कार्ड, अवैध तमंचा, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, गत 13 मई को मोहल्ला बिसातियान निवासी रहान की जनरल स्टोर की दुकान का शटर उखाड़कर चोर नकदी व सामान चोरी कर ले गए थे। इसके अलावा दो जून को झाड़खेड़ी निवासी सुनील कुमार उर्फ मिंटू की तितरवाड़ा चुंगी स्थित बैटरी एवं इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान से गल्ले में रखी नकदी चोरी कर ली गई थी। दोनों मामलों में थाना कैराना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी हुई थी। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने शनिवार रात कार्रवाई करते हुए दोनों घटनाओं का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मोहित सिंह पुत्र महावीर निवासी गांव जोरासी केवलगढ़ी थाना समालखा जिला पानीपत तथा सुनील सैनी पुत्र राजू निवासी गांव मतरौली थाना समालखा जिला पानीपत (हरियाणा) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 40,200 रुपये नकद, वादी का आधार कार्ड, दूसरी घटना से संबंधित 2,400 रुपये नकद, एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## बकरीद पर बहन से मिलने गए युवक और उसकी मां को पीटा, बंधक बनाने का भी आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला परीजादगान निवासी खुर्रम खान ने कोतवाली कैराना में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई है। खुर्रम के मुताबिक, बीते 30 मई को वह अपनी मां के साथ मोहल्ला अफगानान में रहने वाली अपनी बड़ी बहन सोबिया के घर बकरीद की मुबारकबाद देने और मिलने गया था। आरोप है कि दोपहर करीब एक बजे जब वे वापस लौट रहे थे, तभी उसके बहनोई अब्दुल्ला, अब्दुल बारी, जनित और मोबीना ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते आरोपियों ने खुर्रम और उसकी मां की पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी अब्दुल बारी ने खुर्रम पर धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब खुर्रम की सात महीने की गर्भवती बहन सोबिया ने अपनी मां और भाई को बचाने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने उसकी भी बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से घर का दरवाजा बंद कर बंधक बना लिया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए पीड़ितों को बंधनमुक्त कराया। पुलिस के अनुसार, यह मामला दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद का लग रहा है। इस घटना से दो दिन पहले सोबिया के पति अब्दुल्ला ने भी सोबिया की मां और भाई (खुर्रम) समेत पांच लोगों के खिलाफ हमले का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित खुर्रम खान की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। चूंकि दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, इसलिए पुलिस निष्पक्षता से मामले की गहन जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गन्ने की फसल में खरपतवार नाशक दवा छिड़कने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किसान सोमपाल ने उप जिलाधिकारी विनय प्रताप भदौरिया को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी गन्ने की फसल पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रसायनिक दवा का छिड़काव कर दिया गया, जिससे पूरी फसल प्रभावित होकर झुलस गई। किसान का कहना है कि यह जानबूझकर किया गया नुकसान है, जिससे उसे आर्थिक रूप से भारी क्षति हुई है।पीड़ित किसान ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। किसान का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो उसकी मेहनत और लागत पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी। मामले की शिकायत मिलने पर उप जिलाधिकारी ने पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# 11 हजारी लाइन की चपेट में आकर झुलसा किशोर

**□ ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव ऊदपुर में बिजली विभाग की कथित लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। गांव की सहकारी समिति के पास से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है और उन्होंने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार उमर पुत्र आशु सहकारी समिति के पास



मौजूद था, तभी वह वहां लटक रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि सहकारी समिति के निकट गुजर रही 11 केवी की लाइन जमीन से मात्र लगभग छह फीट की ऊंचाई पर लटकी हुई है, जो लगातार खतरे का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार लाइनमैन, जेई और संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर लाइन को ऊंचा कराने की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यह पहली घटना नहीं है। करीब छह वर्ष पूर्व इसी स्थान पर खेलते समय नुसरत पुत्र शरीफ की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। उस हादसे के बाद भी विभाग द्वारा कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। एक ही स्थान पर बार-बार हो रहे हादसों को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते लाइन को मानकों के अनुसार सुरक्षित ऊंचाई पर कर दिया जाता, तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता था।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई करने तथा क्षेत्र की सभी खतरनाक बिजली लाइनों को तत्काल सुरक्षित कराने की मांग की है। लगातार हो रही घटनाओं से गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## पुलिस लाइन में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शामली।** पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को पुलिस लाइन में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न सामान्य एवं दीर्घकालिक बीमारियों की जांच कर रोगियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उचित होम्योपैथिक उपचार एवं परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, तनाव प्रबंधन तथा रोगों से बचाव के उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे उपयोगी बताया।

# 14 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार से 14 दिवसीय विशाल निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ नगर पालिका की ऊपरी मंजिल पर किया गया। यह शिविर 20 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें आमजन को योग और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शिविर का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पदाधिकारियों, सदस्यों एवं योग साधकों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद आयोजित योगाभ्यास सत्र में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ग्रीवा चालन, स्कंध चालन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, कटिचक्रासन, वक्रासन, भुजंगासन, शलभासन, मकरासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, कपालभाति, शीतली प्राणायाम तथा अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। योग सत्र का समापन प्रार्थना और शांति पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि योग स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा व्यक्ति तनावमुक्त जीवन जी सकता है। उन्होंने योग साधकों से अपने मित्रों, परिचितों और आसपास के लोगों को भी शिविर से जोड़ने का आहवान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली अपना सकें। शिविर में रमेश बजाज, सर्वन संगल, रण कुमार शर्मा, ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, जयपाल सिंह, अरविंद मलिक, सुभाष चंद्र शर्मा, रविंद्र सिंह, अशोक चावला, कविता गुप्ता, शिक्षा शर्मा, उषा सिंह, रेखा राणा और पूनम शर्मा सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

## गांधी चौक पर सड़क निर्माण शुरू, राहगीरों और व्यापारियों को उठानी पड़ रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका द्वारा शहर के व्यस्ततम गांधी चौक पर सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क तोड़े जाने और एक ओर का मार्ग बंद किए जाने से राहगीरों, वाहन चालकों तथा व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के चलते लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है। नगर पालिका की ओर से सड़क निर्माण के लिए गांधी चौक की पुरानी सड़क को पूरी तरह उखाड़ दिया गया है। इसके चलते सड़क पर कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। वहीं निर्माण कार्य के लिए बैरिकेडिंग लगाकर एक तरफ का रास्ता भी बंद कर दिया गया है, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है। रविवार को सड़क पर बने गड्ढों के कारण कई छोटे बच्चे संतुलन बिगड़ने से गिरकर चोटिल हो गए। इसके अलावा बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों, ई-रिक्शा संचालकों और अन्य वाहन चालकों को गांधी चौक की बजाय मुरारी वाला कुआं रोड, नया बाजार रोड और शिवमूर्ति मार्ग से होकर गुजरना पड़ा। व्यापारियों का कहना है कि गांधी चौक शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है और दिनभर यहां भारी भीड़ रहती है। सड़क निर्माण के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने नगर पालिका से मांग की है कि निर्माण कार्य को तेजी से पूरा किया जाए तथा संभव हो तो रात के समय कार्य कराया जाए, ताकि बाजार और यातायात पर कम से कम प्रभाव पड़े।नगरवासियों ने भी निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए जाने की मांग की है।

# मिशन शक्ति में बालिकाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेज-5.2 अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना भवन पुलिस द्वारा कस्बा क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना तथा उन्हें अपने अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के तहत मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम तथा हेड कांस्टेबल जर्रार ने कस्बा थानाभवन क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्हें नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने बताया कि नए कानूनों का उद्देश्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी और पीड़ितों के हितों के अनुरूप बनाना है। साथ ही महिलाओं को अधिक सुरक्षा और अधिकार प्रदान करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। अभियान के दौरान साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, छेड़खानी, बाल अपराध और महिला सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात




स्थिति या अपराध की सूचना तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दी जा सकती है। इस अवसर पर 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना और ऑपरेशन सवेरा जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी साझा की गई। पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

अभियान के दौरान महिलाओं ने भी विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की और कार्यक्रम की सराहना की।

## युवक की मौत के मामले में साथी के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई

**शामली।** कोतवाली क्षेत्र में करनाल रोड पर 15 दिन पूर्व मिले युवक नितिश के शव के मामले में अब परिजनों ने उसके एक साथी के खिलाफ शहर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। गांव बधेव निवासी मुकेश भारद्वाज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र नितिश 24 मई को दिल्ली से शामली आया था। शामली पहुंचने के बाद वह अपने परिचित के यहां से बाइक लेकर गांव के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। अगले दिन 25 मई की सुबह पुलिस ने परिजनों को नितिश की मौत की सूचना दी। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित परिजनों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में रात करीब साढ़े दस बजे नितिश का साथी रवि निवासी गांव मालेंडी उसकी बाइक और मोबाइल फोन लेकर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि रवि द्वारा न केवल बाइक और मोबाइल का दुरुपयोग किया जा रहा था, बल्कि नितिश की मौत में भी उसकी भूमिका संदिग्ध है। इसी आधार पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं से मामले की छानबीन की जा रही है।

## तीन किसानों के नलकूपों से केबल काटकर ले गए चोर, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में किसानों के नलकूपों को निशाना बनाने वाले चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला ग्राम मनटमंटी का है, जहां अज्ञात चोरों ने तीन किसानों के ट्यूबवेलों से बिजली की केबल काटकर चोरी कर ली। घटना के बाद किसानों में रोष व्याप्त है और उन्होंने पुलिस से जल्द खुलासे की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम मनट मंटी निवासी सुरेशपाल पुत्र पीतांबर के खेत में लगे समरसेबल पंप से चोर करीब 18 फीट केबल काटकर ले गए। इसी तरह रामकुमार पुत्र किरपाल के ट्यूबवेल से 26 फीट तथा कंवरपाल पुत्र विजयपाल के ट्यूबवेल से 18 फीट केबल चोरी कर ली गई। सुबह खेत पर पहुंचे किसानों को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उनके होश उड़ गए।केबल चोरी होने से किसानों के सामने फसलों की सिंचाई का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसान सुरेशपाल ने थानाभवन थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि गत माह हसनपुर लुहारी गांव में भी पांच किसानों के ट्यूबवेलों से उपकरण चोरी होने की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के किसानों में असुरक्षा का माहौल है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने तथा चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, नातिन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह चौसाना मार्ग पर ज्वालानाथ फिलिंग स्टेशन के निकट रविवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठी आठ वर्षीय बालिका घायल हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंसूरा निवासी शाहदीन पुत्र अलीजान अपनी आठ वर्षीय नातिन हुमैरा के साथ बाइक से हरियाणा के यमुनानगर जा रहे थे। रविवार सुबह करीब सवा आठ बजे जब वे चौसाना चौकी क्षेत्र में गंगोह मार्ग पर ज्वालानाथ फिलिंग स्टेशन के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार शाहदीन और बच्ची हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरे।

हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए।सूचना पर चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीआरवी की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झिंझाना भेजा गया। चिकित्सकों ने शाहदीन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर



दिया, जबकि बालिका को प्राथमिक उपचार दिया गया।जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देर शाम शाहदीन की मौत हो गई। उनकी मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।चौकी प्रभारी संदीप यादव ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। अभी तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कार और बाइक की टक्कर में बच्चा घायल, समझौते के बाद मामला निपटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** रविवार दोपहर चौसाना कस्बे के थानाभवन बस स्टैंड के निकट कार और बाइक की टक्कर में एक बच्चा घायल हो गया। जनपद सहारनपुर के गंगोह निवासी नाजमा अपने पड़ोसी सजर के साथ बाइक पर सवार होकर अपने पोते अब्दुल समद को दवाई दिलाने चौसाना आई थीं। दवाई लेने के बाद तीनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक थानाभवन बस स्टैंड के पास पहुंची, तभी बराबर से गुजर रही एक कार की बाइक से साइड लग गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक पर बैठा अब्दुल समद घायल हो गया, जबकि बाइक चालक सजर और नाजमा को कोई गंभीर चोट नहीं आई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल बच्चे को उपचार के लिए चिकित्सक के पास पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बच्चे की स्थिति सामान्य बताते हुए उसे छुट्टी दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा करा दिया और मामले की जानकारी जुटाई। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, जिसमें आपसी सहमति से समझौता हो गया। समझौते के बाद किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम व बाबरी में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# रेत से भरे डम्परों से ट्रॉली हुई क्षतिग्रस्त, हंगामा

## ग्रामीणों ने विरोध के साथ ही खनन वाहनों का रास्ता रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** मंगलौरा में यमुना नदी क्षेत्र में आवंटित रेत खनन पट्टे से निकलने वाले ओवरलोड डम्परों को गांव के बीच से गुजरने को लेकर विवाद गहरा गया। शनिवार देर शाम ट्रॉली क्षतिग्रस्त होने की घटना के बाद ग्रामीण भड़क उठे और रेत से भरे वाहनों का रास्ता रोक दिया।जानकारी के अनुसार मंगलौरा गांव में यमुना नदी के किनारे रेत खनन का पट्टा हाल ही में आवंटित किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन स्थल से निकलने वाले रेत से भरे डम्पर भारी ओवरलोड होकर तेज गति से गांव के बीच से गुजरते हैं, जिससे रास्ते टूट रहे हैं और हादसों का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने पूर्व में ही खनन संचालकों को स्पष्ट रूप से गांव के बीच से वाहन न निकालने की चेतावनी दी थी। एहतियातन ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग को भी बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया था, ताकि खनन वाहन यमुना के रास्ते बिडौली पुल की ओर से निकल सकें।





आरोप है कि शनिवार देर शाम एक डम्पर गांव के बीच से होकर गुजरा और रास्ता रोकने के लिए लगाई गई ट्रॉली को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए तथा खनन वाहनों को रोक दिया। सूचना पर बिडौली और झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से वार्ता कर स्थिति को शांत कराया। देर रात दोनों पक्षों के बीच वाहनों को बिडौली मार्ग से निकालने पर सहमति बनी, जिसके बाद खनन कार्य पुनः शुरू किया गया।तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस पूरी रात सतर्क रही। ग्रामीणों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाई जाए और गांव के भीतर से आवागमन पूरी तरह बंद हो।

## बारिश के बाद भी उमस बढ़ी, लोग रहे बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार सुबह हुई हल्की बारिश के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत नहीं मिल सकी। मौसम साफ होते ही तेज धूप निकलने से वातावरण में नमी बढ़ गई, जिससे लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल नजर आए। पिछले दो-तीन दिनों से क्षेत्र में गर्मी और उमस ने आम जनजीवन प्रभावित कर रखा है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। रविवार सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में काले बादल छाने के बाद कुछ देर के लिए झमाझम बारिश हुई, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद जगी। हालांकि यह बारिश ज्यादा देर तक नहीं टिकी और कुछ ही समय बाद मौसम साफ हो गया। तेज धूप निकलने से उमस और बढ़ गई।

**एक नजर**

## स्कूटी की टक्कर को लेकर दो पक्षों में मारपीट, व्यापारियों ने कराया समझौता

**शामली।** गांधी चौक पर रविवार सुबह स्कूटी की मामूली टक्कर को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। हालांकि बाद में शहर के व्यापारियों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी चंचल गोयल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार सुबह करीब नौ बजे स्कूटी से सब्जी लेने जा रहा था। आरोप है कि गांधी चौक पर मनोज और उसके पुत्र शुभम की स्कूटी से उसकी स्कूटी की टक्कर हो गई, जिससे वह सड़क पर गिर गया। चंचल का आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया और उसके साथ मारपीट की। उसने कुछ लोगों पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला करने का भी आरोप लगाया, जिससे उसे चोटें आईं। वहीं दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी और आरोप लगाया कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही शहर के कई व्यापारी और गणमान्य लोग मौके पर पहुंच गए। व्यापारियों विशाल गुप्ता, अमित गर्ग, राजेश बजाज और मोहित बंसल समेत अन्य लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया, जिसके चलते विवाद समाप्त हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी मिली थी और दोनों पक्षों द्वारा समझौता किए जाने की बात सामने आई है।

## पति की मौत के बाद महिला ने ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पति की मृत्यु के बाद ससुराल पक्ष द्वारा उत्पीड़न किए जाने और घर से निकालने के आरोप में एक महिला ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई तथा उसे अपनी दो बेटियों सहित घर छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। बागपत जनपद के गांव शबगा निवासी सोनिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2017 में शहर के मोहल्ला पंसारियान निवासी विकल पुत्र रो. हताश के साथ हुई थी। उसके अनुसार 5 अप्रैल 2026 को उसके पति एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी उपचार के दौरान 10 अप्रैल को मृत्यु हो गई। पीड़िता का आरोप है कि पति की मौत के बाद उसकी सास, ससुर, देवर और ननद छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ विवाद करने लगे। महिला का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उसे और उसकी दोनों बेटियों को घर में रखने से इनकार कर रहे थे तथा लगातार घर छोड़ने का दबाव बना रहे थे। सोनिया ने आरोप लगाया कि रविवार सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। इसके बाद उसे धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया गया। महिला का यह भी आरा.
`प है कि इस दौरान उसका मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया गया।पीड़िता ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है तथा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।?

## खाने को लेकर हुए विवाद में पत्नी ने पति पर चाकू से किया हमला, हालत गंभीर

**कैराना।** नगर के मोहल्ला सरावज्ञान में घरेलू कलह के चलते एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहाँ भोजन को लेकर हुए मामूली विवाद में एक पत्नी ने अपने ही पति पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुँची मां ने बीच-बचाव कर युवक की जान बचाई। पुलिस ने पीड़ित पति की तहरीर पर आरोपी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। मोहल्ला सरावज्ञान निवासी शुभम गर्ग का विवाह करीब चार महीने पहले गाजियाबाद जनपद के दादरी की रहने वाली युवती के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही दोनों के बीच किसी न किसी बात को लेकर घरेलू विवाद चल रहा था और दोनों में अनबन रहती थी। पीड़ित शुभम गर्ग ने कैराना कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे उसका पत्नी के साथ भोजन को लेकर कुछ विवाद हो गया था। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर पत्नी रसोई में गई और वहाँ से सब्जी काटने वाला चाकू ले आई। आरोप है कि उसने शुभम पर चाकू से कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। शुभम की चीख-पुकार सुनकर मां तुरंत मौके पर पहुँची और बीच-बचाव करते हुए उसे बचाया।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जिला एवं बूथ कमेटियों के गठन, वोटर लिस्ट सत्यापन और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरते हुए आलोचना की गई।



नगर के करनाल रोड स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र ताना ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए जिला कमेटी और बूथ कमेटियों का शीघ्र गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और पार्टी कार्यकर्ताओं को वोटर लिस्ट के सत्यापन अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से समाजवादी पार्टी के आंदोलनों और जनहित के मुद्दों को लेकर एकजुट होकर काम करने का आहवान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश और केंद्र सरकार महंगाई तथा भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने में विफल रही हैं, जिससे आम जनता परेशान है। बैठक में इन मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा तीनों विधानसभा क्षेत्रों के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की समीक्षा की गई तथा शिक्षक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी की आगामी योजनाओं और संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इस अवसर पर शेर सिंह राणा, दीपा पंवार, राशिद चौहान एडवोकेट, सुरेश प्रधान, वतन सिंह सैनी, प्रदीप सिंभालका, कलीम हसन, शमशाद बलवा, शमशेर जंग, अ श्वनी गुर्जर, विपिन रोड, राहुल राणा समेत अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर 8 सगे संबंधियों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस से न्याय न मिलने पर एक पीड़ित परिवार को आखिरकार न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद थाना भवन पुलिस ने खेत की मेड़ के विवाद में घर में घुसकर मारपीट और जानलेवा हमला करने के आरोप में आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला थाना क्षेत्र के ग्राम सो. हजनी उमरपुर का है। गांव निवासी नौशाद पुत्र यामीन का अपने चचेरे भाइयों के साथ खेत की मेड़ को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते 4 मई को विपक्षी पक्ष के लोग एकजुट होकर नौशाद के घर पहुंच गए और घर में घुसकर लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में नौशाद और उसके परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाना भवन पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल कराया गया। नौशाद का आरोप है कि उसने पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन स्थानीय स्तर पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद 11 मई को उसने पुलिस अधीक्षक शामली को भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगातार अधिकारियों के चक्कर लगाने के बावजूद सुनवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने थाना भवन पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, भक्ति और श्रद्धा का माहौल

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव ढिंढाली स्थित शनिधाम में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।भंडारे में आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ राहगीरों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजकों ने बताया कि भंडारे का उद्देश्य धार्मिक आस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारा, सेवा भाव और एकता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।भंडारे के सफल आयोजन में रोहित सैनी, गौरव सैनी, पंकज, भीम सैनी, रमन, श्यामलाल सैनी, राजकुमार, संकेत, रवि कुमार सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्था और सेवा कार्यों की लोगों ने प्रशंसा की।

## किसान नेता की पत्नी की रस्म तेरहवीं पर दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेता रविन्द्र राणा की पत्नी सरला सिंह की रस्म तेरहवीं पर रविवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान नेता और संगठन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार रविन्द्र राणा की धर्मपत्नी सरला सिंह का 27 मई को बीमारी के चलते निधन हो गया था। रविवार को गांव दुल्लाखेड़ी स्थित उनके आवास पर रस्म तेरहवीं का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर कई प्रमुख लोग मौजूद रहे, जिनमें मनोज राणा, धर्मेंद्र मलिक, लाखन सिंह, पप्पू प्रधान, रामपाल सिंह सहित कई अन्य नेता एवं संगठन पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने सरला सिंह के व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# बहन के साथ नहाने गई बालिका नहर में डूबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बहन के साथ नहर में नहाने गई नौ वर्षीय बालिका पानी में डूब गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी लेते हुए बालिका की तलाश शुरू कराई। रविवार देर शाम तक भी बच्ची का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस व एनडीआरएफ समेत कई टीमें बच्ची की तलाश में जुटी है।

तैयबपुर बड़ा गांव निवासी विधवा रुखसाना की नौ वर्षीय बेटी अलीना अपनी 12 वर्षीय बड़ी बहन इल्मा के साथ शनिवार की शाम करीब पांच बजे गांव के समीप रुडकी की तरफ से आ रही नहर में नहाने गई थी। नहर के किनारे नहाने के दौरान अलीना का पैर फिसला और वह पानी के साथ बह गई। बड़ी बहन इल्मा ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रही। बाद में बच्ची अपनी बहन के चप्पल लेकर घर पहुंची। रात करीब आठ बजे घर लौटी मां को उसने बहन के डूबने की बात बताई। माता रुखसाना ने इसकी सूचना गांव के प्रधान राजीव को दी। प्रधान द्वारा फोन कर पुलिस को मौके पर बुलाया गया। सीओ अभितेष सिंह और कोतवाली प्रभारी कपिल देव भी मौके पर पहुंचे और बच्ची की तलाश शुरू कराई। रविवार सुबह



एनडीआरएफ को मौके पर बुलाया गया, उन्होंने दिन भर बालिका की तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सीओ अभितेष सिंह का कहना है कि गोताखोरों के अलावा अन्य तकनीकी टीमों की मदद से बच्ची का रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का पूरा प्रयास है कि बच्ची को सकुशल बरामद किया जाए। फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है, पुलिस अपने पूरे प्रयास के साथ लगी है। जल्द ही बच्ची के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

## सीएम व डीजीपी को पत्र भेजकर भूमि पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मंझौल गांव निवासी भरत सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीजीपी को पत्र लिखकर गांव के कुछ लोगों पर तालाब की भूमि पर मिट्टी का भराव कर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है।

भरत का कहना है कि उसके घर के पास स्थित खसरा नंबर 669 तालाब की भूमि के नाम पर दर्ज है। लगातार मिट्टी के भराव और निर्माण कार्य के चलते उसके घर को नुकसान पहुंच रहा है। सुरक्षा दृष्टि के चलते अपने घर के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे, जिन्हें उक्त लोगों ने उतरवा दिए। पीड़ित ने स्थानीय अधिकारियों को भी शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# ग्रामीणों ने की टायर जलाने वाली फैक्ट्री पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षेत्र के गांव सुलतानपुर से तल्हेड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन टायर जलाने वाली फैक्टरी का विरोध शुरू हो गया है। गांव सुलतानपुर, बास्तम और रास्तम के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से फैक्ट्री की जांच कराकर कार्रवाई कर रोक लगाने की मांग की है। वहीं, इस संबंध में बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने भी मंडलायुक्त को पत्र भेजा है।



गांव सुल्तानपुर, बास्तम और रास्तम के ग्रामीण बिट्टू त्यागी, विनय त्यागी, राजकुमार, विकास कुमार, सुभाष त्यागी, संदीप कुमार, अमित कुमार, हिमांशु, सुशील त्यागी आदि का कहना है कि सुलतानपुर से तल्हेड़ी जाने वाले मार्ग पर एक खेत में फर्जी तरीके से टायर जलाने वाली फैक्टरी का निर्माण किया जा रहा है। फैक्टरी संचालन के बाद उससे निकलने वाला काला धुआं और जहरीली गैसे क्षेत्र के वातावरण को प्रदूषित करेंगी और लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर दुष्प्रभाव पड़ेगा।

वहीं, बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने इस मामले में मंडलायुक्त को पत्र भेजा है। जिसमें बताया है कि टायर जलाने वाली फैक्टरी को जिस भूमि पर लगाया जा रहा उसके कुरहे व धारा 80 भी नहीं कराई गई है। आरोप है कि राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने सरकारी अभिलेखों में छेड़छाड़ की और बगैर मानक पूरे किए ही एनआ.
`सी जारी करा दी। विकास त्यागी ने मंडलायुक्त से प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई किये जानें की मांग की है।

## फ्री मेडिकल कैम्प में जांच कर दवाइयों का हुआ वितरण, मरीजों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्वाधान में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों की जाँच कर दवाइयां मुफ्त भी वितरित की गई।

मोहल्ला पठानपुरा नई कलोनी मे जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के तत्वाधान मे फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मरीजों की जाँच कर दवाइयां मुफ्त दिए जाने के साथ ही आंखों की जाँच कर चश्मे एवं आई ड्रॉप का वितरण किया गया। इसमें लगभग 240 मरीजों ने कैम्प का लाभ उठाया।

इस अवसर पर जामियातुल कुदसियात शिक्षा समिति के सचिव कारी आमीर उस्मानी मैनेजमेंट, डारेक्ट मुकीम अब्बासी आदि समिति के लोग संयुक्त रूप से शामिल रहे।




# युवकों के साथ मारपीट करने पर समाज के लोगों ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बाइक की टक्कर लगने के मामूली सी विवाद में एक दर्जन से अधिक युवकों द्वारा सिख समुदाय के दो युवकों के साथ मारपीट करते हुए पगड़ी खींचने और कृपाण छीन लेने की घटना से नाराज समाज के लोगों ने कोतवाली पहुंच आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

तल्हेड़ी बुजुर्ग गांव में नकुड़ के मोहल्ला चौधरियान निवासी निहंग संप्रदाय के हरकीरत सिंह और उनके भाई परमजोत सिंह के साथ मामूली से विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना के विरोध में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत सिंह सेठी, बाबा रंजीत सिंह पनियाली, नरेंद्र सिंह, मोनी सिंह, मोहित मल्होत्रा, बलदीप सिंह, श्यामलाल भारती, हरविंद्र सिंह बेदी, ईश्वर सिंह एड, कर्मजीत सिंह समेत काफी संख्या में सिख समाज के लोग कोतवाली पहुंचे और हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार करते हुए कृपाण बरामद कराए जाने की मांग की।






पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वा. सन देते हुए बताया कि घटना के संबंध में परमजोत सिंह की तहरीर पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# पूनम हत्याकाण्ड में पुलिस कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नगर के प्रमुख कॉस्मेटिक व्यापारी संजय मित्तल की पत्नी पूनम मित्तल की शोक सभा में रविवार को जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इस दौरान पीड़ित परिवार और व्यापारियों ने पूनम मित्तल हत्याकांड में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि 1 जून को अंबेहटा में दिनदहाड़े घर में घुसकर अज्ञात हमलावरों ने पूनम मित्तल की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, लेकिन इस कार्रवाई से पीड़ित परिवार और व्यापारी वर्ग संतुष्ट नजर नहीं आया। शोक सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह राणा, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा, भाजपा नेता वेद भूषण गुप्त ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी तथा भाजपा नेता पवन सिंह राठौर के समक्ष पीड़ित परिवार ने अपनी पीड़ा व्यक्त की।

परिजनों और व्यापारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में गंभीर अपराधों के मामलों में पुलिस सख्त कार्रवाई करती है, लेकिन इस जघन्य हत्याकांड में अब तक कोई ठोस और संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद से परिवार में भय का माहौल है और उन्हें अंबेहटा छोड़ने तक का निर्णय लेना पड़ा।

व्यापारियों ने जनप्रतिनिधियों से मांग की कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए तथा मुख्यमंत्री से मिलकर मामले को उनके संज्ञान में लाया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को कड़ी सजा नहीं मिलती, तब तक व्यापारी समाज का आक्रोश शांत नहीं होगा। इस पर जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी बात सरकार तक पहुंचाई जाएगी और मामले में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई कराने का प्रयास किया जाएगा।

शोक सभा में जशवीर गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार खुराना, पूर्व चेयरमैन इनाम शाकिर, सभासद दानिश शफीक, नरेश गोयल, रवि अग्रवाल, निखिल गोयल, व्यापार मंडल गंगोह के पदाधिकारी, चन्द्रशेखर मित्तल, सुधीर मित्तल, भाजपा नेता जगदीश पंवार, प्रधान प्रेम चंद सैनी,तारिक चौधरी, अमित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खनन के 5 ट्रक सीज, चार गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम द्वारा अवैध खनन पर बड़ा प्रहार करके 4 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर 5 वाहन ट्रकों को सीज किया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार को मुकदमा वादी जिला खनन निरीक्षक अभिलाष चौबे खान की लिखित तहरीर पर 5 ट्रक, वाहन चालक तथा स्वामी द्वारा संगम स्टोन क्रेशर बरथा तहसील बेहट व नेशनल स्टोन क्रेशर बरथा तहसील बेहट सहारनपुर के साथ मिलकर बिना खनन परिपत्रो के चोरी से ट्रक वाहनों मे खनन सामग्री भरकर अवैध रूप से परिवहन करने के सम्बन्ध में संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। तत्पश्चात थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में फरार आरोपी हमजा पुत्र इरफान निवासी ग्राम दबकौरा थाना बेहट, उजैर पुत्र अफसर निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड, इरतजा पुत्र मुस्तफा निवासी पलठेडी थाना गढी पुख्ता जिला शामली, मारूफ पुत्र नौशाद निवासी तिसंग थाना जानसठ जिला मुजफ्फरनगर को चिलकाना से गिरफ्तार किया गया। वहीं सभी वाहन ट्रकों को कब्जे में लेकर सीज किया गया। कार्यवाही टीम में एसआई सुखबीर सिह, कांस्टेबल नितिन शर्मा, नितिन धनकड़, अमन कुमार तथा विष्णु कुमार शामिल रहे।

# वाहन चोरी का खुलासा, बाइक बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने वाहन चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी बाईक चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक बाईक तथा निशानदेही पर 1 बाईक व एक बाईक का ढाचा (इंजन) बरामद किया गया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा पीड़ित बाईक स्वामी राजकुमार पुत्र स्व. राम सिंह निवासी श्यामनगर थाना गंगनहर जिला हरिद्वार की लिखित तहरीर पर उसकी हीरो स्पलैण्डर बाईक ग्राम गुमटी से चोरी हो जाने तथा पीड़ित बाईक स्वामी सूफियान पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम पठेड थाना चिलकाना की तहरीर पर उसकी हीरो स्पलैण्डर बाईक उसके खेत ग्राम रघुनाथपुर से चोरी हो जाने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने आज रविवार को उपरोक्त चोरी के दोनो मामलों का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी चोर सौरभ वर्मन पुत्र बिन्दर निवासी ग्राम लँढोरा गुर्जर थाना रामपुर मनिहारन को साईफन की पुलिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि वह आस-पास घूमकर एकान्त में खडी बाईक चोरी करके इनके पार्ट्स को अलग अलग कर अन्जान फेरी वाले कबाडी को बेच देता है। आरोपी के कब्जे से बाईक पार्ट्स खोलने के औजार भी बरामद हुए हैं।

# पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जुड़वाया किसान के ट्यूबवेल का कनेक्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव सालारपुरा में पुलिस के हस्तक्षेप के बाद एक किसान के ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन आठ दिन बाद बहाल कर दिया गया। इससे किसान को सिंचाई सुविधा वापस मिल गई और उसकी फसल सूखने से बच गई। किसान ने इस कार्रवाई के लिए पुलिस, बिजली विभाग का आभार व्यक्त किया।

किसान बिल्लू कुमार ने गंगोह कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। किसान ने आरोप लगाया था कि उनके खेत में लगे ट्यूबवेल की बिजली लाइन पड़ोसी टायर फैक्ट्री संचालकों ने काट दी थी। इस कारण पिछले आठ दिनों से उनके खेतों में सिंचाई का काम रुका हुआ था। किसान ने पुलिस को बताया कि पानी की कमी के कारण उनकी खड़ी फसल सूखने लगी थी। उन्होंने आशंका व्यक्त की थी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं होता तो उन्हें बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता था। किसान की शिकायत पर उपनिरीक्षक आदित्य भाटी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई और बिजली विभाग के सहयोग से ट्यूबवेल का कनेक्शन दोबारा जुड़वाया। इस दौरान कुछ लोगों ने कनेक्शन बहाल करने पर आपत्ति जताई। हालांकि, पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए किसान के वैध बिजली कनेक्शन को पुनः चालू कराया और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की। आठ दिन बाद ट्यूबवेल चालू होने से किसान बिल्लू कुमार को बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो उनकी फसल बर्बाद हो सकती थी। किसान ने पुलिस व बिजली विभाग को उनकी समस्या सुनने और समाधान करने के लिए धन्यवाद दिया। कोतवाली प्रभारी इन्द्रेश चौहान व उपनिरीक्षक आदित्य भाटी ने किसान को आश्वस्त किया कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति उनके वैध अधिकारों में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# दो शातिर पशु चोर पकड़े

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक घायल समेत दो शातिर पशु चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय एक खोखा व एक जिंदा तथा एक पशु बरामद करने में सफलता हासिल कर ली।

थाना नागल पुलिस शनिवार की रात्रि में दिल्ली-हरिद्वार निर्माणाधीन हाइवे पर जंगल ग्राम नैनसोब में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति हाइवे पर एक भैंस को लेकर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा बदमाशों की घेराबंदी की। अपने आपको घिरा देखकर बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस ने काफी देर तक काम्बिंग की जिसे भी पुलिस ने दबोच लिया। दबोचे घायल बदमाश की पहचान नासिर पुत्र कय्यूब कुरैशी निवासी ग्राम पांडौली थाना नागल के रूप में हुई जिसे पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। काम्बिंग के दौरान दबोचा गया बदमाश नदीम पुत्र मेहताब तेली निवासी ग्राम पांडौली थाना नागल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक जिंदा भैंस बरामद कर ली।

# सीओ का थाना तीतरो में औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से गंगोह क्षेत्राधिकारी अशोक सिसोदिया ने थाना तीतरों का औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में सतर्कता का संदेश दिया। निरीक्षण के बाद सीओ ने पुलिस बल के साथ तीतरों के मुख्य बाजारों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सीओ अशोक सिसोदिया ने थाना तीतरों का निरीक्षण करते हुए थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाए और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अपराध नियंत्रण और रात्रि गश्त को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए। इसके बाद सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने तीतरों नगर के प्रमुख स्थानों पुराना बस स्टैंड, मैन बाजार, पंजाब नेशनल बैंक, अनाज सोसायटी और इंटर कॉलेज मार्ग तक पैदल मार्च किया। कई स्थानों पर सीओ ने स्वयं रुककर व्यापारियों और स्थानीय लोगों से बातचीत की तथा सुरक्षा संबंधी फीडबैक लिया।

पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच भी की गई। सीओ ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि बाजारों, बैंकों, स्कूलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# तहसील प्रशासन की टीम ने नाला खुलवाया

**बिहारीगढ़।** सोढ़ी नगर बस्ती में पिछले कई दशकों से गंदे पानी का नाला ग्राम समाज की जमीन से गुजर रहा था, इस नाले पर 10 दिन पहले जेसीबी मशीन चलवा कर एक ग्रामीण ने गन्दे पानी की निकासी बंद कर दी थी। लम्बी चली शिकायतो के बाद तहसील प्रशासन की टीम ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि की मौजूदगी में मौके पर पहुंची और पैमाइश कर सुरक्षित तरीके से नाला खुलवा दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक कस्बा बिहारीगढ़ में गंदे पानी की निकासी बंद किए जाने के पश्चात इस विवाद को लेकर सोढ़ी नगर के लोगों में तनाव पनप रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने अपनी कड़ी नाराजगी पुलिस के प्रति भी जताई और थाना परिसर में इकट्ठा होकर विरोध प्रकट भी किया। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत जिलाधिकारी सहारनपुर के अलावा एसडीएम बेहट और मुख्यमंत्री द्वारा संचालित जनसुनवाई पोर्टल पर भी भेजी थी। उक्त तमाम शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम बेहट के निर्देश पर हल्का लेखपाल अमित कुमार खटाना टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

इस दौरान ग्राम सभा प्रधान प्रतिनिधि सुबोध कुमार भी ग्रामीणों के साथ मौके पर मौजूद थे। हल्का लेखपाल ने विवादित नाले सहित तमाम उन खसरा-खतौनी के नंबरों को नाप-तोल कर बताया कि जिस खसरा नंबर में वर्षों से गन्दे पानी का नाला चल रहा है।

# शिविर में कैडेट्स को दिया गया फायरिंग का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एनसीसी निदेशालय लखनऊ के अधीन मेरठ ग्रुप की 83 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी सहारनपुर के तत्वावधान में देवभूमि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, बेरी जमापुर में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-256 के सातवें दिन कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व एवं सैन्य प्रशिक्षण की विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

कैंप कमांडेंट कर्नल नविंदर सिंह मान (सेना मेडल) ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन में रहकर पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने वाले ही जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं। उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्रसेवा और चरित्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। डिप्टी कैंप कमांडेंट एवं एडम ऑफिसर कर्नल तनय कोठियाल ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त होने वाली सीख भविष्य की सफलता की कुंजी होती है, इसलिए प्रत्येक कैडेट को पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण ग्रहण करना चाहिए। कैप्टन राजेश कुमार, चीफ ऑफिसर बृजेश पुंडीर एवं सूबेदार यू.बी. आले के निर्देशन में कैडेट्स ने एसबीबीए इंटर कॉलेज की फायरिंग रेंज पर .22 राइफल से फायरिंग का अभ्यास किया। वहीं थल सैनिक कैंप की तैयारी कर रहे चयनित कैडेट्स ने ग्रीन फील्ड एकेडमी, नानौता में पगबाधा (ऑब्स्टेकल) प्रशिक्षण का अभ्यास किया। कैप्टन मनीष कुमार जायसवाल एवं सतीश थापा ने कैडेट्स को एनसीसी के माध्यम से सेना में भर्ती होने की प्रक्रिया एवं अवसरों की जानकारी दी। कैप्टन सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कैडेट्स ने संगीत एवं नृत्य का अभ्यास किया। सूबेदार मेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि दस दिवसीय यह प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स में एकता, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण के गुण विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। लेफ्टिनेंट प्रवीण कुमार की देखरेख में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर सूबेदार नक्षत्र सिंह, सूबेदार विक्रम, बीएचएम नरेंद्र कुमार, सीएचएम सोहनलाल, हवलदार विकास, कैंप सहायक सुशील कुमार वर्मा, राजेश गुप्ता, प्रदीप राणा एवं सतीश धीमान सहित जनपद के लगभग 500 बालक एवं बालिका कैडेट्स उपस्थित रहे।

# मारपीट प्रकरण में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**चिलकाना।** थाना पुलिस ने लगभग डेढ़ माह पूर्व हुए मारपीट के एक मामले में न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

कस्बा सुल्तानपुर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी शशि पत्नी मोनू ने मारपीट के एक मामले में न्यायालय सहारनपुर जे एम द्वितीय के समक्ष उपस्थित होकर कार्यवाही किये जाने की मांग की। महिला का कहना है कि उसके पति व बेटे अभिषेक ने गांव फिरोजाबाद स्थित पीर शहंशाह अब्दुल्ला शाह की मजार पर लगने वाले पारम्परिक मेले में दुकान लगायी हुई थी।

जहां पर विगत 26 मार्च को सुबह के समय पति के भतीजे सचिन के साथ चाय नाश्ता बनाकर पति के लिए लेकर गयी थी। आरोप है कि विपक्षी अमित पुत्र यशपाल, राजीव व हर्ष पुत्र अमित एक राय होकर लाठी डंडों से पीड़िता के पति की दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का कहना है कि पीड़ित, मारपीट की तहरीर लेकर चिलकाना थाना गये थे जहां से बेटे अभिषेक को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां पर एक्स रे में उसकी हड्डी में फैक्चर बताया गया। लेकिन पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता द्वारा एसएसपी को शिकायती पत्र दिए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो अंत मे उसने न्यायालय के समक्ष न्याय की गुहार लगायी।

**Shakumbhari Degree College**
Sultanpur, Chilkana, Saharanpur (UP) (Affiliated to Maa Shakumbhari University Saharanpur)
**Required**
Assistant Professor :
(Programms)
B.SC (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
(Qualification Required: As per UGC and MSU Norms Preferably NET/Ph.D.) Note: Experienced Candidates will be preferred. Candidates can apply within 7 days by Email, Post Email: with their latest Self attested resume at in to. Shakumbharigroup@gmail.com
Mobile No.: 9759922268, 7037476736

# संघर्ष को 11 सदस्यीय समिति का गठन



**गंगोह।** भाजपा महामंत्री के पुत्र छात्र यश सैनी पर हुए जानलेवा हमले के आरोपियों का मामूली धारा 151 में चालान करने से नाखुश सैनी समाज ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाते हुए आयोजित बैठक में 11 सदस्यीय समिति बनाई गई, जो एसएसपी से मिलकर उन्हें सच्चाई से अवगत कराकर जानलेवा हमले के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगी।

भाजपा महामंत्री संजय सैनी का पुत्रयश सैनी गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी का छात्र है। 21 मई को हुए जानलेवा हमले में तीन नामजद सहित 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस कार्यवाही से नाखुश लोगों ने रविवार को बैठक बुलाकर आरोपियों को दंडित कराने की मांग की। सैनी विकास समिति अध्यक्ष नरेश सैनी, सतपाल सैनी प्रधान, राजेश सैनी प्रधान, नरेश सैनी प्रधान, सुधीर सैनी प्रधान, बजरंगदल जिलाध्यक्ष विकास सैनी, सोनू सैनी, सुदर्शन, भागीरथ सैनी, प्रदीप सैनी क्रांति सेना, मास्टर यशपाल सैनी, रामदास सैनी, मा. धुमसिंह सैनी आदि रहे। संचालन नवीन सैनी ने किया।

## शरबत पिलाया

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन युवा इकाई द्वारा महाराजा अग्रसेन चौक, रेलवे रोड पर मीठे शरबत की छबील का आयोजन किया गया।

इस दौरान राहगीरों, यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को शीतल शरबत वितरित कर मानव सेवा और समाजसेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता तथा युवा इकाई के प्रदेश मंत्री वैभव गुप्ता उपस्थित रहे।

वहीं पार्षद संजय गर्ग, पार्षद मयंक गर्ग एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मनुज तायल ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आयोजन की सराहना की।

# थाना सदर बाजार ने 13 दोपहिया वाहन किए सीज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर बाजार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर का प्रयोग करने वाले 13 दोपहिया वाहनों को सीज कर दिया। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के उद्देश्य से की गई।

पुलिस अधीक्षक यातायात एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान ऐसे वाहनों को चिन्हित किया गया, जिनमें अनधिकृत रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए थे और जिनसे तेज आवाज में पटाखे छोड़े जा रहे थे। इसके अलावा कई वाहनों में प्रेशर हॉर्न और हूटर भी लगे पाए गए, जिससे आमजन को असुविधा होने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए तीन बुलेट, तीन केटीएम, पांच स्प्लेंडर, एक बजाज सीटी-100 और एक एक्टिवा स्कूटी समेत कुल 13 दोपहिया वाहनों को सीज कर दिया। सहारनपुर पुलिस ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में अनधिकृत मॉडिफिकेशन न कराएं तथा प्रेशर हॉर्न और हूटर का प्रयोग न करें। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक चन्द्रसेन सैनी सहित उपनिरीक्षक विपिन कुमार, अंकित कुमार, अमरीश कुमार, योगेन्द्र सिंह, रचित यादव, अमित कुमार, बन्टी सिंह एवं जयवीर सिंह सहित थाना सदर बाजार पुलिस टीम शामिल रही।

# मुल्लांपुर टेस्ट में भारत ने अफगानिस्तान पर कसा शिकंजा

## मानव-कृष्णा ने दिए पांच झटके, भारत के 564 रन के जवाब में अफगान के पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन

**मुल्लांपुर।** भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच में दूसरे दिन मेजबान टीम ने पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। पहले भारतीय बल्लेबाजों ने विशाल स्कोर खड़ा किया, फिर गेंदबाजों ने अफगानिस्तान के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए मैच पर भारत की पकड़ मजबूत कर दी।

भारत ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की। जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 113 रन बनाए। मेहमान टीम अभी भी भारत के स्कोर से 451 रन पीछे है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। जायसवाल 24 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन इसके बाद राहुल और साई सुदर्शन ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाल लिया। सुदर्शन ने 104 गेंदों में 81 रन बनाए, जिसमें 13 चौके शामिल रहे। वहीं राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 165 गेंदों में 100 रन की शतकीय पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां शतक रहा। राहुल के आउट होने के बाद कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पहले राहुल के साथ 67 रन और फिर ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 169 रन की बड़ी साझेदारी की। गिल ने 177 गेंदों पर 126 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और एक छक्का शामिल रहा। ऋषभ पंत ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 81 रन बनाए। उनकी पारी में छह चौके



और तीन छक्के शामिल रहे। अंत में वाशिंगटन सुंदर 52 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि कुलदीप यादव नौ रन पर नाबाद रहे। भारत ने 2023 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट मैच में 550 से अधिक रन बनाए हैं। इससे पहले टीम ने 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में 571 रन बनाए थे। इसके अलावा 564 रन अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इस सूची में शीर्ष पर जिम्बाब्वे है, जिसने 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ 586 रन बनाए थे। गिल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 169 रन की साझेदारी भी भारत की ओर से अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। अफगानिस्तान के लिए मोहम्मद सलीम सैफी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 27 ओवर में 140 रन देकर छह विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले अफगानिस्तान के तीसरे गेंदबाज बन गए। सैफी अब टेस्ट की एक पारी में अफगानिस्तान के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज भी बन गए हैं। उनसे आगे जियाउर रहमान हैं, जिन्होंने 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 97 रन देकर सात विकेट लिए थे। विशाल लक्ष्य के जवाब में अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 28 रन के स्कोर पर अब्दुल मलिक द्ध16ऋ का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज भी 12 रन बनाकर चलते बने। सेदिकुल्लाह अटल ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि अफसर जजई सिर्फ 3 रन ही बना सके। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए। हालांकि, रहमत शाह ने एक छक्के और छह चौकों की मदद से 43 रन की नाबाद पारी खेलकर संघर्ष जारी रखा। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह क्रीज पर डटे हुए थे। भारत की ओर से पदार्पण कर रहे स्पिनर मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15.5 ओवर में सिर्फ 21 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने दो विकेट हासिल किए। भारतीय टीम फिलहाल मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रही है। तीसरे दिन शुरुआती सत्र में अफगानिस्तान को जल्द समेटकर भारत बड़ी बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा, जबकि मेहमान टीम की उम्मीदें रहमत शाह और निचले क्रम के बल्लेबाजों पर डटी हुई हैं।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में रायपुर के आयुष पांडे चयनित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में राजधानी रायपुर के युवा बल्लेबाज आयुष पांडे का चयन आगामी श्रीलंका दौरे के लिए भारत ए टीम में किया गया है। घरेलू क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर उन्हें यह अवसर मिला है। 22 वर्षीय आयुष पांडे प्रदेश के उभरते हुए सलामी बल्लेबाजों में शामिल हैं। हाल के सत्रों में उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बल्लेबाजी से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ खेली गई उनकी 183 रन की शानदार पारी को उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में माना जा रहा है। आयुष ने अब तक 19 प्रथम श्रेणी मैचों की 34 पारियों में 1430 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक और पांच अर्धशतक निकले हैं। वहीं लिस्ट -ए क्रिकेट में उन्होंने छह मैचों की छह पारियों में 44.66 की औसत से 268 रन बनाए।

### खेल विशेष

#### ब्राजील ने अभ्यास मैच में मिस्र को हराया

**क्लीवलैंड।** शनिवार को ब्राजील ने मिस्र को 2-1 से हराकर अपनी विश्व कप की तैयारियों को और मजबूत किया। इस मैच में ब्रूनो गुइमारेस और एंड्रिक ने दोनों हाफ में गोल किए। न्यूकैसल यूनाइटेड के कप्तान गुइमारेस ने 18-यार्ड बॉक्स के किनारे पर मोहनद लशीन से गेंद छीनकर और शांति से दूर के कोने में शॉट मारकर स्कोरिंग की शुरुआत की। अफ्रीकी टीम के लिए मुस्तफा जकिो ने बराबरी का गोल किया उन्होंने मार्क्विनहोस के गलत बैक पास को इंटरसेप्ट किया और गोलकीपर एलिसन बेकर को छकाते हुए एक लो शॉट मारा। हाफटाइम में इगोर थियागो की जगह मैदान पर आए एंड्रिक ने अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

#### ब्राजील ने अमेरिका की महिला सॉकर टीम को हराया

**साओ पाउलो।** ब्राजील की महिला सॉकर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अमे.रिका की महिला राष्ट्रीय सॉकर टीम द्धयूएसडब्ल्यूएनटीऋ को 2-1 से हराया। शनिवार को खेले गए मुकाबले में सोफिया विल्सन ने शुरुआत में ही गोल करके टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन ताइना मारान्हाओ और बिया जानेराटो के तेजी से किए गए दो गोल ने मेजबान टीम को अमेरिका के खिलाफ 44 मैचों में अपनी पांचवीं जीत दिला दी। एम्मा हेस की टीम को देश से बाहर अपना प्रभाव छोड़ने में केवल दो मिनट लगे। उन्होंने खेल के अपने पहले ही हमले में गोल करके गतिरोध तोड़ा।

#### नबीला सोल बराजा हैं कोहली की फैन

**अहमदाबाद।** जहां एक ओर पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारतीय योगासन खिलाड़ी और भारतीय मूल के कई प्रतिभागी सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं दक्षिण अमेरिका से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ी नबीला सोल बराजा भी अपनी सटीकता, सौंदर्य और शानदार प्रदर्शन से दर्शकों और साथी खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अर्जेंटीना की नबीला सोल बराजा इस चैंपियनशिप की सबसे सफल विदेशी खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरी हैं।

#### एलीट क्रिकेट कोचिंग : एआई प्लेटफॉर्म लॉन्च

**मुंबई।** कबूनी, एक जबरदस्त एआई-पावर्ड ग्लोबल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म, मुंबई में अपने पहले प्लेटाइम 2026 इवेंट में लॉन्च हुआ है, जो हर लेवल के क्रिकेट फैंस के लिए आसान, एलीट-लेवल कोचिंग के एक नए दौर की शुरुआत करता है। खेल, टेक्नोलॉजी और खेल के मेल पर मौजूद, कबूनी ट्रेनिंग के लिए दुनिया का पहला तरीका पेश करता है: एडवांस्ड एआई टेक्नोलॉजी के जरिए रियल-टाइम, पर्सनलाइज्ड कोचिंग देना, जिससे सभी लेवल के खिलाड़ी कभी भी, कहीं भी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बना सकें।

## ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में शनिवार को बंगलादेश पर भारत की जीत के बाद, भारतीय महिला फुटबॉल टीम की दिग्गज खिलाड़ी ग्रेस डंगमेई ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की।

30 साल की इस भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी ने अपना तीसरा सैफ महिला चैंपियनशिप खिताब जीतकर और इनाम वितरण समारोह के दौरान कप्तान के तौर पर ट्रॉफी उठाकर शानदार अंदाज में विदाई ली। हालांकि ग्रेस ने मैच की शुरुआत नहीं की थी, लेकिन वह सब्स्टिट्यूट के तौर पर मैदान पर उतरीं और बाद में उन्हें कप्तानी सौंपी गई, जिससे उन्हें भारतीय जर्सी में एक यादगार विदाई मिली। मैच के बाद ग्रेस ने कहा, ष्खेल के आखिर में माहौल बहुत भावुक था, और जिस चीज से मुझे सबसे अधिक प्यार है, उसे अलविदा कहना वाकई बहुत मुश्किल है।ष ग्रेस डैंगमेई ने 2013 में अपना सीनियर अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण करने के बाद भारत के लिए 95 मैच खेले और फिर फुटबॉल से संन्यास ले लिया। 15 सालों के दौरान, उन्होंने भारतीय महिला फुटबॉल टीम के लिए खुद को सबसे असरदार खिलाड़ियों में से एक के तौर पर स्थापित किया और टीम के लिए 24 गोल किए। 5 फरवरी 1996 को साइमन डैंगमेई और रीता डैंगमेई के घर जन्मीं ग्रेस डैंगमेई मणिपुर के डिमडाइलॉन्ग गांव की रहने वाली हैं। वह उन भारतीय टीमों की सदस्य थीं, जिन्होंने पिछले दशक में साउथ एशियन महिला फुटबॉल पर दबदबा बनाए रखा।

### नेमार ने वर्ल्ड कप से विदाई का संकेत दिया

**न्यू जर्सी।** ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार ने संकेत दिया है कि गुरुवार से शुरू होने वाला फीफा वर्ल्ड कप उनके करियर का आखिरी वर्ल्ड कप होगा। 34 साल के खिलाड़ी ने फीफा के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में यह बात कही। इस पोस्ट में नेमार के करियर की तस्वीरें थीं और साथ में लिखा था, हमने उन्हें बड़े होते देखा है। सैंटोस के इस अटैकर ने कमेंट सेक्शन में जवाब दिया, द लास्ट डांस (आखिरी डांस)दिग्गज खिलाड़ी माइकल जॉर्डन के 1997-98 में शिकागो बुल्स के साथ खेले गए आखिरी सीजन से जुड़ा है। ब्राजील के फॉरवर्ड नेमार, जिन्होंने 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल किए हैं और ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, अक्टूबर 2023 में 'एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट' फटने की चोट के बाद से ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं।

## भारतीय महिला टीम ने सैफ चैंपियनशिप जीती

### फाइनल मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश को हराया

**मडगांव/नई दिल्ली।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बंगलादेश को हराकर दक्षिण एशिया फुटबॉल चैंपियनशिप द्धसैफऋ का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने छठी बार यह टूर्नामिंट जीता है।

मडगांव के पं.जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने डिफेंडिग चैंपियन बंगलादेश को 3-1 से हराया। भारतीय टीम के लिए प्यारी जाख्सा ने , सनफिदा नोंगरुम ने और लिडा कोम सेर्तो ने एक-एक गोल किया। वहीं बंगलादेश के लिए रितु पोर्ना ने एकमात्र गोल दागा। मेजबान भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही। टीम ने सभी चार मुकाबले जीते, 18 गोल किए और केवल



एक गोल खाया। इसी बीच उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को रविवार कोबधाई दी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की तारीफ की और भरोसा जताया कि उनकी यह कामयाबी और अधिक युवाओं को इस खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने टीम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, ष्सैफ महिला चैंपियनशिप 2026 जीतने पर भारतीय महिला फुटबॉल टीम को बधाई। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया है। इससे आने वाले समय में और अधिक युवाओं को फुटबॉल खेलने का प्रोत्साहन मिलेगा। टीम को भविष्य के प्रयासों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। भारत की यह जीत देश में महिला फुटबॉल के लिए एक और बड़ा मील का पत्थर है तथा दक्षिण एशियाई फुटबॉल में टीम के दबदबे को और मजबूत करती है। यह जीत ऐसे समय में मिली है जब जमीनी स्तर के विकास कार्यक्रमों, बेहतर बुनियादी ढांचे और प्रतियोगिताओं के जरिए महिला फुटबॉल को मजबूत करने के प्रयास तेज हैं।

## बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार को और मौके मिलने चाहिएं थे : अश्विन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित करने के लिए थोड़ा और समय दिया जा सकता था, बजाय इसके कि टी 20 विश्व कप खिताब जिताने के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्हें भारत की टी20 टीम से पूरी तरह बाहर कर दिया जाए।

बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार का टी- 20 विश्व कप साधारण रहा था। उन्होंने 136-72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए थे। इसके बाद आईपीएल में भी वह लय हासिल नहीं कर सके और 147-54 के स्ट्राइक रेट से 270 रन ही बना पाए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के वीडियो शो में अश्विन ने कहा, ष्देखिए, मुझे लगता है कि यह एक बहुत



दिलचस्प मिसाल है। मैं एक पल के लिए खुद को सूर्यकुमार यादव की जगह रखकर सोचता हूं कि इस समय वह कैसा महसूस कर रहे होंगे। मुझे यकीन है कि किसी भी खिलाड़ी को टीम से बाहर किए जाने पर दुखी होने का पूरा हक है और अगर वह बुरा महसूस कर रहे हैं, तो यह पूरी तरह जायज है। उन्होंने कहा, ष्लेकिन जिस तरह यह फैसला लिया गया है, उसे लेकर मुझे थोड़ी झिझक है क्योंकि मैं अपने मन में सोच रहा हूं--- अगर मैं खुद को सूर्यकुमार की जगह रखूं तो? ठीक है, मेरी बल्लेबाजी का फॉर्म पिछले 18 महीनों या 15 महीनों में मेरा साथ नहीं दे पाया। मैं उस स्तर पर नहीं खेल पाया, जैसा खेल सकता था। लेकिन फिर भी मैं देश के लिए टी 20 विश्व कप जीतने में कामयाब रहा।' ष्बल्लेबाज के तौर पर मेरा विश्व कप बहुत शानदार नहीं रहा, लेकिन टीम के बाकी लोगों- कोच, उपकप्तान, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज की तरह, क्या मैं भी एक सफल कप्तान नहीं हूं? मैंने भी तो अपनी भूमिका निभाई है।ष अश्विन ने आगे कहा कि इतना कठोर फैसला भविष्य के चयन के लिए एक नई मिसाल भी कायम करेगा। उन्होंने कहा, ष्क्या हम बड़े-बड़े दिग्गज खिलाड़ियों को उनकी जगह रखकर देख सकते हैं? क्या कभी ऐसा हुआ है कि टी 20 विश्व कप जीतने वाले कप्तान को बिना किसी अंतिम चेतावनी के टीम से बाहर कर दिया गया हो? मुझे यकीन है कि उनसे बात हुई होगी, इस पर मुझे कोई संदेह नहीं है।

## उलानबतोर ओपन: भारतीय पहलवानों ने जीते दो स्वर्ण सहित कुल छह पदक

**उलानबतोर ( मंगोलिया )।** सागर जगलान और टीनएजर काजल ढोचक ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उलानबतोर ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के तीसरे दिन स्वर्ण पदक जीत।

भारतीय पहवानों ने इस दिन दो स्वर्ण सहित छह पदक अपने नाम किए। शनिवार को हुए मुक.ाबले में 21 साल के सागर जगलान ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 74किंग्रा वर्ग के फाइनल में तामिर एशिनिमाएव को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय पहलवान ने क्वार्टर-फाइनल में अपने ही देश के जयदीप को 7-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। इसके बाद सागर ने सेमीफाइनल में मंगोलिया के टोलुई मुंखबात को टेक्निकल सुप.ीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराया। वहीं, 22 साल के जयदीप ने रेपचेज के जरिए वापसी की और मेडल मुकाबले में मुंखबात को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 15-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सागर जगलान और जयदीप, दोनों के लिए ए उनके दूसरे रैंकिग सीरीज पदक है। सागर ने जुहायर सघायर 2022 में रजत पदक जीता था, जबकि जयदीप ने उलानबतोर में लगातार दूसरे साल कांस्य जीता। महिलाओं की रेसलिग में, अंडर 23 एशियाई चैंपियन काजल ने 76 किंग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। उन्होंने फाइनल में नाइजीरिया की डमोला ओजो ( जो एक अफ्रीकन चैंपियन हैं ) को 8-0 से हराया। 18 साल की काजल ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान की गुलमारल एरकेबाएवा को 'फॉल' से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की और फिर क्वार्टर-फाइनल में चीन की साइहान आओ को 12-1 से हराया। इसके बाद उन्होंने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एल्मिरा सिजदिकोवा को 'फॉल' से हराकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई। एशियाई खेलों में जाने वाली रेसलर प्रिया मलिक ने इसी कैटेगरी में मंगोलिया की तुवशिनजार्गल ताराव को 8-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। प्रिया सेमीफाइनल में डमोला ओजो से 5-1 से हार गई थीं, जिसके बाद उन्हें कांस्य पदक मुकाबले में खेलना पड़ा। भारत की हंसिका लांबा ने महिलाओं के 55 किंग्रा वर्ग में मंगोलिया की अरिउनजाया ओडोनचिमेग के खिलाफ 10-0 से 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर जीत हासिल करके कांस्य पदक जीता। हंसिका को क्वार्टर- फाइनल में उत्तर कोरिया की ह्योग्योंग चो से हार का सामना करना पड़ा था।

## मोहक के विस्फोटक शतक से बाल भवन क्रिकेट अकादमी की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के पूल सी लीग मुक.ाबले में बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए भवानी यूथ क्रिकेट क्लब को रविवार को 26 रन से पराजित किया।

टॉस जीतकर भवानी यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाल भवन क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 231 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। मोहक कुमार ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों में 104 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 10 छक्के शामिल थे। यश भाटिया ने 27 गेंदों पर 60 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि यजस शर्मा ने 26 रन का योगदान देकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भवानी यूथ की ओर से सभय ढ्ढा ने 48 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि महाक्ष दीवान और कार्तिक पवार ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। 232 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भवानी यूथ क्रिकेट क्लब की टीम कघ संघर्ष के बावजूद 18-3 ओवर में 205 रन पर ऑलआउट हो गई। सनत सांगवान ने 66 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 6 छक्के शामिल थे। गुलजार संधू ने 29 और विमन्यु ने 25 रन बनाए, पर टीम को जीत नहीं दिला सके।

## गैबी थॉमस ने जीता 200 मीटर का खिताब

**टेक्सास।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन गैबी थॉमस ने 21-70 समय के साथ लोन स्टार ग्रां प्री में महिलाओं की 200 मीटर दौड़ का खिताब अपने नाम किया। यह इस वर्ष महिलाओं की दौड़ का सबसे तेज समय है। वहीं कैमरीन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

मुकाबले में अमेरिका की स्प्रिंटर थॉमस ने पेरिस 2024 में अपने ओलंपिक-जीतने वाले 21-83 सेकंड के प्रदर्शन से भी तेज दौड़ लगाई, और 2023 में बनाए गए अपने व्यक्तिगत सबसे अच्छे समय से सिर्फ 0-10 सेकंड पीछे रहीं। तीन बार की गोल्ड मेडलिस्ट ने कॉलेज स्टेशन, टेक्सास में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे रहते हुए रेस जीती। अमेरिका की कायला व्हाइट 22-07 सेकंड के साथ दूसरे और नाइजीरिया की



फेवर ओफिली 22-15 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मुक.ाबला जीतने के बाद थॉमस ने कहा, ष्मैं इस समय को देखकर थोड़ी हैरान हूं, लेकिन मैं कड़ा अभ्यास कर रही हूं। अफ्रीका में मेरा टूर बहुत अच्छा रहा, और अब मेरी कड़ी मेहनत का फल मिल रहा है। मैं इस 'ऑफ' ईयर (बिना बड़े टूर्नामेंट वाले साल) का आनंद ले रही हूं क्योंकि इसमें ओलंपिक या वर्ल्ड चैंपियनशिप का कोई दबाव नहीं है, इसलिए मैं बस इस सीजन का मजा ले रही हूं।ष थॉमस ने सेंट लूसिया की मौजूदा ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन जूलियन अल्फ्रेड द्वारा अप्रैल में ऑस्टिन, टेक्सास में बनाए गए 21-86 सेकंड के 2026 के पिछले वर्ल्ड बेस्ट समय को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने इस साल की शुरुआत में नैरोबी द्धकेन्याऋ और अदीस अबाबा द्धइथियोपियाऋ में भी 200 मीटर स्पर्धा जीती थी। ओलंपिक चैंपियन रोजर्स ने महिलाओं के हैमर थ्रो इवेंट में 79-36 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की। उन्होंने अमेरिका की रेचल रिचसन की कड़ी चुनौती का सामना किया। रोजर्स की शुरुआत थोड़ी लड़खड़ाती हुई रही। उन्होंने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर 74-43 मीटर का थ्रो किया, जबकि रिचसन ने 74-53 मीटर के थ्रो के साथ शुरुआती बढ़त बना ली थी। बाद में, कनाडा की रोजर्स ने मुकाबले में वापसी की और तीसरे राउंड में 79-36 मीटर का थ्रो करके बढ़त बना ली। उनकी नॉर्थ अमेरिकन प्रतिद्वंद्वी रिचसन ने भी अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 79-33 मीटर का थ्रो किया। आखिरकार, केवल तीन सेंटीमीटर के अंतर से मुकाबले का नतीजा तय हुआ। रोजर्स जीतीं, रिचसन दूसरे स्थान पर रहीं।

# लगातार बढ़ती महंगाई पर भाजपा चुप क्यों: मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लगातार बढ़ती महंगाई पर भाजपा क्यूँ चुप है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाकर एक बार फिर महंगाई का चाबुक आम जनमानस के ऊपर चलाया है 29 रुपये घरेलू सिलेंडर पर बढ़ाकर केंद्र सरकार ने देश की जनता को झटका दिया है डीजल, पेट्रोल, सीएनजी और व्यावसायिक सिलेंडर और छोटू सिलेंडर के दाम भी पिछले एक महीने में आहिस्ता आहिस्ता बढ़ाये जा रहे है। आम जनता महंगाई की मार झेलने को मजबूर है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व दर्जाधारी मुजतबा एडवोकेट ने छुटमलपुर में अपने निवास पर पत्रकार वार्ता में उपरोक्त विचार व्यक्त किए राष्ट्रीय महासचिव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मिडिल क्लास को खत्म करना चाहती है और देश को केवल अमीर और गरीब में बाँटना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उद्योगपतियों के हाथ की कठपुतली बनी हुई है जिसका खामियाजा आम जनता को सीधे सीधे झेलना पड रहा है। उन्होंने आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को वोट देने की अपील की । उन्होंने कहा कि भाजपा झूट के सहारे सत्ता में आयी है जनता आहिस्ता आहिस्ता सब समझ रही है।

**■ कहा- केन्द्र सरकार मिडिल क्लास को चाहती है खत्म करना**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तब समाज उजड़े हुये सामाजिक सौहार्द को पुन: स्थापित करेगी जिसे भाजपा ने छीन भिन्न कर दिया है। इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, मोहम्मद नोशाद अली,अरशद मलिक रामबीर सिंह, पदम् सिंह, परवीन अहमद, याहिया मलिक राव यूसुफ, कारी आबिद, अजीम मलिक, फैसल मिर्जा, महबूब तलहेड़ी, कुद्दूस मलिक, फजल मिर्जा, नासिर सैफी, शाहिद अली, अदीब मलिक, सुखदेव चौहान ,डाक्टर बिलाल चौहान आदि मोजूद रहे।

# नियमित रूप से साइकिल चलाएं: प्रो.विमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय में फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भव्य साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया।



साइकिल यात्रा को कुलपति प्रो. विमला वाई. ने हरी दिखाते हुए सभी प्रतिभागियों को कैप पहनाकर साइकिल यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, स्वच्छ पर्यावरण और अनुशासित जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। युवा पीढ़ी यदि नियमित रूप से साइकिलिंग और खेल गति. विधियों को अपनाए, तो वे शारी. रिक एवं मानसिक रूप से अधिक सशक्त बन सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमल कृष्ण ने साइकिल यात्रा का नेतृत्व करते हुए विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम, साइकिलिंग तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उप कुलसचिव अनूप कुमार, सहायक कुलसचिव संजीव कुमार, विश्व. विद्यालय के खेल अधिकारी प्रो. संदीप गुप्ता, योगाचार्य भीम, एनएसएस समन्वयक डॉ. राम कुमार, डॉ. रीता बोरा, रोहित पुंडीर डॉ. हर्ष सिंह, डॉ. विजय प्रताप, डॉ. संदीप कुमार, मानव, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# टीम एच ने बेहतरीन प्रदर्शन कर जीता मैच




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रविवार को भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित अंडर-12 समर क्रिकेट लीग में टीम एच और टीम ई के बीच मुक. ाबला खेला गया। टीम एच ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम एच ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 129 रन बनाए। टीम की ओर से वंश ने 24 और आक. ाश ने 22 रन बनाए। जवाब में टीम ई के गेंदबाज वेदांत ने तीन और आर्यन ने दो विकेट हासिल किए।130 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 102 रन ही बना सकी। टीम की ओर से वेदांत ने 21 तथा भाविक ने 14 रन बनाए। टीम एच की ओर से अक्ष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके।उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अक्ष को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर कोच राजीव गोयल टप्पू, रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल, संजय शर्मा सहित अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## मृतक की शिनाख्त

**सरसावा।** शनिवार को शाहजहांपुर रेलवे फाटक के सामने मालगाड़ी ट्रेन के आगे कूद अपनी जीवन लीला समाप्त करने वाले व्यक्ति की पहचान हो गई है।

परिजन रविवार सुबह थाना सरसावा पहुंचे पुलिस ने उन्हें एसबीडी अस्पताल की मोर्चरी में रखा शव दिखाया। इसके बाद मृतक के भाई सोहनलाल एव साला सनोज ने शव मृतक की पहचान थाना गंगोह क्षेत्र के गांव सांगाठेड़ा निवासी 50 वर्षीय जगवीर सिंह पुत्र जयपाल सिंह रूप में की। पुलिस ने पोस्टमार्टम एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजन बोले सोशल मीडिया पर वायरल खबर को देख घटना का पता लगा।

# 30 जून को भट्टों की पुकाई बंद करने का निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला ईट निर्माता समिति की बैठक रेलवे रोड पंजाब होटल में आयोजित की गई जिसमें समिति से 30 जून को सभी भट्टों की पुकाई बंद करने का निर्णय लिया गया।

जिला ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष सन्नी चौधरी ने सभी भट्टे वालों से आवाहन करते हुए कहा कि हमारा निर्णय 1 जनवरी से 30 जून का जो तय हुआ था हम उस पर कायम रहेंगे इसलिए सभी साथी 30 जून को हर हाल में फुकाई का कार्य बंद कर दें उन्होंने कहा कि जनपद में 30 जून के बाद जो भी भट्टा फुकाई करता हुआ मिला उसका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा तथा उसके भट्टे पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा जनपद के ईंट भट्ठे के विरुद्ध एनजीटी में जो मामला विचाराधीन है उस पर चौधरी अर्जुन सिंह ने कहा की जीत हमारी होगी हमारे पर एनसीआर का कोई कानून लागू नहीं होता। उन्होंने कहा की ट्रेड हित में सहारनपुर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक हर लड़ाई डटकर लड़ी जाएगी किसी भी साथी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष सनी चौधरी ने कहा की सभी साथी 5 लाख से लेकर 6 लाख तक अपना जीएसटी रिटर्न जमा कारण 6 लाख तक जमा करने वाले किसी भी साथी पर जीएसटी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करेगा वही जिन लोगों पर खनन शुल्क बकाया है वह भी शीघ्र जमा कर दें संगठन के संरक्षक बृजभूषण शर्मा ने कहा की सभी पदाधिकारी रात दिन आपकी सेवा में तत्पर है इसलिए किसी भी विभाग व अधिकारी से डरने की जरूरत नहीं। अन्य वक्ताओं में जिला महामंत्री अरुण राणा कोषाध्यक्ष वरुण सैनी जिला उपाध्यक्ष अकरम प्रधान गंगोह से मुनेश प्रधान सुरेंद्र अरोड़ा नकुड से ओमवीर चौधरी हाजी याकूब राव राजू सुधीर राणा आदि नेवी अपने विचार रखें बैठक में जनपद के भट्ठा मालिक मौजूद रहे।



# सुरक्षित भोजन ही सेहत की नींव: डा.मिगलानी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर मशहूर चिकित्सक एवं एम. डी. (गोल्ड मेडलिस्ट) डॉ. संजीव मिगलानी ने कहा कि सुरक्षित भोजन ही सेहत की असली नींव है।

डॉ. संजीव मिगलानी ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर नहीं करता कि हम क्या खाते हैं, बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि हमारा भोजन कितना सुरक्षित है, क्योंकि सुरक्षित भोजन ही आपके स्वास्थ्य की नींव है डॉ. संजीव मिगलानी ने आगे कहा कि सुरक्षित भोजन की पहचान उसके स्वच्छ, ताजा, पौष्टिक होने, दूषित पदार्थों एवं हानिक. ारक सूक्ष्म जीवों से मुक्त होने तथा सही तरीके से तैयार एवं संग्रहित होने से होती है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आगाह किया कि असुरक्षित या दूषित भोजन न केवल पेट खराब करता है, बल्कि इससे फूड प्वाइजनिंग, टाइफाइड, हिपेटाइटिस, दस्त (हैजा) और डिसेन्ट्री जैसी गंभीर व जानलेवा बीमारियां होती हैं।

# शिक्षकों की बेटियों के शादी के लिए प्रदान किए चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों की कन्याओं की शादी के लिए चेक प्रदान किए गए। साथ ही मंडल/जिले के नवमनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।



दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन डा. फारूख हसन, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन भटोनिया, मंडल संयोजक विनय शर्मा, मंडल सह संयोजक भारत कुमार, जिला संयोजक संजय सहगल, जिला प्रवक्ता दीपिका बालियान ने संयुक्त रूप से मा सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन भटोनिया ने कहा कि संगठन द्वारा अभी तक 556 शिक्षक परिवारों को लगभग 247 करोड़ रूपए की सहायता प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश संगठन मंत्री डा. फारूख हसन ने बताया कि टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश पूरे प्रदेश में किसी भी शिक्षक के दिवंगत होने पर उसके परिवार को आर्थिक सहयोग सीधे नामिनी के अकाउंट में भेजकर करते हैं। कार्यक्रम में 9 लाभान्वित शिक्षकों की कन्याओ के शादी में कन्यादान के चौक वितरित किये गये। मंडल संयोजक विनय कुमार शर्मा ने सभी शिक्षकों से टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश से जुड़कर लगातार सहयोग करने की अपील की। नवमनोनीत जिला संयोजक संजय सहगल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त कर टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश की सभी योजनाओं को आगे बढाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर मंडल संयोजक विनय कुमार शर्मा, मंडल सह संयोजक भारत कुमार, संजय सहगल जिला संयोजक, जिला प्रवक्ता दीपिका बालियान, सह संयोजक गुलशेर अहमद, सह संयोजक प्रदीप गुप्ता, सह संयोजक अमित कश्यप, सह संयोजक शिव दयाल, सह संयोजक लोकेश कुमार सह संयोजक हरिपाल, सह संयोजक अक्षय कुमार, रेणू बाला उदित वत्स, भानू प्रताप सिंह, कुलबीर चौहान, ब्रह्मपाल सिंह, दिनेश वर्मा श्रीकान्त, रविन्द्र बालियान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नावेद अंसारी व अध्यक्षता मंडल संयोजक विनय कुमार शर्मा ने की।

## वाहन चोर पकड़े

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेग लगी चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह भाटी, उपनिरीक्षक पकंज मिश्रा व उपनिरीक्षक संजय शर्मा के नेतृत्व में गश्त के दौरान दो शातिर वाहन चोरों रोहित पुत्र सतीश कुमार व संदीप पुत्र समेर चंद निवासी दतौली सुलतानपुर थाना कोतवाली देहात को बाबा लालद. ास बाड़े के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बिना नम्बर लगी प्लेट मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों का वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

# श्रीमद भागवत ज्ञानामृत सप्ताह का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** श्री राधे गोविंद सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह का समापन विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना के साथ हुआ। समापन अवसर पर विधि-विधान से हवन-यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



शनिवार रात्रि कथा के पश्चात मां बगलामुखी महायज्ञ भी संपन्न हुआ। कथा व्यास आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि आत्मा की मुक्ति के लिए भक्ति एवं सत्कर्म आवश्यक हैं। अंतिम दिन उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने भी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन समारोह में नगर चेयरमैन शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इस अवसर पर संजय मित्तल, प्रदीप भाकला, अंकित गोयल, प्रियंक जैन, पवन सिंह राठौर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट में टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्टस स्टेडियम में एसजेएस मोटर्स टाटा कप 2026 का शानदार आगाज हुआ।



टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अब्दुल मजीद गौर ने किया। इस दौरान उन्होंने इतने बड़े आयोजन के लिए एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की। टूर्नामेंट के पहले दिन अंडर-14 वर्ग के ओपनिंग मैच में खान स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब ने पैरामाउंट फुटबॉल क्लब को कड़े मुकाबले में 1-0 से शिकस्त दी। इसके बाद दूसरे मैच में डीपीएस फुटबॉल क्लब ने सिटी-11 एफसी को 1-0 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अन्य मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए चांदा एफसी, टाइगर एफसी, इंदिरा एफसी, ग्लोबल एफसी, भोपा एफसी और यंग बॉयज एफसी ने जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। अंडर-20 वर्ग में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इसमें भोपा एफसी, विक्ट्री एफसी, प्राइम एससी, रेनबो एफसी सहित खान स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब की जूनियर व सीनियर टीमों ने शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों वर्गों के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले 8 जून को खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के दौरान बालिका खिलाड़ियों के बीच एक प्रदर्शनी मैच भी खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-12 वर्ग का फाइनल मुकाबला खान स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब एवं विक्ट्री एफसी, यमुनानगर के बीच खेला गया। समापन समारोह में एसजेएस टाटा मोटर्स के जनरल मैनेजर दीपक लूथरा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। मैचों को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में रेफरी पैनल के निशांत कुमार, चेतन शर्मा और अनमोल ने मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद तैय्यब, कोषाध्यक्ष जाकिर अंसारी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी समीर खान, अकरम खान, एथलेटिक्स कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार, संयुक्त सचिव डॉ. नितिन कुमार, समन्वयक यशपाल , समाजसेवी वसीम चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चोरी का खुलासा, सामान समेत चोर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कोतवाली पुलिस ने सरसों के तेल एवं अन्य सामान की चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया माल नकदी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है।

रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेश कुमार शर्मा के अनुसार 19 मई को खेड़ा अफगान निवासी जहीर पुत्र शरीफ अहमद की दुकान से सरसों के तेल के कार्टून, घी, डालडा टीन व नकदी चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मुकदमें के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार बीते शनिवार को मुखबिर की सूचना पर खेड़ा अफगान मार्ग से अब्दुल रहमान एवं सुहैल को संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई।

**■ चोरों के कब्जे से चोरी का माल, नकदी व घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद**

कोतवाल ने बताया कि आरो. पियों की निशानदेही पर सरसों के तेल के पांच कार्टून, 1500 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त टाटा मैजिक वाहन बरामद कर लिया गया।

नकुड पुलिस ने दोनों आरो. पियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# समाज का युवा वर्ग पढ़ाई में ध्यान दे: डा. धर्मवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय रोहिला क्षत्रिय विकास परिषद के तत्वावधान में रोहिला क्षत्रिय युवा सम्मेलन का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टपरी में किया गया।




अखिल भारतीय रोहिला क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मपाल सिंह रोहिला ने युवाओं से पढ़ाई पर ध्यान देने और माता-पिता की सेवा करने को कहा। मुख्य अतिथि डॉ. जयसिंह रोहिला ने युवाओं को समाज सेवा के लिए आगे आने को कहा। अरविंद रोहिला ने शिक्षा और संस्कारों पर जोर दिया। कुलदीप रोहिला ने युवाओं से नशे से दूर रहने और खेलों में भाग लेने की अपील की। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण तब रहा जब अमेरिका से आई सीमा रोहिला ने घोषणा की। उन्होंने अपने पिता, परिषद के संस्थापक डॉ. करणवीर सिंह रो. हला के 91वें जन्मदिन पर कहा कि किसी गरीब और योग्य छात्र की पढ़ाई, नौकरी या व्यापार में पैसे की कमी न आए, इसके लिए वे हर साल +1000 की मदद देंगी। वरिष्ठ पत्रकार अशवनी रोहिला ने कहा कि परिषद से मिला सम्मान मेरे लिए जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेताओं, पार्टियों में नामित पार्षदों, रोहिला आईटीआई के अच्छे कर्मचारियों और रोहिला समाज के पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामपाल सिंह रोहिला ने की और संचालन विनोद कुमार रो. हिला ने किया। कार्यक्रम में समय सिंह पुंडीर, रेखा रोहिला, विजेंद्र रोहिला, नाथीराम रोहिला, देवेंद्र रोहिला, गिरीश रोहिला, अर्पित रो. हिला, मदनलाल रोहिला, अशोक रोहिला, रविंद्र रोहिला, ओमप्रक. ाश रोहिला, शिवकुमार रोहिला, श्रीमती मोनिका रोहिला, कमल रोहिला, जितेंद्र रोहिला, योगेश रो. हला, संजीव रोहिला, सरिता रो. हला, ममता रोहिला, नरेश राणा, अमित रोहिला, राकेश रोहिला, महिपाल सिंह, मदन रोहिला, सुभाषचंद्र रोहिला, कालूराम रो. हला, श्रीमती राजबाला रोहिला सहित रोहिला समाज के हजारों लोग मौजूद रहे।

# पुलिस से धक्का मुक्की व हाथापाई कर आरोपी को छुड़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव कुंडा कलां में वांछित अभियुक्त को पकडने गई पुलिस टीम से धक्का मुक्की व हत्थापाई करके परिवार की औरतों व भाईयों ने जबरन आरोपी को पुलिस के चुगंल से छुडाकर भगा दिया।

कुंडाकलां चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र कुमार एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे वारंटी अफजाल पुत्र लियाकत की गिरफ्तारी को वांछित वारंटी के घर पहुंची और वारंटी अफजाल को लेकर पुलिस चलने लगी। इसी दौरान उसके घर की महिलाओं व पुरुषों ने हमला बोलते हुए पुलिस के साथ हत्थापाई शुरु करदी। और अभियुक्त को पुलिस के कब्जे से छुडा कर भगा दिया। गुस्साई पुलिस वांछित की तलाश में जुट गई है। चौकी इंचार्ज ने कोतवाली प्रभारी को घटना से अवगत करा दिया है। बताया जाता है कि वांछित अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ विभिन्न आरोपों में कई मुकदमें दर्ज है।

सीओ अशोक सिसोदिया ने बताया कि इस सिलसिले में पुलिस टीम से धक्कामुक्की व हत्थापाई करके वारंटी को छुडाने की सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम किया जा रहा है और आरा. ेपी की तलास तेजी के साथ की जा रही है।

# लो फिर बढ़ गए दाम

पहले से ही महंगाई की आंच में झुलस रहे लोगों को रविवार को एक और झटका लग गया। ऐसा तीसरी बार है जब घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। तीन महीने में ही यह कीमत दूसरी बार बढ़ाई गई है। इससे पहले सात मार्च को एलपीजी के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे। कुल बढ़त की बात करें, तो एलपीजी सिलेंडर तीन महीने में 89 रुपये महंगा हो गया है। भले ही इस वृद्धि के लिए सरकार को कोसें, लेकिन सरकार ने अपनी तरफ से साफ कर दिया है कि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच अभी भी भारतीय परिवारों को सबसे सस्ती कुकिंग गैस मिल रही है। सरकार के अनुसार भारत में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अन्य देशों आस्ट्रेलिया, अमेरिका जैसे एडवांस इकोना. मी के मुकाबले काफी कम हैं और इसका कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ती लागत का बोझ सरकार खुद उठा रही है ताकि आम लोगों पर इसका भार न पड़े। कॉमर्शियल सिलेंडर की बात करें, इसमें तो बेतहाशा वृद्धि हुई है। 19 किलोग्राम का कॉमर्शियल सिलेंडर 3113 में बिक रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत को पेट्रोलियम व गैस जैसे पदार्थ भारी मात्रा में आयात करने पड़ते हैं और पश्चिम एशिया में आए व्यवधान ने स्थिति को काफी पैचीदा बनाया है। फरवरी के अंत में जिस तरह ईरान ने होर्मुज बंद किया है, उसने भी गैस की कीमतों में उछाल लाने का काम किया है। दुनिया का करीब एक तिहाई तेल और भारत की 54 प्रति. एलपीजी का आयात होर्मुज के रास्ते ही होता है। हालांकि भारत अपने बेहतर तालमेल के जरिये अपने जहाजों की आवाजाही हो रही है। सरकार अभी भी बड़ी मात्रा में सब्सिडी दे रही है, क्योंकि इस समय में भारत में एक एलपीजी घरेलू सिलेंडर की कोस्ट 1600 रुपये से ऊपर पहुंच रही है। इस तरह सरकारी तेल कंपनियों को हर घरेलू सिलेंडर पर करीब 700 रुपये की अंडर रिकवरी का नुकसान हो रहा है और इस रिकवरी के अंतर को पब्लिक सेक्टर की आइल कंपनियां झेल रही हैं। जिसकी भरपाई सरकार करती है। गैस पर कीमतों का बढ़ना बता रहा है अभी जनता को महंगाई से किसी तरह की राहत नहीं मिलने जा रही है, बल्कि इसकी तपिश और बढ़ती जा रही है। जाहिर है इस तरह की वृद्धि का असर मध्यम व गरीब उपभोक्ताओं पर सबसे अधिक होता है। दिक्कत यह है कि आय के साधन उस अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं, जिस तरह महंगाई बढ़ रही है।

## राम मंदिर पर चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब



अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों की ओर से दिए जाने वाले चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब हुई है, यह बेहद शर्मनाक है और कोई भी इस पर सफाई देने के लिए तैयार नहीं है, न्यायालय को मामले में स्वत: संज्ञान लेकर जांच करनी चाहिए, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवे. दनशील समाचार है कि राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है, कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है, न्यायालय से स्वत: संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है।

–अखिलेश यादव
अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड–251003

# गंभीर प्रदूषण की चपेट में हैं सभी महासागर





योगेश कुमार गोयल

पृथ्वी पर मुख्यत: पांच प्रमुख महासागर हैं, प्रशांत महासागर, हिन्द महासागर, अटलांटिक महासागर, उत्तरी ध्रुव महा. सागर और दक्षिणी ध्रुव महासागर। ये सभी महासागर न केवल धरती के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि मानव जीवन के लिए अनेक प्रकार की सेवाएं भी प्रदान करते हैं लेकिन दुर्भाग्यवश आज ये सभी महासागर गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं। हर साल 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है, जिससे मानव जीवन में समुद्रों की अहमियत, महासागरों की साफ–सफाई और उनकी सुरक्षा के प्रति जन–जागरूकता फैलाई जा सके लेकिन जिस रफ्तार से समुद्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है, उससे यह दिवस केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन बनकर रह गया है। विश्व महासागर दिवस की वर्ष 2026 की थीम है पुनर्कल्पना हमारी जानी–पहचानी दुनिया से परे, हमारे महासागर के साथ एक नया रिश्ता, जो हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि महासागर केवल जलराशि नहीं बल्कि पृथ्वी के जीवन, जलवायु और जैव विविधता के आधार हैं। दुनियाभर के महासागर बढ़ते मानवीय क्रियाकलापों के कारण बुरी तरह प्रदूषित हो रहे हैं। पर्यावरण वैज्ञानिकों के अनुसार, औसतन हर मिनट एक ट्रक प्लास्टिक कचरा समुद्रों में फैंका जा रहा है। इसके अलावा, भारी मात्रा में सीवेज, औद्योगिक रसायन और जहरीले तत्व भी समुद्रों में पहुंच रहे हैं। अरबों टन प्लास्टिक कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है, जो न तो आसानी से विघटित होता है और न ही पूरी तरह समाप्त होता है। यह वर्षों तक समुद्र में पड़ा रहकर समुद्री जीवन और पारिस्थितिकी को बुरी तरह प्रभावित करता है। समुद्रों में समाते इन प्लास्टिक कणों और रासायनिक तत्वों का समुद्री वनस्पतियों और जीव–जंतुओं पर बेहद घातक असर पड़ता है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित बहुचर्चित पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक, महासागरों का तापमान बढ़ रहा है, जल का पीएच मान घट रहा है, पोषक तत्वों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और ऑक्सीजन की कमी भी स्पष्ट रूप से दर्ज की जा रही है। इन सभी प्रभावों का सीधा असर समुद्री पारिस्थितिकी पर पड़ता है। भारतीय उपमहाद्वीप से भी हर वर्ष करोड़ों टन भारी धातुएं और लवणीय तत्व हिन्द महासागर में प्रवाहित हो जाते हैं। समुद्रों में सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक कचरे से है, जिसे समुद्री जीव भोजन समझकर निगल जाते हैं। कई बार व्हेल, समुद्री कछुए और डॉल्फिन जैसे जीव मछली पकड़ने वाले जाल या अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट को खा लेते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है। अनेक अध्ययनों से पता चला है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले रसायन समुद्री जीवों के शरीर में चले जाते हैं। इन मछलियों और समुद्री जीवों को दुनियाभर में लगभग 3 अरब लोग भोजन के रूप में उपयोग करते हैं। इस प्रकार यह प्रदूषण मानव स्वास्थ्य को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है। नार्वे के पास वैज्ञानिकों को किलर व्हेल के चर्बी ऊतकों में पीसीबी जैसे विषैले रसायनों के उच्च स्तर मिले हैं, जो कई देशों में दशकों पहले ही प्रतिबंधित किए जा चुके हैं। साथ ही पीएफएएस नामक रसायन भी इन जीवों में पाए गए हैं, जो हार्मोन संतुलन, प्रजनन क्षमता और जीवनचक्र पर बुरा असर डालते हैं। वैज्ञानिकों ने व्हेल्स के शरीर में ब्रॉमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स भी खोजे हैं, जो पीढ़ियों में ट्रांसफर होकर अगली पीढ़ी तक जहरीले असर छोड़ते हैं। स्पेनिश नेशनल रिसर्च काउंसिल द्वारा किए गए एक शोध में समुद्री कछुओं के पेट और मांसपेशियों में प्लास्टिक यौगिकों के उच्च स्तर पाए गए हैं। पूर्वी स्पेन के कैटलन तट पर और बेलिएरिक द्वीपों में मृत पाए गए लॉगरहेड प्रजाति के 44 समुद्री कछुओं के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आए। इनके शरीर में मौजूद यौगिक हार्मोन सिस्टम, न्यूरोलॉजिकल और कैंसरजनक गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। महासागरों में प्लास्टिक पहुंचने का सबसे बड़ा जरिया नदियां हैं। हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा नदियों के जरिए समुद्रों तक पहुंचता है। प्लास्टिक वेस्ट मेकर्स इंडेक्स रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में पूरी दुनिया में 130 मिलियन मीट्रिक टन एकल उपयोग वाला प्लास्टिक कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 35 प्रतिशत को ही जलाया गया, 31 प्रतिशत को जमीन में दबाया गया और 19 प्रतिशत को खुले में या समुद्रों में फैंक दिया गया। 'साइंस एडवांसेज' जर्नल में प्रकाशित 'ओ. शियन क्लीनअप' संगठन के अनुसार समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण फैलाने वाली नदियों की संख्या हजारों में है लेकिन केवल एक हजार नदियां ही 80 प्रतिशत प्लास्टिक कचरे के लिए जिम्मेदार मानी जाती हैं। इन नदियों में से अधिकांश छोटी और मध्यम आकार की ही हैं, न कि केवल विशाल नदियां, जैसा पहले माना जाता था। फिलीपींस, चीन, भारत और मलेशिया जैसी देशों की नदियां समुद्रों में प्लास्टिक पहुंचाने के मामले में अग्रणी हैं। अकेले फिलीपींस की 4800 नदियां हर साल 3.5 लाख मीट्रिक टन प्लास्टिक समुद्रों तक पहुंचाती हैं। भारत की 1100 से ज्यादा नदियां हर साल 1.25 लाख टन प्लास्टिक समुद्र में पहुंच. ाती हैं। प्लास्टिक प्रदूषण के अलावा जलवायु परिवर्तन भी महासागरों के लिए खतरा बन चुका है। महासागरों का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण तूफानों की तीव्रता और संख्या में वृद्धि हो रही है। अरब सागर, जो पहले अपेक्षाकृत ठंडा क्षेत्र माना जाता था, अब गर्म हो चुका है। इससे मानसून के पूर्व सत्र में लगातार पांच वर्षों तक चक्रवातों की संख्या में तेजी आई है। आईपीसीसी की जलवायु वैज्ञानिक डॉ। रोक्सी कौल के अनुसार, यह स्थिति जलवायु परिवर्तन के स्पष्ट संकेत हैं और इससे समुद्री पारिस्थितिकी और मानव जीवन दोनों को खतरा है। बहरहाल, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की राय में समुद्रों की निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अधिक कठोर उपाय अपनाने होंगे। प्लास्टिक उत्पादन, खपत और निपटान को नियंत्रित करने के लिए ठोस नीति और जन–जागरूकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। तभी हम आने वाली पीढ़ियों के लिए समुद्रों को सुरक्षित और स्वच्छ बना पाएंगे।

# मुस्लिम युवाओं को शिक्षा व मीडिया से जुड़ने की जरूरत

**एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ–साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं।**



शिबली रामपुरी

मौजूदा दौर में मुसलमानों के सामने कितनी परेशानियां है इसके बारे में सब कुछ आईने की तरह साफ है पॉलिटिक्स से लेकर हर जगह पर उनको कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राजनीति में हार जीत राजनीतिक पार्टियों की और उनके नेताओं की होती है लेकिन निशाने पर मुसलमानों को कई तरीके से लेने का एक चलन सा चल पड़ा है जबकि हकीकत यह है कि मुसलमानों में राजनीतिक तौर पर आज भी उतनी जागरूकता नहीं है कि जितनी होनी चाहिए और इसी का खामियाजा वह लगातार भुगत रहे हैं।

मुस्लिम युवाओं की एक बड़ी आबादी राजनीति में दिलचस्पी तो रखती है और भावनात्मक तौर पर वह नेताओं को वोट भी करती है लेकिन जितनी जागरूकता अपने वोट को लेकर या राजनीतिक पार्टियों में से कौन बेहतर है इसको लेकर होनी चाहिए वैसी जागरूकता अभी तक भी मुस्लिम युवाओं में नहीं आ सकी है या फिर बहुत ही कम देखने को ऐसा मिल रहा है कि जहां पर मुस्लिम युवा बहुत ज्यादा समझदारी के साथ राजनी. ति में हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे हालात में युवाओं को चाहिए कि वह शिक्षा में ज्यादा से ज्यादा अपनी पहुंच बनाएं और बेहतर से बेहतर एजुकेशन हासिल कर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं इसके अलावा उनको मीडिया में भी जाना चाहिए क्योंकि मीडिया आज सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है और मीडिया के माध्यम से ही मुसलमानों के बारे में तमाम तरह की गलतफहमियां फैलाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। टीवी चैनलों की डिबेट का क्या स्तर हो चुका है यह सभी जानते हैं इसके अलावा मुसलमानों के खिलाफ लगातार बयानबाजी का सिलसिला जारी है और मामूली से मामूली बातों पर भी मुसलमानों को बयानबाजी के मामले में निशाने पर ले लिया जाता है और फिर सियासी रोटियां भी सेंकने का काम होता है। एजुकेशन के मामले में तो मुसलमानों में काफी सुधार देखा जा रहा है और लड़कों के साथ–साथ लड़कियां भी शिक्षा के मामले में आगे कदम बढ़ा रही हैं और इस तरफ काफी अच्छे रिजल्ट भी देखने को कुछ सालों में मिले हैं लेकिन यदि हम मीडिया की बात करें तो ऐसा नहीं है कि मीडिया में मुसलमान नहीं हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया में मुसलमानों की भागीदारी की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर कुछ चंद नाम तो मीडिया में मुसलमानों में जरूर नजर आते हैं लेकिन अभी उस स्तर तक मुस्लिम मीडिया में नहीं पहुंच सके हैं कि जितना उनको होना चाहिए हालांकि यह बात भी



अपनी जगह कायम है कि जहां–जहां भी मुसलमानों को मीडिया में मौका मिल रहा है वहां पर वह बेहतरीन काम कर रहे हैं अपने शहर अपने मां–बाप और देश का नाम रोशन करने में खूब मेहनत कर रहे हैं। राजनीति में भी मुस्लिम युवाओं को जाना चाहिए लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए राजनीति से ज्यादा जरूरी एजुकेशन और मीडिया में जाकर मेहनत करना है।

# व्यवस्था के बाहर ही नहीं भीतर भी भरी है कॉकरोच



तनवीर जाफरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 134वें एपिसोड में लोगों से गर्मी से बचाव करने हेतु सावधानी बरतने की अपील की थी। इस अपील में दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलना और चक्कर आने पर छायादार जगह पर लेटना जैसे अनेक देसी उपाय शामिल थे। परन्तु इस अपील के बावजूद गत 6 जून को हजारों छात्रों व युवाओं को दिल्ली की चिलचिलाती धूप में जंतर मंतर पर इकट्ठा होने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह युवा व छात्र देश के शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। जेन जी ने जंतर मंतर पर यह घोषणा की कि यदि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते तो इस तरह के प्रदर्शन देशभर में किए जाएंगे। गौरतलब है कि धर्मेंद्र प्रधान विगत लगभग 5 वर्षों से लगातार भारत सरकार के शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं।

उन्हीं के कार्यकाल के दौरान NEET-UG 2024 जिसकी परीक्षा 5 मई 2024 को निर्धारित थी,का पेपर बिहार में लीक हुआ था। इस मामले में कई आरोपी गिरफ्तार भी हुए थे। अभी पिछले दिनों उन्हीं के कार्यकाल में NEET-UG का पेपर लीक हुआ। इस से दुखी होकर चार छात्रों ने आत्महत्या कर ली और लगभग 22 लाख छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया। हालांकि कांग्रेस ने 2014–2024 तक 25 परीक्षाओं की सूची जारी की है जिसमें बिहार TET-UPSC तथा बिहार, उत्तर प्रदेश व राजस्थान आदि की राज्य स्तर की भर्ती परीक्षाओं में धांधली अथवा पेपर लीक की शिकायत है। इनमें से कई मामले धर्मेंद्र प्रधान के पिछले कार्यकाल यानी 2021–2024 में हुए। ऐसे में



युवा बेरोजगार छात्रों का आक्रोशित होना स्वाभाविक है। अभी पेपर लीक पर युवाओं का आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से सत्ता व व्यवस्था पर फूट ही रहा था कि अचानक भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने गत 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह कह दिया कि कॉकरोच की तरह ऐसे देश के कई युवा हैं, जिन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है। यह युवा आगे चलकर मीडिया, सोशल मीडिया और आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर व्यवस्था पर हमला शुरू कर देते हैं। जस्टिस सूर्यकांत के इस बयान के सार्वजनिक होते ही पहले से ही बेरोजगारी व अनिश्चितता के माहौल में जी रहे देश के युवाओं में स्वभाविक रूप से उबाल आ गया। हालांकि विवाद बढ़ने पर मौके की नजाकत को भांप मुख्य न्यायाधीश ने अपनी सफाई देते हुए कहा कि उनकी बात को तोड़–मरोड़ के पेश किया गया है। उनका निशाना युवा नहीं थे, बल्कि फर्जी डिग्रियों और गलत तरीकों से प्रतिष्ठित पेशों में घुसपैठ कर रहे लोग थे। उन्होंने कहा कि मुझे हर भारतीय युवा पर गर्व है और हर युवा मुझे प्रेरणा देता है और वह युवाओं को विकसित भारत के स्तंभ के तौर पर देखते हैं परन्तु मुख्य न्यायाधीश का स्पष्टीकरण आने तक देश का बेरोजगार युवा और व्यवस्था से नाराज नई युवा पीढ़ी जेन जी आक्रोशित हो चुकी थी। अभिजीत दीपके जोकि पूर्व में आम आदमी पार्टी के साथ एक राजनीतिक संचार रणनीतिकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, ने 16 मई 2026 को सोशल मीडिया पर आधिकारिक रूप से कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से पहले एक मजाकिया ऑनलाइन पेज शुरू किया बाद में यह इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हुआ और देखते ही देखते मात्र चार दिन में इस पेज ने रिकार्ड 44 लाख से अधिक युवा समर्थक जुटा लिए। इंस्टाग्राम पर तो सिर्फ 5 दिन में 1.87 करोड़ फॉलोवर्स हो गए। इस अभियान से भयभीत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर इसका ट्विटर अकाउंट भारत में ब्लॉक करवा दिया।

जस्टिस सूर्यकांत द्वारा देश के युवाओं को काकरोच अथवा परजीवी कहे जाने के बाद व अपने इस बयान पर सफाई दिए जाने के बावजूद कॉकरोच की परछाई उनका पीछा नहीं छोड़ रही है। गत 4 जून को लंदन विश्वविद्यालय के बर्कबेक कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अंतर्राष्ट्रीय कानून विषय पर आयोजित एक व्याख्यान में कई प्रतिभागियों ने भारत में लोकतंत्र के रिकॉर्ड और असहमति के प्रति बढ़ती शत्रुता को लेकर जस्टिस सूर्यकांत के समक्ष सवाल उठाया। यह हंगामा भी जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच बताने वाले बयान से जुड़ा है। गोया भारतीय युवाओं का आक्रोश अब भारत से बाहर भी नजर आने लगा है। युवाओं का गुस्सा केवल कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के रूप में दिल्ली में ही नहीं फूटा बल्कि कांग्रेस, युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भी राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन कर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री की प्राथमिकता पारदर्शी व साफ सुथरी परीक्षाएं कराना नहीं बल्कि शिक्षा जैसे नाजुक व गंभीर क्षेत्र में भी अपना एजेंडा लागू करना है। इसी एजेंडे के तहत कहीं पाठ्यक्रमों में व्यापक बदलाव किया जा रहा है तो कहीं इतिहास को ही बदलने की कोशिश की जा रही है। कहीं सर्वधर्म समभाव व साम्प्रदायिक सौहार्द की सीख देने वाले अध्यायों को पाठ्यक्रमों से निकाला जा रहा है तो कहीं पाठ्यक्रमों में आधुनिक विज्ञान, प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के बजाय धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त विशेष विचारधारा के अनेक अयोग्य लोगों को वॉइस चांसलर जैसे पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। मिसाल के तौर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर, उत्तर प्रदेश) के इसी तरह के एक पूर्व वाइस चांसलर का नाम डॉ. राजाराम यादव था। जिन्होंने छात्रों को भीख मांगने को रोजगार बताया था। उन्होंने कहा था कि बेरोजगार युवा ट्रेन में खंजरी बजाकर भीख मांग कर कमाई कर सकते हैं।

# ट्रम्प ने भारत में बाइक चलाने का एआई वीडियो शेयर किया

**■ शेर की सवारी करते दिखे अमेरिकी राष्ट्रपति चांद पर झंडा भी लगाया**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर एक एआई-जनरेटेड वीडियो शेयर किया। करीब एक मिनट के इस वीडियो में ट्रम्प कभी भारत की सड़कों पर बाइक चलाते दिखते हैं, तो कभी शेर की सवारी करते नजर आते हैं।

वीडियो में ट्रम्प के कई अलग-अलग अवतार दिखाए गए हैं। उन्हें रेगिस्तान में ऊंट पर बैठे, पैराग्लाइडिंग करते और स्पेससूट पहनकर चांद पर अमेरिकी झंडा लगाते हुए भी दिखाया गया है। इतना ही नहीं, उनका चेहरा पिज्जा, बस, होर्डिंग, माउंट रशमोर और नार्दर्न लाइट्स पर भी नजर आता है। वीडियो के बैकग्राउंड में एक गाना चलता है, जिसके बोल ट्रम्प की तारीफ पर केंद्रित हैं। इसमें बार-बार कहा जाता है कि दुनिया भर के लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं और उनका समर्थन करते हैं। वीडियो के गाने में दावा किया गया है कि मेक्सिको, मिडिल ईस्ट, चीन और भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में लोग ट्रम्प को पसंद करते हैं। महज एक मिनट लंबे वीडियो में 'ट्रम्प' शब्द 45 बार और 'डोनाल्ड' नाम 29 बार सुनाई देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कि एवरीबडी लव्स डोनाल्ड ट्रम्प नाम का यह गाना ट्रुथ सोशल पर 'एसी132' नाम के यूजर ने बनाया था। वीडियो के आखिर में इसका क्रेडिट एंथनी कान्स्टैंटिनो को दिया गया है, जो न्यूयार्क से ट्रम्प समर्थित रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।

# उत्तर कोरिया ने अमेरिका को दी खुली चुनौती

## किम जोंग उन की बहन बोलीं: परमाणु हथियार नहीं छोड़ेंगे

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अमेरिका को खुली चुनौती देते हुए साफ कर दिया है कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बंद नहीं करेगा। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने अमेरिका की परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग को पुराना और अव्यावहारिक सपना बताया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से मिल रहे खतरे के बीच उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु हथियारों को मजबूत करेगा। इस बयान ने एक बार फिर कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ा दिया है। किम जोंग उन की बहन और उत्तर कोरिया की वरिष्ठ नेता किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी है और अमेरिका की तरफ से इसे बदलने की कोशिश का कोई कानूनी महत्व नहीं है।



उन्होंने अमेरिका के उस दावे को भी खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अभी भी पुराने दौर की सोच में फंसा हुआ है। उत्तर कोरिया अब पीछे हटने वाला नहीं है और अपनी सुरक्षा के लिए परमाणु ताकत बढ़ाता रहेगा। उत्तर कोरिया

**■ उत्तर कोरिया को परमाणु शक्ति राष्ट्र के रूप में मान्यता मिल चुकी**

लगातार अपने परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम को मजबूत कर रहा है। साल 2019 में ट्रंप और किम जोंग उन के बीच बातचीत विफल होने के बाद उत्तर कोरिया ने हथियार कार्यक्रम को और तेज कर दिया था। हाल ही में किम जोंग उन ने एक परमाणु सामग्री उत्पादन संयंत्र का दौरा किया था। वहां उन्होंने कहा था कि देश की परमाणु ताकत को तेजी से कई गुना बढ़ाया जाएगा। रविवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन ने एक हथियार फैक्ट्री का भी दौरा किया और मिसाइल उत्पादन क्षमता को ढाई गुना बढ़ाने का आदेश दिया। यह बयान ऐसे समय आया है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग उत्तर कोरिया के दौरे पर जाने वाले हैं। माना जा रहा है कि चीन इस दौरे के जरिए उत्तर कोरिया पर अपना प्रभाव फिर मजबूत करना चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन सीधे परमाणु निरस्त्रीकरण का मुद्दा नहीं उठाएगा बल्कि आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देगा। दूसरी तरफ उत्तर कोरिया रूस के और करीब जाता दिख रहा है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया का आरोप है कि उत्तर कोरिया ने रूस को यूक्रेन युद्ध में मदद के लिए हथियार और सैनिक भेजे हैं। इसके बदले रूस से उसे आर्थिक और सैन्य सहायता मिल रही है। किम यो जोंग ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर लगातार हथियार बढ़ाने का आरोप लगाया।

# ट्रम्प की टेक टीम को बड़ा झटका

**■ व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार श्रीराम कृष्णन देंगे इस्तीफा**

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नीति के प्रमुख सलाहकार रहे भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन जून के अंत में अपना पद छोड़ देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के कार्यकाल में एआई रणनीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले कृष्णन ने खुद सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अब वह अमेरिका के सामने एआई से जुड़े बड़े मुद्दों पर नए स्तर पर काम करेंगे। उनके इस्तीफे को ट्रम्प प्रशासन की टेक नीति के लिए बड़ा घटनाक्रम माना जा रहा है। श्रीराम कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा। उन्होंने कहा कि वह जून के आखिर में अपना पद छोड़ देंगे और कुछ समय के ब्रेक के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लिए एआई से जुड़े बड़े संस्थागत काम करेंगे। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व के बिना अमेरिका एआई की वैश्विक दौड़ में आगे नहीं होता। कृष्णन ने अपने 18 महीने के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने अमेरिकी एआई एक्शन प्लान तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही उन्होंने एआई एक्सेलेरेशन पार्टनरशिप, राष्ट्रीय एआई नीति फ्रेमवर्क और एआई से जुड़े कई अंतर्राष्ट्रीय समझौतों पर काम किया। उन्होंने फ्रांस, भारत, ब्रिटेन और मध्य पूर्व में आयोजित एआई बैठकों का भी जिक्र किया। श्रीराम कृष्णन ट्रम्प प्रशासन की उस टीम का हिस्सा थे जिसने अमेरिका में एआई सेक्टर के विस्तार के लिए रोडमैप तैयार किया। उन्होंने डेटा सेंटर बढ़ाने, एआई निवेश को आसान बनाने और नियमों में ढील देने जैसी नीतियों पर काम किया।

# अमेरिका ने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन गिराए

## ईरान का आरोप: अमेरिका ने सीजफायर तोड़ा, इजरायल पर आतंकी हमला, एक की मौत

**तेल अवीव/तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने आज होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकोम) के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की।

सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका पर सीजफायर तोड़ने का आरोप लगाया। ईरानी फारेन मिनिस्ट्री का कहना है कि अमेरिका तनाव कम करने के बजाय अपनी सैन्य कार्रवाई से पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

**■ इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत**

दूसरी तरफ सेंट्रल इजरायल में आज एक पेट्रोल पंप हुए आतंकी हमले में एक शख्स की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हैं। मेडिकल अधिकारियों के अनुसार, इनमें एक की हालत गंभीर है। लेबनान में मौतों का आंकड़ा 3,593 पहुंचा, 2 मार्च से जारी इजरायली हमलों में अब तक 3,593 लोगों की मौत और 10,990 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 35 लोगों की जान गई और 120 घायल हुए। शनिवार को इजरायली हमलों में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल समेत 12 लोगों की मौत हुई। हमलों के बाद कई इलाकों में लोगों को घर खाली करने के



आदेश दिए गए। तेहरान ने आरा.प लगाया कि अमेरिका ने सीरिक और केश्म द्वीप पर तटीय रडार ठिकानों पर हमला कर युद्धविराम का उल्लंघन किया। ईरान ने कहा कि इसके बाद पैदा होने वाले हालात की जिम्मेदारी अमेरिका की होगी। संभावित शांति समझौता ईरान की 24 अरब डॉलर (करीब 2.29 लाख करोड़) की फीज संपत्ति जारी होने पर टिका है। ईरान चाहता है कि समझौते के साथ ही 12 अरब डॉलर जारी किए जाएं, जबकि अमेरिका इस पर अभी सहमत नहीं है। ईरान ने कहा है कि अमेरिका के साथ बातचीत में सबसे बड़ी परेशानी उसका बार-बार बदलता रुख है।

ईरान का कहना है कि अमेरिकी अधिकारी अलग-अलग बयान देते हैं, जिससे किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा कि दोनों देशों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से मैसेज का एक्सचेंज जारी है, लेकिन बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है। बगाई ने कहा कि अमेरिका को ईरान के अधिकारों को स्वीकार करना होगा।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत ईरान को शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम चलाने और यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। ईरान ने यह भी मांग दोहराई कि विदेशों के बैंकों में जमा उसके अरबों डॉलर के फंड पर लगी रोक हटाई जाए और यह पैसा ईरान को वापस दिया जाए। उनका कहना है कि अमेरिका राहत देने की बात तो करता है, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उसने होर्मुज में दो ईरानी ड्रोन मार गिराए हैं। सेना का कहना है कि ये ड्रोन वहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए खतरा बन रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (रसेंटकोम) के मुताबिक, मध्य पूर्व में तैनात अमेरिकी सैनिकों ने शनिवार को यह कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वह इलाके में किसी भी तरह के खतरे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले शनिवार को भी अमेरिका ने चार ईरानी ड्रोन मार गिराने का दावा किया था। लगातार दूसरे दिन ड्रोन गिराए जाने के दावे के बाद होर्मुज में तनाव और बढ़ गया है। सेंट्रल इजरायल के कोखाव याइर स्थित पेट्रोल पंप पर हुई गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया हथियार पुलिस ने बरामद कर लिया है। राहत एजेंसियों के मुताबिक, हमला सिर्फ कोखाव याइर में नहीं बल्कि पास के त्जूर नातान और त्जूर यित्ज़हाक कस्बों में भी हुआ। पुलिस ने बताया कि एक दूसरे संदिग्ध को पकड़ लिया गया है। इसके बाद भी पुलिस, सेना और विशेष सुरक्षा टीमें इलाके में बाकी संदिग्धों की तलाश कर रही हैं।




आंध्र प्रदेश। श्री सत्य साई जिले में स्थित प्रशांति निलयम के दौरे के दौरान लोगों के साथ प्रार्थना करती बोलिवेरियन गणराज्य वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिग्ज गोमेज।

# अमेरिकी फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 लोग घायल

**टोलेडो।** अमेरिका में ओहायो राज्य के टोलेडो शहर में आयोजित ओल्ड वेस्ट एंड फेस्टिवल के दौरान कम से कम 12 लोगों को गोली मार दी गई, जिनमें दो की हालत गंभीर है। ओहायो के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। यह गोलीबारी ऐसे समय में हुई जब पूरे अमेरिका में बंदूक हिंसा को लेकर अधिकारी और समुदाय चितित हैं। टोलेडो पुलिस विभाग ने बताया कि 10 लोगों की हालत स्थिर है, जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई है। टोलेडो पुलिस के डिप्टी चीफ जो हेफरनन ने कहा कि ऐसा लगता है कि दो शूटर थे जो 'शायद एक-दूसरे पर गोली चला रहे थे' और उनमें से कोई भी अभी हिरासत में नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक गोलियों की तेज आवाज सुनकर फेस्टिवल में आए लोग घबराकर ऐतिहासिक इलाके में भागने लगे। गोलीबारी से घबराई भीड़ चिल्ला रही थी और फूड ट्रकों तथा गोल्फ कार्ट के बीच छिपने की कोशिश कर रही थी। टोलेडो के मेयर वेड कैप्सजुकिविज ने कहा कि सभी घायलों की हालत बेहतर हैं।

# कनाडा ने टेक्सास के मवेशियों पर लगाया प्रतिबंध

**■ अमेरिकी मवेशियों में 'स्क्रूवर्म' मिलने के बाद खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने लिया फैसला**

**ओटावा/वॉशिंगटन।** कनाडा की खाद्य निरीक्षण एजेंसी ने बछड़ों में मांस खाने वाले 'स्क्रूवर्म' (एक प्रकार का परजीवी) मिलने के बाद अमेरिकी राज्य टेक्सास से आने वाले मवेशियों पर अस्थाई प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी राज्य टेक्सास के ला प्रियोर शहर और जवाला काउंटी में बछड़ों के भीतर ये स्क्रूवर्म मिला है।

इसके मद्देनजर टेक्सास में भी आपदा घोषित कर दिया गया है। एजेंसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कनाडा की सीमा पार करने से पहले 21 दिनों के भीतर जो भी गाय और घोड़े टेक्सास में रहे होंगे, उन्हें देश में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह घोषणा अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के उस बयान के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका के सबसे बड़े गोमांस और मवेशी उत्पादक राज्य टेक्सास में दो अलग-अलग बछड़ों में यह परजीवी पाया गया है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने इस प्रकोप से पैदा हुए 'आसन्न खतरे' के मद्देनजर शुक्रवार को आपदा की घोषणा कर दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि ग्रीष्मकालीन सत्र के दौरान इसके और फैलने की आशंका है। 'न्यू वर्ल्ड स्क्रूवर्म' एक परजीवी मक्खी है, जिसकी मादा जीवित गर्म खून वाले जानवरों और इंसानों के खुले घावों व लेष्मा झिल्ली में अंडे देती है। जब इन अंडों से लार्वा निकलते हैं, तो सैकड़ों की संख्या में ये नुकीले मुंह वाले लार्वा मांस को कुतरते हुए भीतर तक रास्ता बना लेते हैं। यदि समय पर इसका इलाज न किया जाए, तो अंततः संक्रमित जीव की मौत हो जाती है।

# अमेरिका में भारत के आईटी प्रोफेशनल की हत्या

## हमलावरों ने फेक पिज्जा ऑर्डर देकर बुलाया, फिर सिर में गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में तेलंगाना के 28 साल के भारतीय युवक अंशुल कुंचा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि यह कोई लूटपाट नहीं बल्कि पहले से रची गई साजिश थी। उनका कहना है कि अंशुल को एक फेक पिज्जा आर्डर देकर सुनसान इलाके में बुलाया गया और वहां पहुंचते ही हमलावरों ने उनके सिर में गोलियां मार दीं।

शनिवार देर रात उन्हें फिलाडेल्फिया के रेमंड रोसेन होम्स नामक हाउसिंग काम्प्लेक्स के एक पते पर पिज्जा पहुंचाने का आर्डर मिला। जब वह वहां पहुंचे तो वहां कोई ग्राहक मौजूद नहीं था। इसी दौरान दो अज्ञात हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया और उनके सिर में कई गोलियां मार दीं। हमलावर वारदात के बाद मौके से



**■ हमलावर वारदात के बाद मौके से फरार हो गए**
**■ अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे**

फरार हो गए। अमेरिका में अच्छी नौकरी होने के बावजूद अंशुल एक्स्ट्रा कमाई के लिए वीकेंड पर पिज्जा डिलीवरी का पार्ट-टाइम काम करते थे। अंशुल ने बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स की पढ़ाई पूरी की थी। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलाडेल्फिया हाउसिंग अथारिटी के सीसीटीवी कैमरों में अंशुल पिज्जा लेकर जाते हुए दिखाई देते हैं। फुटेज में उनके पीछे काले कपड़े पहने और बैकपैक लिए दो लोग भी नजर आते है पुलिस इन्हीं तस्वीरों के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है। हालांकि ये फुटेज सार्वजनिक नहीं की गई है। अंशुल की बहन तन्वी का कहना है कि यह पूरी तरह एक जाल था। उन्होंने कहा कि जिस जगह पिज्जा पहुंचाने के लिए बुलाया गया, वहां कोई नहीं था। बाद में पता चला कि वह सिर्फ एक फर्जी आर्डर था। मेरे भाई को सिर्फ मारने के लिए वहां बुलाया गया था। हमें नहीं पता कि हमलावरों को इससे क्या मिला, लेकिन उन्होंने हमारे भाई की जान ले ली। परिवार ने विदेश मंत्रालय से अंशुल का पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने की अपील की है। तन्वी ने कहा कि अधिकारियों ने सोमवार तक शव सौंपने की बात कही है, लेकिन परिवार चाहता है कि प्रक्रिया जल्दी पूरी हो ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी सजा की भी मांग की। मीडिया से बातचीत में तन्वी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मेरा भाई अमेरिका जाना ही नहीं चाहता था, लेकिन परिवार के कहने पर वह वहां गया।

# मेजर अभिलाषा बराक को मोदी ने दी बधाई

**■ संयुक्त राष्ट्र के सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार से सम्मानित हो पर उपलब्धि की सराहना की**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के 'मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्ट सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता बताया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी संदेश में मेजर बराक की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि वैश्विक शांति स्थापना में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेजर अभिलाषा बराक को बधाई। मेजर बराक वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल लेबनान (यूएनआईएफआईएल) में एंगेजमेंट टीम कमांडर और जेंडर फोकल प्वाइंट के रूप में सेवाएं दे रही हैं। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट सेवा के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में भारत के लंबे समय से चले आ रहे योगदान की भी पहचान है।

# गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में मतदान जारी

## एसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ा, वजीरिस्तान में गोलीबारी, पांच की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थानीय संगठन जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद प्रशासन ने शनिवार को उसके दर्जनों सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को संगठन को गैरकानूनी घोषित किया था।


प्रशासन द्वारा जुलाई में आम चुनाव कराने की घोषणा के बीच जेएएसी ने अपनी मांगों को लेकर 9 जून को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके बाद सरकार ने संगठन पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी। पिछले वर्ष जेएएसी और उसके विरोधी समूहों के बीच हुए प्रदर्शनों और जवाबी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा भड़क गई थी,



**■ संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था**

जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी और अनेक घायल हुए थे। संगठन 38 सूत्रीय मांगपत्र को लागू करने की मांग कर रहा था। इनमें सस्ती दरों पर आटा और बिजली उपलब्ध कराना तथा क्षेत्रीय विधानसभा में कश्मीरियों के लिए आरक्षित 12 सीटों को समाप्त करना शामिल था। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को रावलाकोट में गोलीबारी की एक घटना में जेएएसी के एक सदस्य की मौत के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया। गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि जेएएसी को अवैध घोषित किए जाने के बाद उससे जुड़े लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन की घोषणा के कारण क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर विश्वविद्यालय और मीरपुर इंटरमीडिएट बोर्ड ने 8 जून से शुरू होने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। संभावित विरोध प्रदर्शन से निपटने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त सुरक्षा बलों की मांग की है। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के भारतीय क्षेत्रों के एक हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है।

गुप्त समस्याएं
बचपन की गलतियाँ
धात, स्वपनदोष, नामर्दी, शीघ्रपतन
लिंगदोष, वीर्यदोष, नसों में ढीलापन ल्यूकोरिया, शुक्राणुहीनता, पेशाब रोग
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नुमाईश ग्राउंड के ठीक सामने मेरठ रोड, मुजफ्फर नगर
M-9359406499



NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004